हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 02.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 12 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये




**एक नजर**

### पुलिस ने 1.65 करोड़ का अफीम डोडा किया बरामद



**खूंटी** : जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात खूंटी थाना क्षेत्र के सिलादोन इलाके में छापेमारी कर लगभग एक करोड़ 65 लाख मूल्य का अवैध अफीम डोडा बरामद किया है। एक एलपी ट्रक पर लदे लगभग 1100 किलोग्राम डोडा को पुलिस ने जब्त कर लिया। इसे नशा के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है। यह जानकारी शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने दी।
एसपी ने बताया कि अफीम डोडा को रसायनयुक्त बोरियों में भर कर दूसरे राज्य में भेजा जा रहा था। एसपी ने बताया कि उन्हें बुधवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि सिलादोन इलाके से अफीम डोडा की बड़ी खेप ट्रक के जरिए तस्करी की जा रही है। इस पर एसपी ने खूंटी सदर थाना प्रभारी मोहन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस टीम जब सिलादोन पहुंची, तो उन्हें एक एलपी ट्रक आता दिखा। पुलिस को देखकर ट्रक सवार तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। ट्रक की तलाशी लेने पर पुलिस ने पाया कि उसमें भरे केमिकल पाउडर की बोरियों के बीच अफीम डोडा छिपाकर रखा हुआ है। इसके बाद ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया और गुरुवार को जब्ती की औपचारिक प्रक्रिया पूरी करते हुए डोडा की मापी की गई। उन्होंने कहा कि डोडा जब्ती से जुड़े तस्करों की तलाश तेज कर दी गई है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

### विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज, स्पीकर ने की गुरुजी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना

# स्वस्थ बहस और रचनात्मक आलोचना का मंच बने सदन : रबींद्र नाथ महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए लोकतंत्र की आदर्श परंपराओं के निर्वाह, सदन में रचनात्मक संवाद और सहभागिता की अहमियत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आम जन की आकांक्षाओं की पूर्ति ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोकतंत्र तभी सफल होता है, जब हम सभी अपने दायित्वों का समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि संवाद, सहमति और सहभागिता से ही सदन जनता की अपेक्षाओं का प्रतीक बनता है।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि



लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं है, बल्कि अल्पमत का सम्मान भी जरूरी है। सदन को स्वस्थ बहस, रचनात्मक आलोचना और विचार-विमर्श का मंच बनना चाहिए।
स्पीकर ने सत्र के कार्यक्रम की आधिकारिक सूचना सदस्यों के साथ साझा की। सत्र सात अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस निर्धारित किए गए हैं। चार अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। पांच अगस्त को प्रश्नकाल के बाद अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। छह अगस्त को प्रश्नकाल और राजकीय विधेयकों पर विचार किया जाएगा। सात अगस्त को प्रश्नकाल के बाद राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी।
विधानसभा अध्यक्ष ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बीते करीब एक माह से अस्वस्थ होने का जिक्र किया और उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में शामिल हुए सीएम हेमन्त व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल



**रांची** : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की शुरूआत सोमवार को हुई। सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों, प्रश्नकाल और अन्य विधायी कार्यों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सत्र के सुचारु संचालन को लेकर रणनीति भी बनाई गई। कार्यमंत्रणा समिति की यह बैठक मॉनसून सत्र के प्रभावी और व्यवस्थित संचालन की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।



नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर, जगन्नाथपुर, रांची में आयोजित "76वें राज्यव्यापी वन महोत्सव–2025" में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

## अनिल अंबानी के खिलाफ ईडी की मांग पर लुकआउट सर्कुलर जारी

एजेंसी

**मुंबई** : जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया। प्रवर्तन निदेशालय कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े एक गंभीर मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। यह कार्रवाई एजेंसी द्वारा की जा रही एक जांच के तहत की गई है, जिसमें अंबानी पर बैंकों से लिए गए हजारों करोड़ रुपये के लोन के दुरुपयोग का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने यह सर्कुलर इसलिए जारी करवाया ताकि अनिल अंबानी देश से बाहर न जा सकें और जांच में सहयोग करें।
जांच एजेंसी ने अंबानी से कुछ मामलों में पूछताछ भी की है, जिसमें उनके समूह की कंपनियों द्वारा लिए गए लोन और उनके उपयोग के तरीकों की जानकारी जुटाई जा रही है। यह मामला कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दी गई ऋण राशि की वसूली में अनियमितताओं से जुड़ा है।

## 9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति पद का चुनाव निर्वाचन आयोग ने जारी किया नोटिफिकेशन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को चुनाव होगा। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोग के अनुसार उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अधिसूचना सात अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी।
निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव का परिणाम मतदान के दिन नौ सितंबर को ही घोषित कर दिया जाएगा। बता दें कि उपराष्ट्रपति पद 22 जुलाई को निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हो गया था।
चुनाव आयोग के नोटिस के अनुसार, 7 अगस्त को इस चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होगी।




नामाकंन 21 अगस्त तक किया जा सकता है। नामांकन पत्र की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। नामाकंन वापस लेने की तारीख 25 अगस्त है। अगर जरूरी हुआ तो 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के लिए वोटिंग होगी। वोटिंग सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक होगी। 9 सितंबर के ही दिन काउंटिंग भी होगी और विजेता के नाम का ऐलान किया जाएगा। धनखड़ के इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए गुरुवार को चुनाव आयोग ने निर्वाचक मंडल की सूची तैयार कर ली थी। यह सूचना आयोग ने एक्स के जरिए साझा की। उसी समय कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जल्द ही तारीखों का ऐलान हो सकता है।
चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची तैयार कर ली गई है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग को उपराष्ट्रपति के चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है।

### धनबाद आईआईटी (आईएसएम) का 45वां दीक्षांत समारोह, राष्ट्रपति ने छात्रों को सौंपी डिग्री

## विकसित राष्ट्र के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) (आईएसएम) के 45वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया और 37 गोल्ड मेडलिस्ट छात्र-छात्राओं को मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं। उन्होंने संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी किया। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सबसे पहले यहां मौजूद छात्र-छात्राओं को बधाई दी, साथ ही उनके



अभिभावकों और शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा का आज का दिन इन छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज से ये एक नई यात्रा की शुरूआत कर रहे है, जो नौकरी, उच्च शिक्षा, नवाचार या उद्यमिता की दिशा में हो सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहा कि आगे जीवन में वह व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि सामूहिक विकास के लिए प्रयास करें, तभी वर्ष 2047 तक हमारा विकसित राष्ट्र का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।
राष्ट्रपति ने आईआईटी (आइएसएम), धनबाद के लगभग 100 वर्षों की गौरवशाली विरासत पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य खनन एवं भू-विज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञ तैयार करना था, लेकिन समय के साथ संस्थान ने अपने शैक्षणिक दायरे को बढ़ाया और अब यह संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में भी उच्च शिक्षा और अनुसंधान का एक अग्रणी केंद्र बन चुका है।
झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का झारखंड से घनिष्ठ संबंध है। क्योंकि 6 वर्षों से ज्यादा वह यहां के राज्यपाल के तौर पर रहीं और यहां के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दीक्षांत समारोह के दौरान अपने संबोधन में कहा कि हमें अर्थनीति में अग्रणी होना है, लेकिन अपने मूल्यों से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने 'वसुदेव कुटुंबकम' की बात करते हुए छात्रों से भारतीय जीवन दर्शन को अपनाने का आह्वान किया।

# शाहरुख खान संग विक्रांत मैसी बने बेस्ट एक्टर बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब रानी मुखर्जी के नाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड के विजेताओं का ऐलान शुरू हो चुका है, जो साल 2023 के लिए है। शाहरुख खान को 'जवान' और विक्रांत मैसी को '12वीं फेल' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। रानी मुखर्जी को 'नॉर्वे वर्सेज मिसेज चटर्जी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में शाम 6 बजे से जूरी मेंबर्स ने विजेताओं का ऐलान किया। विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' ने बेस्ट मेकअप और बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनर सहित 3 कैटेगरी में अवॉर्ड अपने नाम



किए। विक्रांत मैसी को फिल्म '12वीं फेल' के लिए सराहना मिली थी। वरिष्ठ पत्रकार सुभाष के झा ने एक सूत्र के हवाले से कहा, 'विक्रांत मैसी की परफॉर्मेंस '12वीं फेल' में उन्हें नेशनल पुरस्कार दिला रहा है, यह तय है।' सूत्र ने यह भी बताया, 'बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल पुरस्कार के लिए रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' में अपने रोल के लिए मजबूत दावेदार हैं और साउथ सिनेमा की दो एक्ट्रेसेज भी इस दौड़ में हैं।'
विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म '12वीं फेल' ने बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता है। 12वीं फेल आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन की कहानी है।

#### विक्रांत मैसी ने अहम किरदार निभाया है

सुदीप्तो सेन ने 'केरल स्टोरी' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड जीता है। सपोर्टिंग रोल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड उर्वशी को उल्लोजुक्कु (अंडरकरंट) और जानकी बोडीवाला को वश (हिप्नोसिस) के लिए दिया गया है। सपोर्टिंग रोल में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार भी दो सितारों- विजयाराघवन को 'पूकालम' और मुथुपेट्टई सोमु भास्कर को 'पार्किंग' के लिए दिया गया।
बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का अवॉर्ड 'गांधी तथा चेत्तु' के लिए सुकृति वेनी, 'जिप्सी' के लिए कबीर खंडारे और 'नाल 2' के लिए तृषा थोसर, श्रीनिवास पोकले और भार्गव जगताप ने जीता है। बेस्ट चिल्डरन फिल्म अवॉर्ड भी 'नाल 2' ने जीता है। विक्रांत मैसी के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतना एक सपने का सच होने जैसा है। एक्टर ने बताया था, मैं बचपन से एक्टर बनना चाहता था, मैंने हमेशा नेशनल अवॉर्ड जीतना चाहा, क्योंकि यह भारत में एक एक्टर के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है, राष्ट्रपति द्वारा अवॉर्ड मिलना। नेकल (मलयालम) का अवॉर्ड शो में विशेष मेंशन हुआ। बेस्ट संगीत निर्देशक का पुरस्कार THE FIRST FILM (हिंदी) को मिला।

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

एजेंसी

**मैनपुरी** : उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में एक बेहद दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ है। बेवर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर एक बेकाबू कार के ट्रक से टकराने के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक छोटी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना तब हुई जब परिवार आगरा में जन्मदिन की पार्टी मनाकर छिबरामऊ लौट रहा था।

#### कैसे हुआ हादसा?

पुलिस के अनुसार, यह हादसा बुधवार को हुआ। एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए सामने से आ रहे एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी



भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वह दो हिस्सों में बंट गई। इस हादसे में कार में सवार पाँच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के सदस्य शामिल थे।

#### यातायात बाधित, घंटों लगा रहा जाम

हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस वजह से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जाम खुलवाकर यातायात को दोबारा सुचारू रूप से शुरू कराया। इस हादसे में कार सवार एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# हजारीबाग में समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने दी सख्त हिदायत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों का आधार सत्यापन एवं फेस ऑथेंटिकेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, ओल्ड कैश पेंडेंसी, पोषण अभियान अंतर्गत फेशियल रिकॉग्नाइजेशन सिस्टम की वर्तमान स्थिति, कुपोषित एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या, सम्मर अभियान, उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की भौतिक स्थिति, बिजली, गैस, शौचालय एवं पेयजल कनेक्शन की उपलब्धता, सावित्रीबाई फुले एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, तथा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन की स्थिति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने बैठक में कम प्रगति वाले प्रखंडों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तेज गति से लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपेक्षाकृत पिछड़े प्रखंडों में फिजिकल निरीक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने, पोषण वाटिका के क्रियान्वयन हेतु सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में मनरेगा योजना से एवं शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में हार्टिकल्चर विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करने, तथा शौचालय विहीन केंद्रों में जल्द से जल्द शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि योग्य लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अभी तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, वहां शीघ्र कनेक्शन कराने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सम्मर अभियान के कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर कार्य प्रगति धीमी है, वहां नियमित समीक्षा करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाए एवं प्रगति में सुधार लाया जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय, विभिन्न अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में पेंशनधारियों का ई-केवाईसी शुरू

**बड़कागांव :** पश्चिमी पंचायत में पेंशनधारियों का किया गया ई केवाईसी, प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव के दिशा निर्देश पर वैसे पेंशनधारी जिनका पेंशन काफी महीनों से रुका हुआ था उनकी ई केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। आपको बता दें कि सरकार के द्वारा वैसे पेंशनधारी जिनका काफी महीनों से पेंशन रुका हुआ है उनकी ई केवाईसी हेतु सभी पंचायत को सूची जारी कराया गया है। पूरे प्रखंड में 3940 वृद्धा पेंशन को केवाईसी कराना है। जिसका अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित है। जिसके तहत शुक्रवार को बड़कागाँव पश्चिमी पंचायत में लगभग 26 पेंशनधारियों का ई केवाईसी किया गया। केवाईसी कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी चायत सेवक अशोक नारायण तिवारी पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक नूतन कुमारी, स्वयंसेवक राजू कुमार पवनपुरी, रंजीत कुमार, चिंता कुमारी सुमित सैकड़ो पेंशनधारी उपस्थित थे।

### बारिश से ढहा मकान पीड़ित ने मांगा मुआवजा



**चौपारण :** ग्राम पंचायत बच्छई निवासी भीखन यादव, पिता स्वर्गीय झल्लू यादव का कच्चा मकान बुधवार की रात भारी बारिश के कारण अचानक गिर गया। गनीमत रही कि घर में बंधे गाय-बैल समय रहते बाहर निकल आए, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। घटना के बाद परिवार दहशत में है और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा और सहायता की मांग की है। युवा वार्ड सदस्य सुजीत कुमार यादव और ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र मदद उपलब्ध कराने की अपील की है।

### केबीएसएस +2 हाई स्कूल में प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**चौपारण :** प्रखंड के चौपारण-चतरा मोड़ स्थित संचालित केबीएसएस +2 हाई स्कूल में गुरुवार को प्रबंधन समिति का बैठक की गई। अध्यक्षता प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिलीप राणा एवं संचालन प्राचार्य कालीचरण राम ने किया। लंबे समय के बाद बैठक होने के कारण सबसे पहले एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया गया। उसके बाद मुख्य बिंदु विद्यालय विकास, पठन-पाठन, बेहतर शैक्षणिक माहौल सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिसमें विद्यालय के आगे चारदीवारी के साथ अवैध तरीके से दुकान संचालित कर कचरा फैलाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए कई बार हिदायत किया जा चुका है, पर कोई फर्क नही पड रहा है। इसपर रणनीति बना कर करवाई करना जरूरी है। प्राचार्य राम ने कहा कि अगली बैठक 12 अगस्त को की जाएगी, जिसमे हर एक बिंदुओं पर लिखित शिकायत कर करवाई करवाकर समाधान निकाला जाएगा। मौके प्राचार्य कालीचरण राम, एसएमसी अध्यक्ष दिलीप राणा, शिक्षक महेश प्रसाद वर्णवाल, नागेश्वर वर्मा, राजेन्द्र कुमार, महेश महतो, शिव कुमार, संजय कुमार राम, राजा राम रवि, राधा कृष्ण पाठक, विजय कुमार, अमित रंजन सिंह, विवेक कुमार, सुलेखा कुमारी, सुभाषिनी कुमारी, रेशमी कुमारी, सुषमा कुमारी, कमाल अहमद अंसारी, दीपक गुप्ता इत्यादि।

## नॉर्थ उरीमारी बना झारखंड का पहला माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** झारखंड पर्यटन विभाग ने सीसीएल की साझेदारी से माइनिंग टूरिज्म की दिशा में बहुत बड़ी पहल करते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। हजारीबाग जिला अंतर्गत के चर्चित प्रखंड बड़कागांव में सबसे पहला उरीमारी कोयला खनन परियोजना खुला। और वह भी उसे समय जब दामोदर नदी में पुल तक नहीं था। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के नॉर्थ उरीमारी (बिरसा) परियोजना पहले कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता था। और कई मामलों में हमेशा चर्चा में रहा है पर अब इस परियोजना की एक अलग पहचान होगी। लोग अब यहां आकर माइनिंग टूरिज्म का भरपूर आनंद लेकर अनुभव प्राप्त करेंगे। और इसकी शुरूआत भी हो चुकी है।माइनिंग टूरिज्म का अनूठा अनुभव लेने के लिए विभाग की तरफ से मीडिया पर्सनल्स और इन्फ्लूएंसर्स का एक समूह उरीमारी पहुंचा। समूह में दो दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। पर्यटकों ने विभिन्न प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज खूबसूरत झरने आदि का आनंद लेते हुए सीसीएल बरका - सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत बिरसा परियोजना पहुंचे।जहां उन्होंने बिरसा परियोजना की ओपन कास्ट माइंस उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें खनन कार्य , माइनिंग टेक्नोलॉजी और पर्यावरणीय प्रबंधन के संबंध में जानकारी भी दी गई।बताते चलें कि देश में पहली बार माइनिंग टूरिज्म को लेकर झारखंड पर्यटन विकास निगम और सीसीएल ने 5 वर्षों के लिए बीते 21 जुलाई को समझौता किया है। जानकारी के अनुसार फिलहाल यात्रा के दो पैकेज उपलब्ध हैं। एक मानिंग टूर के लिए 2500 + जीएसटी और धार्मिक माइनिंग टूर के लिए 2800 + जीएसटी निश्चित है। पैकेज में परिवहन और भोजन शामिल है।

## अनन्दा कॉलेज में रिज्यूम राइटिंग और इंटरव्यू स्किल्स पर कार्यशाला का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** अनन्दा कॉलेज ने आईबीएस कोलकाता के सहयोग से अपने छात्रों के लिए रिज्यूम राइटिंग और इंटरव्यू स्किल्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। आईबीएस कोलकाता के फैकल्टी मेंबर प्रोफेसर देबार्ग्य बागची इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन थे। महाविद्यालय के उपाचार्य डॉ. सुभाष कुमार और सीसीपीसी की समन्वयक डॉ. बिनीता कुमारी ने उनका स्वागत किया। प्रोफेसर देबार्ग्य बागची ने प्रभावी रिज्यूम बनाने और साक्षात्कार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मूल्यवान सुझाव और जानकारी साझा की।मंच का संचालन डॉ. राजीव रंजन ने किया।कार्यशाला में विभिन्न संकायों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञ के मार्गदर्शन से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित कुमार और अनिकेत कुमार का योगदान रहा।

## खुदरा शराब दुकानों की ऑनलाइन लॉटरी की प्रक्रिया जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग ने जानकारी दी है कि हजारीबाग जिले में ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से बंदोबस्त की जाने वाली 59 कम्पोजिट शराब की दुकानों एवं 03 देशी शराब की दुकानों को कुल 28 समूहों में विभाजित किया गया है। इनमें से 06 समूहों में तीन-तीन तथा 22 समूहों में दो-दो खुदरा उत्पाद दुकानें शामिल की गई हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के शेष अवधि के लिए जिले का कुल राजस्व लक्ष्य 139 करोड़ निर्धारित किया गया है। खुदरा उत्पाद दुकानों की अनुज्ञप्तियाँ, संचालन प्रारंभ होने की तिथि से लेकर सामान्यतः 31 मार्च 2030 तक की अवधि के लिए दी जाएंगी। हालांकि अनुज्ञप्तियाँ प्रत्येक उत्पाद वर्ष या उसके भाग के लिए ही प्रभावी होंगी, और उनका नवीकरण विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति, संतोषजनक संचालन एवं पूर्ववर्ती वर्षों में निर्धारित राजस्व प्राप्ति की पुष्टि के उपरांत किया जाएगा। इस प्रक्रिया के सुगम संचालन एवं तकनीकी सहायता के लिए सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग कार्यालय द्वारा सात सदस्यीय हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। यह हेल्प डेस्क इच्छुक आवेदकों को सभी चरणों में मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता एवं समस्याओं के त्वरित निवारण में सहयोग प्रदान करेगी। आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति कार्यालय अवधि में उत्पाद विभाग, हजारीबाग कार्यालय में उपस्थित होकर हेल्प डेस्क से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## केबी सहाय की नई प्रतिमा लगाने के निर्णय पर कांग्रेसजनों ने जताया हर्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** शुक्रवार को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी की एक औपचारिक बैठक कृष्ण वल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यालय पर आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया ,इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय के पौत्र मनोज सहाय पिंकू उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सेवा दल के जिला अध्यक्ष गुड्डू सिंह और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने किया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों ने एक स्वर में झारखंड सरकार के लोकप्रिय मंत्री ग्रामीण विकास दीपिका पांडे सिंह को विगत दिनो संत कोलंबस कॉलेज के निकट स्थित केबी पार्क में स्थापित कृष्ण बल्लभ सहाय के आदमकद प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने पर नई प्रतिमा प्रदान करने की सहमति जताने पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने केबी सहाय के जयंती 31 दिसंबर के पूर्व प्रतिमा स्थापित करने पर जोर दिया और सभी कांग्रेस जन केबी सहाय के जयंती प्रत्येक वर्ष धूमधाम, आस्था और निष्ठा के साथ मनाते चले आ रहे है। मंत्री के आदमकद प्रतिमा नई देने के निर्णय से हजारीबाग कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए और साधुवाद दिया। केबी सहाय के पौत्र मनोज साहब पिंकू ने माननीय मंत्री को केबी सहाय के परिवारजनों की ओर से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव विनोद सिंह, ओबीसी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, राजू चौरसिया, उदय पांडे, केडी सिंह, कजरू साव, धीरज सिंह, शिवनंदन साहू, रघु जायसवाल, चंद्रशेखर आजाद आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### नीति आयोग के संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डीडीसी ने किया सम्मानित

## समाज के समग्र विकास में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास : उप विकास आयुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** नगर भवन सभागार, हजारीबाग में शुक्रवार को नीति आयोग अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संचालित किए गए संपूर्णता अभियान के दौरान स्वास्थ्य,पोषण, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता व उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया किया गया। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों से संबंधित स्क्रीन पर वीडियो दिखाया गया। आकांक्षी जिला तथा प्रखंड कार्यक्रम के तहत आज जिले के टाऊन हॉल सभागार में कुल 114 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी कटकमदाग को कॉपर मेडल तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी चौपारण को ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक, सहिया, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जुलाई से सितंबर 2024 तक जिले में नीति आयोग के निदेर्शानुसार संपूर्णता अभियान का क्रियान्वयन किया गया था, जिसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्य किए गए थे। उन क्षेत्रों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति कर भारत सरकार और नीति आयोग के सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की,यह हमारे लिये गर्व का विषय है।इसी निमित आज इस कार्यक्रम के जरिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के प्रति प्रतिबद्ध सेवा भाव को मान्यता देने का एक विनम्र प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि समाज के समग्र विकास में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास कराता है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत करणपुरा महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव परिसर में प्राचार्य डॉक्टर कीर्ति नाथ महतो के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एन. एस. एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज के देखरेख में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर थे। एक पौधा अपनी मां के नाम थीम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। आप सभी अपनी मां के नाम का एक पौधा अवश्य लगाए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कु. दांगी, डॉ. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. पवन कुमार, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. लालदेव महतो, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में लेखपाल डॉ. संवीर कुमार, नेमधारी राम, अनिता देवी, चंचल प्रसाद मेहता, धनेश्वर महतो, धनु प्रसाद, अंजना कुमारी, जयमनी, मालती एवं छात्र-छात्राओं में नेहा कुमारी, उर्वशी, अंबिका, संगीता कुमारी, राजन तिवारी, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।

### मतदान केंद्रों के नजरी नक्शे को लेकर बीएलओ और पर्यवेक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड सभागार भवन में अंचल की ओर से मतदान केंद्रो में नजरी नक्शा को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के तमाम पर्यवेक्षक, बीएलो शामिल हुए। इस दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर शशि कुमार एवं अमीन नरेंद्र कुमार महतो के द्वारा लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मेजर मैप ऐप के द्वारा कार्य करने के लिए विशेष रूप से जानकारी लोगों को दी गई। जिससे वोटर क्षेत्र का एक सीमांकन हो सके। प्रखंड में कुल 127 बूथ हैं, जिसके लिए 13 पर्यवेक्षक एवं प्रवेशिका हैं तथा 127 बूथ के लिए 127 बीएलओ बनाया गया है। पूर्व में हुए नजरी नक्शा एवं कीमैप को मेजर एप में काम करना है। सभी को सही तरीके से कार्य करने की विशेष निर्देश दिया गया है। मौके पर शशि कुमार, नरेंद्र नरेंद्र कुमार महतो, मनीष कुमार पाठक, भास्कर राज, इंदु कुमारी, किरण कुमारी, बेबी देवी, खुश नारायण मेहता, मोहम्मद हकीम, बीएलओ पुष्पा कुमारी सिन्हा, पूनम देवी, जयंती कुमारी, आशा रानी, कुमकुम पुष्पांजलि, स्मिता राणा, कांति देवी, धनेश्वरी देवी, ममता कुमारी, शबनम बेगम, रुखसाना परवीन, पूनम कुमारी, ममता कुमारी, कांति कुमारी, सालको देवी, अंजू कुमारी, मंजुला राणा, नूतन कुमारी, मेहर खातून, मीना कुमारी के अलावा सभी उपस्थित थे।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक की भव्य तैयारी

**बड़कागांव :** बड़कागांव के बहुत चर्चित 500 फीट उंचे महुदी पहाड़ पर स्थित बाबा बुढ़वा महादेव में मां छिन्नमस्तिके मंदिर शक्तिपीठ रजरप्पा से जल उठाकर 108 किलोमीटर पैदल यात्रा कर झूमते नंगे पांव नाचते गाते हुए हजारों शिव भक्त बाबा बुढ़वा महादेव पर जलाभिषेक करेंगे। जो लगातार सावन पूर्णिमा तक जारी रहेगा। सावन की आखरी सोमवारी को लेकर प्रखंड के लगभग 26 अखाड़े के द्वारा रजरप्पा भैरवी नदी से जल उठाकर बड़का गांव महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक को लेकर तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। सभी अखाड़ों में कम से कम 251 शिव भक्त शामिल रहेंगे। इस दौरान एक से बढ़कर एक झांकी भी लोगों को देखने को मिलेगा। एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जिसमें बेहतर करने वाले अखाड़े को सम्मानित किया जाएगा। आखरी सोमवारी को लेकर बुढ़वा महादेव के अलावा पूरे प्रखंड के 151 शिवालयों में श्रद्धालुओं के काफी भीड़ देखी जाएगी एवं हर हर महादेव की जय घोष से शिवालय गुंजमान रहेगा। पिछले बार के विजेता युवा क्लब कांवरिया संघ कोयलंग परेवातरी, शिव हनुमंत पूजा समिति कांवरिया संघ तलसवार, शिव शक्ति कांवरिया संघ सोनपुरा, अवतार क्लब कांवरिया संघ डेली मार्केट बड़कागांव, शिवशक्ति युवा क्लब कांवरिया संघ बर मोहल्ला बड़कागांव, संगम युवा कांवरिया संघ बसरिया मोहल्ला बड़कागांव, महाकाल युवा कांवरिया संघ सुर्य मंदिर बड़कागांव, महाकाल युवा कांवरिया संघ बादम, नवयुवक शिव कांवरिया संघ कांडतरी, शिव कांवरिया संघ महुदी हरिजन मुहल्ला, टाईगर कांवरिया संघ कदमाडिह, तीर्थ शिवा कांवरिया संघ हरली, बुढ़वा महादेव युवा कांवरिया संघ गुरुचट्टी, नन्दी कांवरिया संघ बड़कागांव, नवयुवक कांवरिया संघ राउतपारा, मधुईया ढाब, विश्रामपुर, सांढ-छपेरवा, कुम्हरडिहा, शिवाडीह, चोपदार बलिया, खरांटी, नापो समेत अन्य क्लब अखाड़े के हजारों शिव भक्त शामिल रहेंगे।

### दिव्यांग बच्चे को बाल विकास परियोजना की ओर से मिला व्हीलचेयर

**हजारीबाग :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना के तत्वाधान में सीडीपीओ राखी चंद्रा के निर्देश पर एक दिव्यांग बच्चा अमन कुमार पिता दिलीप साहू ग्राम नापो को बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका इंदु कुमारी एवं किरण कुमारी के द्वारा व्हीलचेयर दिया गया। व्हीलचेयर मिलने के बाद अभिभावक काफी प्रसन्न नजर आए और कहा कि हमारे बच्चे को अब एक जगह से दूसरे जगह ले जाने में काफी सुविधा होगी और हमारे बच्चे के लालन पालन में हमें सहयोग मिलेगा। माता-पिता ने दिव्यांगों को व्हीलचेयर देने की योजना पर बाल विकास परियोजना का आभार व्यक्त किया है। मौके पर अकाउंटेंट गीता उपस्थित थी।

### आलोक ऑटोमोबाइल शोरूम का हुआ शुभारंभ



**बड़कागांव :** बड़का गांव हजारीबाग रोड स्थित रिलायंस ट्रेंड के बगल, किसान नर्सिंग होम के सामने नये स्कूटी आलोक ऑटोमोबाइल शोरूम का उद्घाटन पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रोपराइटर बुद्धि नाथ महतो ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार की बैटरी से चलने वाली स्कूटी बेची जाएगी होगी। उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, विष्णु रजक, आलोक रंजन गायत्री देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### केके भगत ने झारखंड आंदोलन में निभाई अहम भूमिका : प्रवीण



रांची: आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी और पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की 57 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महानगर वरीय उपाध्यक्ष बंटी यादव ने की। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि कमल किशोर भगत ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी और वे जनता में बेहद लोकप्रिय थे। उन्होंने कहा कि हमने हर मोर्चे पर साथ मिलकर संघर्ष किया। जब 1995 के बाद आजसू में बिखराव आया तो संगठन को भगत ने थामे रखा। प्रभाकर ने कहा कि हम सभी संकल्प लेते हैं कि कमल किशोर भगत के विचारों और संघर्ष को कभी मरने नहीं देंगे। इसके पूर्व सभा की शुरुआत में कमल किशोर भगत के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया गया। वहीं केंद्रीय महासचिव संजय मेहता ने कहा कि कमल किशोर भगत ने झारखंड गठन में भूमिका निभाई और लोहरदगा के विधायक के रूप में लगातार संघर्षरत रहे। बंटी यादव ने कहा कि भगत के प्रेरणादायी नेतृत्व से प्रभावित होकर आजसू में आए थे।

### रांची की जर्जर सड़कें होंगी दुरुस्त 15 अगस्त से पहले पूरा करने का लक्ष्य

रांची : राजधानी रांची की जर्जर सड़कों की हालत जल्द सुधरेगी। पथ निर्माण विभाग ने शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। इसे 15 अगस्त से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार, शहर की प्रमुख सड़कों जैसे रातू रोड चौक से HEC गेट, मोरहाबादी पेरिफेरियल रोड, करमटोली से ओरमांझी मार्ग और राम मंदिर से डीसी आवास तक की सड़कों पर मरम्मत कार्य प्रारंभ हो चुका है। इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों और टूटी सड़कों से अब राहगीरों को राहत मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इन प्रमुख मार्गों के अलावा शहर की अन्य जर्जर सड़कों की भी पहचान की जा चुकी है और उन पर भी शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। विभाग का प्रयास है कि स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर की अधिकतर खराब सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाए, ताकि लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

### रेलवे स्टेशन पर जल्द खुलेगा मेडिकल सुविधा केंद्र, 200 में करा सकेंगे इलाज

रांची : रांची रेलवे स्टेशन पर जल्द एक नया मेडिकल सुविधा केंद्र खुलने वाला है। जिसका संचालन ट्राई एनजीओ करेगा। यह मेडिकल सुविधा केंद्र हर दिन 24 घंटे खुला रहेगा। इस सुविधा केंद्र में यात्रियों के इलाज के लिए तीन डॉक्टर, दो फार्मासिस्ट और दो नर्सें तैनात रहेंगी। मेडिकल सुविधा केंद्र में यात्री मात्र 200 रुपये में प्राथमिक इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। बता दें कि मेडिकल सुविधा केंद्र का उद्घाटन 1 अगस्त को प्रस्तावित था। लेकिन कुछ कागजी औपचारिकताओं के कारण इसे टाल दिया गया है। ट्राई एनजीओ के अधिकारियों की मानें तो 2 से 3 दिनों के भीतर उद्घाटन हो सकता है। हालांकि इसकी अंतिम तिथि की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मेडिकल सुविधा केंद्र खुलने से यात्रियों खासकर गरीब और जरूरतमंद यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

## आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

# 9-11 अगस्त तक होगा आदिवासी महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन के मुख्य सचिव सभागार में आज 9 से 11 अगस्त तक होने वाले आदिवासी महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बख्शी ने महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में आकर्षक 'सेल्फी प्वाइंट' बनाए जाएंगे, जो युवाओं और पर्यटकों के बीच महोत्सव की लोकप्रियता को और बढ़ाएंगे। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी महोत्सव के दौरान लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। महोत्सव के तहत फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन होगा। साथ ही, फूड डिस्ट्रीब्यूशन की व्यवस्था को भी सुदृढ़ और सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिल सके। महोत्सव स्थल तक आने वाले पाथवे को आदिवासी संस्कृति की झलकियों से सजाया जाएगा, जिससे आगंतुकों को झारखंड की समृद्ध विरासत का अनुभव हो सके। इसके अतिरिक्त, मीडिया सेंटर की स्थापना, झारखंडी व्यंजन स्टॉल, ड्रोन शो, लेजर शो और आदिवासी परिधान शो सहित कई नवाचारों को महोत्सव का हिस्सा बनाया जाएगा। इस वर्ष महोत्सव की एक विशेष उपलब्धि यह होगी कि पहली बार भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, संपत सरल सहित अन्य राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय कवि शामिल होने की संभावना है।

**भव्यता पूर्ण होगा रीझ-रंग रसिका**

32 जनजातीय कलाकारों द्वारा रीझ रंग रसिका का आयोजन भव्यता पूर्ण तरीके से किया जाएगा। झांकी के माध्यम से झारखंड की समृद्ध आदिवासी कला संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए रीझ रंग रसिका का प्रदर्शन विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक संपन्न होगा। बैठक में सुरक्षा और पार्किंग की व्यवस्था पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, नगर निगम आयुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त सौरभ भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, कला संस्कृति विभाग, टीआरआई सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने मनाया रोष दिवस



रांची: झारखंड की राजधानी रांची में एकीकृत पेंशन योजना के विरोध में शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों में कर्मियों ने रोष दिवस मनाया गया और इसके लागू किए जाने की स्थिति में राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के आह्वान पर राज्यभर के कर्मचारियों ने यूपीएस के खिलाफ नारेबाजी की और काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। एनएमओपीएस के मीडिया प्रभारी सुमित नंद ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कर्मचारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए और दो टूक चेताया कि अगर यूपीएस लागू करने की कोशिश की गई, तो राज्यव्यापी आंदोलन होगा। झारखंड अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी महासंघ और नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि कुछ उच्च अधिकारी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में यूपीएस लागू करने का प्रयास कर रहे हैं, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कर्मचारी-हितैषी छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। महासंघ के प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी ने यूपीएस को कॉरपोरेट हितैषी बताते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। उन्होंने ओपीएस को ही एकमात्र विकल्प बताया। विरोध प्रदर्शन करनेवालों में सभी जिलों के स्कूल कर्मियों समेत अन्य संस्थानों से जुड़े लोग भी शामिल थे।

### झारखंड जंप रोप संघ के खिलाड़ियों ने बच्चों के सामने दिखाया करतब



रांची: लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुंदाग में झारखंड जंप रोप संघ के नेशनल खिलाड़ी प्रकाश साहू, इसराइल भेंगरा, राहुल हजाम ने रस्सी कूद में विभिन्न प्रकार के करतब कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के सामने दिखाए। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का बच्चों बहुत आनंद उठाया। इस अवसर पर झारखंड जंप रोप संघ के सेक्रेटरी संतोष प्रसाद ने बताया कि जंप रोप एक सरल, सुलभ और मजेदार व्यायाम है, जिसे कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रस्सी कूदना एक बेहतरीन व्यायाम है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, यह हृदय स्वास्थ्य, सहनशक्ति, समन्वय, संतुलन और फेफड़ों की क्षमता में सुधार करता है। इसके अतिरिक्त, रस्सी कूदने से वजन घटाने में भी मदद मिलती है और हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा इसमें रुचि रखता है वह झारखंड जंप रोप संघ से जुड़ सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य प्रफुल्ल कुमार, झारखंड जंप रोप संघ के वाइस प्रेसिडेंट नवीन कुमार, विद्यालय के खेल शिक्षक बीबी सिंह और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### श्री श्याम उपासना भवन के द्वितीय तल का उद्घाटन कल



रांची : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन के द्वितीय तल का उद्घाटन एवं शुभारंभ समारोह रविवार, 3 अगस्त को प्रातः 10:45 बजे आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व प्रातः 8:45 बजे से द्वितीय तल पर श्री शालिग्राम पूजन एवं श्री सत्यानारायण कथा का आयोजन होगा। इस पावन अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया यजमान के रूप में कथा अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे। कथा उपरांत उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा द्वितीय तल को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। उद्घाटन समारोह की तैयारी जोरों पर है। आम सभा व पदाधिकारियों की घोषणा उसी दिन पूर्वाह्न 11 बजे, श्री श्याम उपासना भवन के प्रथम तल स्थित सभागार में मंडल की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें सत्र 2025-27 के लिए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के नामों की औपचारिक घोषणा की जाएगी। महामंत्री सह चुनाव पदाधिकारी श्री विश्वनाथ नारसरिया ने सभी सदस्यों से समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### हटिया डैम का जलस्तर खतरे के निशान पर, खोला गया फाटक



रांची: झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हटिया डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा था, एहतियातन शुक्रवार को धुर्वा स्थित हटिया डैम के तीन नंबर फाटक का गेट खोल दिया गया। हटिया डैम का फाटक उसके बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एहतियातन खोला गया है। बीते कुछ दिनों से जल संसाधन विभाग डैम का फाटक खोलने का प्रयास कर रहा था। पहले प्रयास में फाटक में लगी लोहे की तार टूट गई थी, जिससे पानी छोड़ा नहीं जा सका। इसके बाद विभाग के इंजीनियर और तकनीकी कर्मचारी लगातार मरम्मत में जुटे रहे। आखिरकार शुक्रवार को उन्हें सफलता मिली। दरअसल, डैम का जलस्तर खतरे के निशान को छू रहा था, जिस कारण निचले इलाकों में रहने वालों को सतर्क रहने की अपील की जा रही थी। प्रशासन ने संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। फिलहाल पानी का बहाव नियंत्रित है, लेकिन बारिश जारी रही, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस बीच जैसे ही डैम के फाटक से पानी छोड़ा गया, उसका मनभावन नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग निचले हिस्से की ओर उमड़ पड़े। लोग तेज बहाव की लहरों को देखने को लेकर काफी उत्साहित दिखे।

## समाचारों को अभिनय में ढाल कर सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने रचा कीर्तिमान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और प्रस्तुति कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए रांची सहोदय अंतर-विद्यालय लिविंग न्यूजपेपर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता, विश्लेषणात्मक सोच और प्रभावशाली संवाद शैली को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में रांची के तेरह प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया, जहां प्रतिभागियों ने सामाजिक, राजनीतिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छात्रों ने संवाद, दृश्य प्रभाव तथा लाइव रिपोर्टिंग के माध्यम से समाचारों को रंगमंचीय रूप में ढाल कर दर्शकों को प्रभावित किया। इस आयोजन ने छात्रों की जन-जागरूकता, संवाद क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सशक्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की पत्रकारिता एवं सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं और उनमें आत्मविश्वास, सहयोग की भावना तथा स्पष्ट अभिव्यक्ति का विकास करती हैं।

## ट्रंप के टैरिफ व मोदी सरकार की विदेश नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : शुक्रवार को भाकपा द्वारा रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25% टैरिफ, रूस-ईरान से व्यापार पर पाबंदी और भारत की विदेश नीति के खिलाफ था। भाकपा के नेताओं ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए इस टैरिफ का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था, निर्यात और रोजगार पर पड़ रहा है। स्टील, ऑटो, कपड़ा और अन्य प्रमुख उद्योगों को इस टैरिफ नीति से भारी नुकसान हो रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अमेरिकी दबाव में आकर अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रही है और इस संकट से निपटने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। भाकपा माले के नेता इस बात की मांग करते हैं कि केंद्र सरकार अमेरिका के आर्थिक दबाव का खुलकर विरोध करे और एक आत्मनिर्भर संतुलित विदेश नीति अपनाए, जिससे भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा हो सके। इस विरोध प्रदर्शन में भाकपा के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन में शुभेन्दु सेन, मोहन दत्ता, कुमार वरुण, गीता मंडल, जगरनाथ उरांव, नंदिता भट्टाचार्य, सुदामा खलखो, आर एन सिंह, सरफराज, भीम साहू, सोहेल अंसारी, त्रिलोकीनाथ उपस्थित थे।

### झारखंड पुलिस ने पड़ोसी राज्यों के साथ साझा की 476 खुफिया सूचनाएं

रांची : झारखंड पुलिस ने पिछले डेढ़ साल में 476 खुफिया इनपुट पड़ोसी राज्यों के साथ साझा किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा इनपुट बिहार और ओडिशा के साथ साझा किए गए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ को 107, पश्चिम बंगाल को 47 और उत्तर प्रदेश को 4 इनपुट भेजे गए हैं। वहीं पुलिस ने इस अवधि में कुल 539 खुफिया सूचनाएं TMS पोर्टल पर अपलोड कीं, जो विभिन्न राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ साझा की गईं। झारखंड पुलिस ने 176 सक्रिय नक्सलियों की प्रोफाइल भी की साझा पिछले डेढ़ साल के दौरान, झारखंड पुलिस मुख्यालय को विभिन्न एजेंसियों से कुल 2306 खुफिया सूचनाएं प्राप्त हुईं। ये सूचनाएं टीएमएस पर अलग-अलग प्रकृति की थीं।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ, अध्यक्ष ने रचनात्मक संवाद और सहभागिता पर दिया जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए लोकतंत्र की आदर्श परंपराओं के निर्वाह, सदन में रचनात्मक संवाद और सहभागिता की अहमियत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आम जन की आकांक्षाओं की पूर्ति ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोकतंत्र तभी सफल होता है, जब हम सभी अपने दायित्वों का समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि संवाद, सहमति और सहभागिता से ही सदन जनता की अपेक्षाओं का प्रतीक बनता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं है, बल्कि अल्पमत का सम्मान भी जरूरी है। सदन को स्वस्थ बहस, रचनात्मक आलोचना और विचार-विमर्श का मंच बनना चाहिए।

**सत्र में होंगे पांच कार्य दिवस**

स्पीकर ने सत्र के कार्यक्रम की आधिकारिक सूचना सदस्यों के साथ साझा की। सत्र सात अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस निर्धारित किए गए हैं। चार अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। पांच अगस्त को प्रश्नकाल के बाद अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। छह अगस्त को प्रश्नकाल और राजकीय विधेयकों पर विचार किया जाएगा। सात अगस्त को प्रश्नकाल के बाद राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी।

## डीएवी सरला स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : डीएवी सरला स्कूल, टुपुदाना में शुक्रवार को छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ ग्रीन डे मनाया। नन्हें-मुन्नों ने अपने छोटे-छोटे हाथों से पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम में शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने पौधों को रोपने और उनकी देखभाल करने के तरीके सीखे। इस दौरान बच्चों ने वादा किया कि वे इन पौधों को बड़े होने तक सहेजेंगे और उनकी देखभाल करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य में मेहुल दुबे ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर बच्चा एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हमारा शहर ही नहीं पूरा देश हरा-भरा बन सकता है। प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर ही जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। मेहुल दुबे ने कहा कि पेड़ लगाना भविष्य में आशा के बीज बोने जैसा है। हमारे नन्हें बच्चों में पर्यावरण की रक्षा के प्रति यह उत्साह देखना गर्व की बात है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम कल के जिम्मेदार और पर्यावरण-प्रेमी नागरिक तैयार कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीतों और नारों के साथ हुआ, जिसने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे हाथ भी धरती को हरा-भरा बनाने में बड़ा योगदान दे सकते हैं। विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला और महिमा सिंह के विशेष योगदान से बच्चों ने ग्रीन डे उत्साहपूर्वक सेलिब्रेट किया।

# झारखंड भाजपा विधायक दल की बैठक में राज्य सरकार को घेरने की बनी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनी। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मदरसा से टेरेसा तक केंद्रित है। विकास से उसे कुछ भी लेना देना नहीं। हेमंत सरकार केवल नाम बदलने में विश्वास करती है। सत्ता मद में इतनी चूर है कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम बदलकर उन्हें अपमानित कर रही। नवीन जायसवाल ने कहा कि यह उन महापुरुषों का अपमान नहीं, बल्कि देश और राज्य का अपमान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मदर टेरेसा के नाम पर कोई अन्य योजना शुरू कर सकती थी। लेकिन ये सरकार तुष्टीकरण में आकंठ डूबी है। इस सरकार की विकास यात्रा की कहानी मदरसा से टेरेसा तक जाती है। यह सरकार गांव-देहात में चंगाई सभा के साथ मदर टेरेसा क्लीनिक के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि रिम्स-दो के बहाने यह सरकार किसानों पर कहर ढाना चाहती है। आज किसान अति वृष्टि से परेशान है। खरीफ की फसल और सब्जी बर्बाद हो रही है। भदाई फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। लेकिन राज्य सरकार निश्चिंत बैठी है। भाजपा मुख्य सचेतक ने कहा कि सीआईडी जांच के बहाने संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की परीक्षा के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश हो रही। मतदाता पुनरीक्षण का विरोध कर यह सरकार बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों का संरक्षण करते रहना चाहती है। पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात करने वाली इस सरकार की नीयत साफ है, तो निकाय चुनाव में 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था, महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार समेत उक्त सभी मुद्दों को जोरदार तरीके उठाएगी। बैठक में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक नागेंद्र महतो, विधायक नीरा यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र तिवारी, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, प्रदीप प्रसाद, पूर्णिमा दास साहू और मंजू कुमारी मौजूद रहीं। -

## एक नजर

### तंबाकू नियंत्रण कानून के उल्लंघन पर 14 दुकानदारों पर जुर्माना



**बोकारो** : शुक्रवार उपायुक्त बोकारो के आदेशानुसार डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम–2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के कोर्ट एरिया कैम्प 2, सेक्टर–1, एवं राम मन्दिर के कुल 43 दुकानों की जांच की गई जिसमें 14 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 की धारा–6 सी के अनुसार दुकानदार खुला सिगरेट की बिक्री नही करेगा। उल्लंघन करने पर 1000 रुपए तक जुमार्ना हो सकता है। धारा 6 बी के तहत कोई भी दुकानदार कोर्ट एरिया, अस्पताल, शिक्षण संस्थान एवं सरकारी कार्यालय परिसर के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री नही कर सकते है और नही किसी भी व्यक्ति द्वारा तम्बाकू उत्पाद खा कर थूक सकता है। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि कोटपा कानून का अनुपालन अवश्य करें साथ ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित कोई भी पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने न लगायें क्योकि तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करना कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है।
इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एस0आई0 के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को पेसा कानून के बारे में किया जागरूक

**जमशेदपुर**: जमशेदपुर के सहायक प्रोफेसर अम्पा कुमार हेंब्रम व राजदोहा के माझी बाबा माझी युवराज टुडू ने आदिवासी बहुल डुंगरीडीह गांव में ग्रामीणों को पेसा कानून के बारे में जागरूक किया। उन्हें पेसा कानून में निहित अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया गया। सहायक प्रोफेसर अम्पा कुमार हेंब्रम ने कहा कि बिना मांझी परगना सिस्टम के राज्य में पेसा कानून लागू होना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर गांवों में प्रशिक्षण के जरिये ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जबकि कुछेक नकारात्मक सोच वाले लोग अपने फायदे के लिए राज्य सरकार व ग्रामीणों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में प्रशासन, टीएसी समेत गांव के विकास को लेकर पूर्वजों की सोच पर ग्रामीणों के साथ विचार–विमर्श किया।

### नक्सलियों ने मनोहरपुर में लगाए बैनर-पोस्टर

**पश्चिमी सिंहभूम**: पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर क्षेत्र में नक्सलियों ने जगह–जगह बैनर व पोस्टर लगाए हैं। नक्सली 28 जुलाई से तीन अगस्त तक शहीद दिवस सप्ताह मना रहे हैं और तीन अगस्त को झारखंड सहित पांच राज्य में बंद का आह्वान किया है। इसे लेकर ही भाकपा माओवादी संगठन ने पोस्टरबाजी कर क्षेत्र में दहशत फैलाने की प्रयास किया है। नक्सलियों ने मनोहरपुर–जराईकेला व मनोहरपुर जामदा मुख्य मार्ग पर स्कूल बोर्ड, डुकरीडीह गांव के चौक, पात्थरवासा गांव के चौक सहित कई जगहों पर बैनर व पोस्टर लगाया है। सूचना मिलते ही मनोहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बैनर व पोस्टर को जब्त कर ले गई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# उपायुक्त ने डोमचांच प्रखंड में विद्यालय और पंचायत भवन का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : उपायुक्त ऋतुराज ने डोमचांच प्रखंड अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नलवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 'प्रोजेक्ट रेल' के तहत चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, पठन-पाठन व्यवस्था, पोषण वाटिका, शौचालय, रसोईघर की स्वच्छता तथा विभिन्न प्रकार के पंजी एवं रजिस्टरों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने विद्यालय की व्यवस्था पर



असंतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों को शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया तथा सभी शैक्षणिक और सहायक गतिविधियों में सुधार लाने के लिए ठोस कार्य योजना अपनाने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ऋतुराज ने पंचायत भवन जौनपुर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना पंजी, स्टॉक रजिस्टर, कैश बुक, ज्ञान केंद्र तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित अभिलेखों की जांच की। कार्य निष्पादन में पारदर्शिता लाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त रवि जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी का बोकारो दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी एस एन गुप्ता का 31 जुलाई को देर शाम बोकारो आगमन हुआ. उनके आगमन पर बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन के साथ निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने बोकारो निवास में उनका स्वागत किया। 01 अगस्त को पूर्वाहन गुप्ता ने जैविक उद्यान में वृक्षरोपण किया तथा जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। तदुपरांत, बोकारो निवास में बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा सेल के सतर्कता विभाग के अधिकारियों आयोजित दो दिवसीय छएड कार्यशाला में श्री गुप्ता बी एस एल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान श्री गुप्ता ने बीएसएल सतर्कता विभाग के ई-विजिल मॉड्यूल का उदघाटन भी किया। उल्लेखनीय है कि छएड कार्यशाला में सेल के विभिन्न संयंत्र एवं यूनिट के सतर्कता विभाग के अधिकारी शामिल हो रहे हैं। अपने बोकारो दौरे के क्रम में श्री गुप्ता ने बीएसएल के इस्पात भवन स्थित मॉडल कक्ष में प्लांट के ले-आउट और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अधिशासी निदेशक, बीएसएल के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ज्ञानेश झा एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इसके उपरान्त उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-क्क & सीसीएस, और कोल्ड रोलिंग मिल-क्क्क जैसे कुछ प्रमुख इकाइयों का भ्रमण किया और उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली।

## सीआईएससीई क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेक्टर 1/उ स्थित संत जेवियर्स विद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय सीआईएससीई क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के सम्मानीय प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. के उत्कृष्ट भाषण व गौरवपूर्ण ध्याजारोहण से हुआ। प्राचार्य ने अपने प्रेरक उद्बोधन में नवीन उत्साह, समूह भावना और खेल अनुशासन की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम का आरंभिक संचालन मिस सेलिना व मिस अर्शा द्वारा किया गया। परिणामस्वरूप लीग मैच में अंडर 14 गर्ल्स में रांची जोन और पटना जोन के बीच मैच हुआ, जिसमें रांची जोन 10 पॉइंट्स और 1 इनिंग के साथ विजेता रही। अंडर 14 बॉयज में भागलपुर जोन और रांची जोन के बीच मैच हुआ, जिसमें भागलपुर जोन 1 पॉइंट्स और 3



मिनट्स के साथ जीत दर्ज किया। अंडर 17 गर्ल्स में जमशेदपुर जोन और भागलपुर जोन के बीच हुआ जिसमें जमशेदपुर जोन 1 पॉइंट से विजेता रहा। अंडर 17 बॉयज देवघर जोन और रांची जोन के बीच मैच हुआ, जिसमें रांची जोन वॉक ओवर से जीता। अंडर-19 गर्ल्स में रांची जोन और भागलपुर जोन के बीच हुआ , जिसमें रांची जोन 11 पॉइंट्स और इनिंग से विजेता रहा। अंडर-19 बॉयज में देवघर और जमशेदपुर के बीच हुआ, जिसमें देवघर जोन 1 पॉइंट और 6 मिनट से विजयी रहा। मुख्य रेपरी अनिल प्रसाद, अध्यक्ष रेपरी बोर्ड, झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन थे। मौके पर फादर मनोज , फादर निर्मल, सिस्टर नैंसी ,सिस्टर सुनीता, दीपक चौधरी, देबाशीष गुप्ता खेल प्रशिक्षक शशि सर,अमृतलता मिस तथा अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड अभियान के साथ स्टील विस्तारीकरण को लेकर बढ़ा जनसमर्थन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण को प्रारंभ करने एवं बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने की मांग के समर्थन में 3 अगस्त को सेक्टर 2 कला केन्द्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। विस्तारीकरण के समर्थन में जारी अभियान के तहत सेल के ऑफि सर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं एसटी-एससी फेडरेशन के अध्यक्ष श्री एम.के. अभिमन्यु ने फेडरेशन के सदस्यों, विस्थापित नेता एवं झारखण्ड कामगार समाज के महामंत्री कमलेश ठाकुर, अब्दुल रब अख़्तर ने पीएम को पोस्टकार्ड लिख अभियान को समर्थन दिया है। चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के संरक्षक संजय वैद और अध्यक्ष मनोज चौधरी, बियाडा आफि सर्स हाउसिंग कॉपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष रिटायर्ड आइपीएस जीतेन्द्र सिंह, सुजीत पांडे, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्षराकेश राम, कृष्णा कालिन्दी, आदिवासी संथाल समाज के कृष्णा हेम्ब्रम, प्रविण हांसदा, हीरालाल मांझी आदि ने भी प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर समर्थन जताया है। इस विस्तारीकरण को प्रारंभ करने की मांग को लेकर कुमार अमित ने 21 जून को प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। इस पत्र के जबाब में बीएसएल प्रबंधन ने 7 जुलाई को कुमार अमित को पत्र लिख कर परियोजना को स्थगित रखने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक वृहस्पतिवार को सेक्टर 2 में हुई जिसमें बड़ी संख्या में अनेक सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। कुमार अमित ने बोकारो के विकास एवं विस्थापित बेरोजगार युवाओं के रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने वाले इस परियोजना के समर्थन में हो रहे इस संगोष्ठी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर इस अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की है।

## सार्वजनिन एड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति अब बिना विवाद के नई समिति पूजा करेगी : नितेश चंद्रवंशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : सार्वजनीन एड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप झुमरी तिलैया में पिछले 101 वर्षों से पूजा हो रही है। पूजा हमेशा शांतिपूर्वक हर्षोंल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। परंतु विगत कुछ माह पूर्व समिति में कुछ विवाद आ गए थे और कुछ महत्वपूर्ण विषय उभर कर आए थे । प्रशासन पूरी निष्ठा के साथ सभी के समस्या को सुना और सुलझाने का प्रयास किया पूजा समिति प्रशासन का शुक्रगुजार है ।आम जनमानस और पुराने कमेटी के सभी लोग और होने वाले विवाद में पुराने सभी समिति के सदस्य आपस में दिनांक 30 जुलाई 2025 को एक आपसी बैठक नितेश चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। सभी पक्षों के बीच आपसी सामंजस्य के साथ खुले दिल से दुर्गा मंदिर परिसर में ही बैठक हुई और समिति के पदाधिकारी का चुनाव किया गया। सभी लोगों ने ध्वनि मत से दुर्गा माता को साक्षी मानकर सभी तरह के मतभेद को बुलाकर माता की पूजा में अपना योगदान देने के लिए तैयार हुए



हैं । निम्न पदाधिकारी का चयन हुआः जिसमें अध्यक्ष आलोक कुमार सरकार, महासचिव प्रकाश राम , सचिव सत्येंद्र यादव एवं रितेश लोहानी, कोषाध्यक्ष श्यामजीत यादव सह कोषाध्यक्ष धीरेंद्र जायसवाल को चयनित किया गया। दिनांक 3 अगस्त को पुनः एक बैठक रखी जाएगी जिसमें समिति के वृहत विस्तार किए जाएंगे। सभी ने मिनट बुक में अपना अपना हस्ताक्षर किया और यह तय हुआ की अब किसी भी प्रकार का चुनाव अथवा प्रशासन की हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन से आग्रह किया गया की। होने वाले पूजा समिति का पूर्व की भांति अब नई समिति को पूजा करने दिया जाए और पूर्व की भांति सभी जवाब देही पूजा समिति के पदाधिकारी को सौंप दिया जाए।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुईं सैकड़ों महिलाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : शुक्रवार को झारखंड महिला मोर्चा की बोकारो महानगर अध्यक्ष फिरदौस नूरी की अध्यक्षता में बोकारो परिसदन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी को और मजबूती मिली है। बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष रतन लाल मांझी ने कहा कि झामुमो के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी के मार्गदर्शन और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व से प्रभावित होकर आज इतनी भारी संख्या में महिलाएं पार्टी में शामिल हुई हैं। यह झामुमो की जन-कल्याणकारी नीतियों के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दशार्ता



है। झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सदस्यता दिलाई गई और झामुमो परिवार में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंटू यादव ने नए सदस्यों को पार्टी के सिद्धांतों और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी से एकजुट होकर झामुमो को मजबूत करने और राज्य के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर फिरदौस नूरी ने कहा कि महिलाओं के झामुमो में शामिल होने से पार्टी की शक्ति बढ़ेगी और वे राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोकारो महिला सचिव रेखा देवी उपाध्यक्ष सावित्री बाउरी, फुलमनी देवी शान्ति किस्कू, हीरा देवी प्रीति देवी सरिता देवी सविता पांडे फुल कुमारी सोरेन बोकारो महानगर उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल आलोक सिंह सदानंद गोप जिला प्रवक्ता आकाश टुडू महानगर प्रवक्ता राकेश सिन्हा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता बोकारो महानगर मीडिया प्रभारी अमन कुमार सिंह मगाराम दे बैद्यनाथ पाल फिरोज अंसारी सोनू सिंह कलीम बाबू मुख्तार असलम प्रदीप यादव जयमाला देवी संगीता देवी सुनीता कुमारी लक्ष्मी कुमारी रिंकू देवी संशोधन किरण देवी शिप्रा सिंह पायल कुमारी रेखा देवी भवानी देवी आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे।


## संक्षिप्त खबरें

### भुवनेश्वर से लापता युवती में मिली, लव जिहाद का आरोप



**बोकारो** : उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर से लापता हुई एक युवती बोकारो ज़िले के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के लोहांचल इलाके में मिली है। युवती के परिवार ने युवक पर लव जिहाद का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को बरामद किया और थाने लाई। दोनों पहले से शादीशुदा हैं और आरोपी युवक का नाम जमील अख्तर है, जो पीड़िता के घर–परिवार के परिचित थे। परिजनों के अनुसार, जमील अख्तर भुवनेश्वर में उनके घर के पास ही रहता था और अक्सर उनके घर आता–जाता था। परिवार के लोगों का आरोप है कि उन्होंने जमील को अपने बेटे जैसा माना था, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वह उनकी शादीशुदा बेटी को अपने जाल में फंसा रहा है। जब युवती घर से लापता हुई और परिवार ने जमील से पूछा, तो उसने अनभिज्ञता जताई। छानबीन के दौरान पता चला कि जमील अख्तर इससे पहले भी तीन हिंदू लड़कियों के साथ इसी तरह शादी कर चुका है और उन पर लव जिहाद करने का आरोप लग चुका है। परिजनों ने भुवनेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर बोकारो पुलिस की मदद से छापेमारी की। बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के लोहांचल इलाके में दोनों पिछले 6–7 महीने से कथित तौर पर हिंदू नाम से आईडी बनाकर किराए के मकान में रह रहे थे। छापेमारी के दौरान मकान मालिक ने मीडिया से बातचीत से इनकार किया। थाने में काफी गहमा–गहमी देखी गई और फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक का कहना है कि वह और युवती दोनों शादीशुदा हैं और पूर्व की शादी को लेकर केस चल रहा है। पुलिस इस मामले में फिलहाल मीडिया को कोई बयान देने से बच रही है।

### एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती मनाई गई



**बोकारो** : कलम की ताकत समाज को सही दिशा प्रदान करती एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती मनाई गई। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के प्रख्यात उपन्यासकार, कहानीकार व संपादक थे। वह सामाजिक कथा साहित्य के अग्रदूत थे। उन्होंने अपनी रचना के माध्यम से भारती समाज के विभिन्न पहलुओं गरीबी,जमींदारी शोषण, शैक्षणिक सुधार, राजनीतिक उत्पीड़न, किसानों की दशा आदि को उजागर किया। उन्होंने साहित्य के साथ–साथ सामाजिक सुधार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका ध्यान किसान व मजदूर वर्ग के आर्थिक उदारीकरण पर केंद्रित था। मुंशी प्रेमचंद के लेखन ने लोगों को सामाजिक न्याय व समानता के लिए प्रेरित किया। साथ ही हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। कलम की ताकत से उन्होंने विश्व भर प्रसिद्धि हासिल की। कलम की ताकत समाज को सही दिशा प्रदान करती है। इसलिए विद्यार्थियों को साहित्य के क्षेत्र से भी जुड़ना चाहिए। साहित्य क्लब ने कलम के सिपाही–व्यक्तित्व एवं कृतित्व कार्यक्रम के जरिए मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही उनकी कहानी व उपन्यास के विषय में जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी व उपन्यास के पात्र को दृश्य के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा काजल ओझा व अद्विका एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका नीलांजना चौधरी ने किया। मौके पर उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, साहित्य क्लब के प्रभारी के अलावा शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में राखी प्रतियोगिता चित्र परिचय राखी प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं



**बोकारो** : रॉयल पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 में रक्षा बंधन के पावन अवसर पर विद्यार्थियों के बीच राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से 6 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने रंग–बिरंगे धागों, मोतियों, चमकीले सितारों, और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से सुंदर राखिया तैयार कीं। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान व रचनात्मकता का विकास करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा, ऐसी गतिविधियाँ बच्चों की प्रतिभा को उजागर करने के साथ–साथ उनमें भारतीय संस्कृति के मूल्यों को भी विकसित करती हैं। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपम गुप्ता साथ ही शिक्षिका आशु ,बबीता, किरण, वीणा, उषा, अनमोल,इंदु,ममता और डॉली उपस्थित रही।

### आकांक्षा हाट के तहत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता सेमिनार का हुआ आयोजन



**कोडरमा**: आकांक्षा हाट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, कारीगरों और युवाओं ने भाग लिया। इस सेमिनार में प्रतिभागियों को योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक, तकनीकी और प्रशिक्षण सहायता देकर सशक्त बनाना है, ताकि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को सशक्त किया जा सके और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके। सेमिनार के दौरान उपस्थित लोगों ने योजना में गहरी रुचि दिखाई और इससे जुड़ने की इच्छा प्रकट की। इसके अतिरिक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और रंगों के माध्यम से यह रेखांकित किया कि कैसे भारत विविधताओं में एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और परंपराओं की शक्ति के साथ एक श्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में विश्व में स्थापित है।

# बाईपास के लिए किए गए भूअर्जन की जल्द दें मुआवजा राशि : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लोहरदगा :** डीसी की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं में भू-अर्जन संबंधित मामलों समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन पदाधिकारी को जिला के एनएच-143 ए अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि को लेकर नियमानुकूल मुआवजा की राशि जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा बाईपास पथ के लिए भूमि-अधिग्रहण का कार्य हो चुका है। लेकिन सभी प्राप्त अभिलेखों में रैयतों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया बहुत ही धीमी है जो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। अभी भी काफी संख्या में रैयतों के भुगतान का मामला लंबित है। इसमें भुगतान की गति को तीव्र करते हुए निष्पादित करने की नितांत आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि लोहरदगा जिला के विकास के लिए बाईपास पथ की यह परियोजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस पथ के निर्माण हो जाने के बाद शहरी क्षेत्र ट्रैफिक लोड कम हो जाएगा और जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। भूमि-अधिग्रहण के बाद रैयतों का ससमय भुगतान नहीं होने से परियोजना और इससे जुड़े विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जल्द सम्पन्न कराएं ताकि परियोजना समय पर पूरा हो सके। जिन रैयतों का अभिलेख सत्यापित हो चुका है उनका भुगतान करने का निर्देश डीसी ने अधिकारियों को दिया। इसके लिए इस माह में विशेष शिविर का आयोजन संबंधित मौजा में आयोजित किया जाए। उपायुक्त ने एनएच 75 अंतर्गत कुडू-उदयपुरा पथ परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और भुगतान के वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से परियोजनाओं के लिए भूमि की अधियाचना की समीक्षा की गई और उक्त परियोजना के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, अंचल अधिकारी किस्को अजय कुमार, अंचल अधिकारी सदर अंचल आशुतोष और अंचल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### युवती ने दोमुहानी पुल से लगाई छलांग नदी में तलाश जारी

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर के सोनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमुहानी डोबो पुल पर शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवती ने चलती बातचीत के दौरान नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवती अपनी एक सहेली के साथ दोमुहानी घूमने आई थी। इस दौरान वह मोबाइल पर अपने प्रेमी से बात कर रही थी। बातचीत के दौरान अचानक विवाद बढ़ गया और फोन पर झगड़े के कुछ ही पलों बाद युवती ने आवेश में आकर पुल से सीधा स्वर्णरेखा नदी में छलांग लगा दी। युवती की पहचान भूइयाडीह निवासी सुमित्रा प्रमाणिक के रूप में की गई है। घटना को लेकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई राहगीरों और स्थानीय लोगों ने युवती को नदी में गिरते देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही सोनारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और नदी में खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने स्थानीय मछुआरों की सहायता से नदी में सुमित्रा की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में प्रेम संबंधों में तनाव की बात सामने आ रही है। सुमित्रा की सहेली से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सही जानकारी मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल से पहले भी कई आत्महत्या की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचित कर दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल नदी में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### पूर्व सैनिक और बैंककर्मी के घर लाखों की संपति चोरी

**पलामू :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कान्दू मुहल्ल्ला गोरहो मंदिर के पास पूर्व सैनिक और बैंककर्मी के घर चोरी हो गई। लाखों की संपत्ति चोरों ने गायब कर दी। घटना शुक्रवार तड़के सुबह हुई। नींद से जागने के बाद घटना की जानकारी हुई। इस संबंध में पुलिस को जानकारी दी गई। टीओपी टू के प्रभारी राकेश कुमार डॉग स्क्वॉड के सहारे छानबीन में जुटे हुए हैं। बैंककर्मी एकलब्य कुमार के परिजनों ने जानकारी दी कि सुबह करीब तीन बजे साइड गेट के ग्रिल का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और हॉल के गेट में ड्रिल कर अंदर लगे लॉक को खोलकर दरवाजा खोला। हॉल से ही सटे स्टोर रूम के तीन अलमीरा को खोलकर सोने चांदी की ज्वेलरी, नगद सहित 8 लाख से अधिक की संपत्ति गायब कर दी। अलमारी को तोड़ा नहीं गया, चाबी से खोला गया। चोरों को अलमीरा खोलने पर लॉकर की चाभी मिल गई थी। स्टोर रूम से सटे मकान मालकिन का कमरा है, लेकिन घटना की आहट भी नहीं मिली। संभावना जताई गई कि मकान मालकिन को घटना से पहले बेहोश कर दिया गया था। काफी देर तक महिला अचेत पड़ी रही। बैंक कर्मी के छोटे भाई और डीएवी स्कूल के शिक्षक शाश्वत ऊपर के कमरे में सोए हुई थे। उन्हें भी इसकी भनक नहीं लगी। शाश्वत के अनुसार आठ लाख से अधिक की ज्वेलरी चोरी हुई है। सारे गहने उनके बड़े भाई बैंककर्मी एललव्य कुमार की पत्नी एवं बच्चे के थे। बैंक कर्मी के घर से सटे पूर्व सैनिक संजय कुमार के घर में भी चोरी हुई। चोर पीछे के गेट में लगे ताले को तोड़कर अंदर हाल में पहुंचे और ड्रेसिंग टेबल में रखे तीन हजार रुपए निकाल लिये। यहां से मात्र नगद राशि की ही चोरी हुई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। उल्लेखनीय है कि कान्दू मुहल्ल्ला गोरहो मंदिर के पास का इलाका काफी सुनसान रहता है।

## लाठी-डंडे और रॉड से मारपीट करने वाले को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला और सत्र न्यायाधीश प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने लाठी, डंडे और रॉड से मारपीट के आरोपी प्रदीप यादव को पांच वर्ष सश्रम सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। इस सम्बंध में मामले की की सुचिका की ओर से सदर थाने में आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सदर (शहर) थाना कांड संख्या 409/2015 चार जुलाई 2015 को को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वादिनी ने अभियुक्त पर आरोप लगाया था कि चार जुलाई 2015 को वह अपनी जमीन पर घर बना रही थी तो अभियुक्त ने घर बनाने से रोक दिया और लाठी, डंडे और रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए शहर थाना के बारालोटा जीएलए कॉलेज गेट निवासी प्रदीप यादव को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## एनीमिया से जंग में अग्रणी बना खंडामौदा स्वास्थ्य केंद्र, मिला सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जिला में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत बहरागोड़ा स्थित खंडामौदा स्वास्थ्य केंद्र ने जिले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) शिलबंती नाग और सहायक नर्स (एएनएम) शकुंतला महतो को उपायुक्त ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समुदाय में एनीमिया के प्रति जनजागरूकता फैलाने, नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने और प्रभावित लोगों को समुचित उपचार और पोषण परामर्श प्रदान करने जैसे उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। दोनों स्वास्थ्यकर्मी लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय रहते हुए महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में एनीमिया की रोकथाम के लिए समर्पित प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में प्रारंभ किया गया एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम महिलाओं, बच्चों और किशोरों जैसे संवेदनशील आयु वर्ग में एनीमिया की दर को कम करने का उद्देश्य लेकर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सीएचओ और एएनएम की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। ये न केवल प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा का चेहरा हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य शिक्षा, आयरन और फोलिक एसिड की आपूर्ति, टीकाकरण और पोषण जागरूकता जैसे कार्यों को भी कुशलतापूर्वक अंजाम देते हैं। राज्य स्तर पर रक्त शक्ति महाअभियान जैसी पहल भी इस कार्यक्रम को गति देने में मदद कर रही है। यह अभियान विशेष रूप से 13 से 45 वर्ष की आयु की महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की पहचान और निवारण पर केंद्रित है।

## हाथियों का बढ़ते आतंक को लेकर डीसी से मिले जेएलकेएम प्रतिनिधिमंडल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड इन दिनों जंगली हाथियों के आतंक से बुरी तरह प्रभावित है। फसलों का व्यापक नुकसान, घरों को क्षति और आम लोगों में भय का माहौल लगातार बना हुआ है। इन्हीं गंभीर समस्याओं को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सचिव गोपेश्वर महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त महोदय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वन विभाग द्वारा यह कहकर मुआवजा नहीं दिया जा रहा है कि यह क्षेत्र चांडिल डैम के डूबी क्षेत्र में आता है। यह तर्क विस्थापित और पीड़ित ग्रामीणों के साथ अन्याय है, जिन्हें बिना किसी गलती के दोहरी मार झेलनी पड़ रही है– पहले विस्थापन की, अब हाथियों के उत्पात की। गोपेश्वर महतो ने बताया कि उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस विषय में शीघ्र विभागीय समन्वय स्थापित कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत और मुआवजा दिलाने की दिशा में प्रशासन गंभीरता से प्रयास करेगा। मौके पर केन्द्रीय उपाध्यक्ष विद्रोही विष्णु, युवा मोर्चा के कोल्हान अध्यक्ष प्रताप महतो, विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन, पवन महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चिंतक डॉ मयंक मुरारी को मिला वर्ष 2025 का तुलसी सारस्वत सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान तुलसी सारस्वत सम्मान 2025 राँची के चिंतक और साहित्यकार डॉ मयंक मुरारी को को मिला है। प्रदान करने का निर्णय तुलसी भवन कार्यकारिणी ने लिया है। यह जानकारी सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने दी। डा मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक हैं। वह व्यक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर लिखते और काम करते हैं। वह भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते और चिंतन करते हैं। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 18 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके हैं। इन कार्यों के कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे हैं। वे पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वह हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते है। साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के फलस्वरूप इस वर्ष सम्मान में अंगवस्त्र, श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ के साथ 51000 का चेक भी प्रदान किया जाएगा।

## उल्लास नव भारत साक्षरता के तहत समीक्षा सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय सभागार में शुक्रवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड की ओर से उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को पौधे और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से चयनित प्रशिक्षक अपने प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन करते हुए साक्षरता संबंधी गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने बताया कि उपायुक्त के नेतृत्व में जिले में साक्षरता के लिए कदम उठाते हुए सभी प्रखंड कुल 20 हजार 993 असाक्षरों की पहचान करते हुए 2134 स्वयंसेवक बनाए गए हैं। मनोज कुमार निराला ने कहा कि साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन कौशल, डिजिटल शिक्षा, वित्तीय साक्षरता और नागरिक शास्त्र की समझ भी प्रदान करती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्य संसाधन दल के विशेषज्ञों ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रमुख घटकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन तोरपा बीपीओ नरेंद्र कुमार ने किया। उल्लेखनीय है कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय संस्थान, नई दिल्ली ने वर्ष में दो बार मार्च और सितंबर महीने में बुनियादी साक्षरता एवं साक्षरता परीक्षा का आयोजन होता है। इसमें जो भी असाक्षर सीखने के बाद परीक्षा में शामिल होते हैं और पास होते हैं तो उनको साक्षरता का प्रमाण पत्र दिया जाता है। खूंटी जिले में 2023 से अब तक लगभग 13 500 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं और लगभग 10 हजार परीक्षार्थी इस परीक्षा में सफल हुए हैं। उन्हें साक्षरता का प्रमाण पत्र दिया गया है। कार्यक्रम में राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला, खूंटी के उप विकास आयुक्त् आलोक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पाल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार और विजयालक्ष्मी, राज्य संसाधन समूह के सदस्य बजरंग साहू एवं पराग किशोर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया मंडल धर्मशाला में स्थानीय व्यवसायियों की हुई बैठक, संजय मोदी बने अध्यक्ष



**सरिया :** सरिया स्थित मंडल धर्मशाला में स्थानीय व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया जाए। इसके उपरांत, नए कमेटी के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें संजय मोदी को अध्यक्ष, हरिहर मंडल को सचिव, राजेश बरनवाल को कोषाध्यक्ष, विक्की जैन को उपाध्यक्ष और जिम्मी चौरसिया को उप सचिव के पद पर चुना गया। साथ ही, 11 सदस्यों वाली एक कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। यह नवगठित कमेटी स्थानीय व्यवसायियों के हितों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेगी। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने नई कमेटी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। मौके पर रिंकू प्रसाद सिंह, जगदीश मंडल, पंकज अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, महेश अग्रवाल, जिंदे माखीजा, अम्बर जैन, उपेंद्र बरनवाल,महेंद्र मंडल, संदीप अग्रवाल, सुबोध बरनवाल, देव कुमार मोदी, धीरज कुमार, चंदन कुमार, हर्ष अग्रवाल समेत कई व्यासाई मौजूद थे।

### मो. रफी नाईट में एसपी के गीतों पर मन्त्र मुग्ध हुए श्रोता



**सिमडेगा :** सिमडेगा नगर भवन में जिले वासियों एवं संगीत प्रेमियों के द्वारा मोहम्मद रफी नाइट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, एडीजे निरंजन सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत में महान गायक मोहम्मद रफी की तस्वीर परउन्हें श्रद्धांजलि देकर की गई। मोहम्मद रफी नाइट में स्थानीय कलाकारों ने रफी साहब के अमर गीतों को प्रस्तुत कर समां बांध दिया। खास आकर्षण तब देखने को मिला जब पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने खुद रफी के गाए गीतों को गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गायन का दर्शकों ने खूब आनंद उठाया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे संगीत और यादों से भरपूर एक यादगार शाम बताया। इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया और रफी साहब की गायकी को भारतीय संगीत का अमूल्य धरोहर बताया गया। पूरा माहौल सुरमयी धुनों और रफी साहब की यादों से सराबोर रहा। रांची से आए कलाकारों में इम्तियाज शाहिल एवं अनुप्रिया तथा राउरकेला से आए कलाकार पवन राजा की प्रस्तुति पर नगर भवन में उपस्थित श्रोता झूम उठे। संगीत के साथ म्यूजिशियन के रूप में रांची से आए कलाकार दीपू, उपेंद्र पाठक, भोला एवं सनी ने शानदार प्रस्तुति दी। स्थानीय कलाकारों में रविकांत साहू , नरेंद्र अग्रवाल , टिंकू मिश्रा, डीएवी स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुजय मिश्रा, जगन्नाथ राम, काशीलाल, संजय प्रसाद की प्रस्तुति को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेंबर ऑफ कॉमर्स , डिवाइन होंडा , भरत फ्रूट एंड कंपनी, कुबेर इंटरप्राइजेज ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में स्वच्छता समीक्षा बैठक

**सरिया :** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के पत्रांक 51/आरजी दिनांक 31/07/2025 के निर्देशों के आलोक में आज शाम 5:00 बजे व्यवहार न्यायालय, गिरिडीह में स्वच्छता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा के मार्गदर्शन में क्लीनिंग स्वच्छता समिति की बैठक हुई। जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह प्रीति कुमारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनोद कुमार, न्यायाधीश प्रभारी मोहम्मद दानिश नवाज, उपनगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, एवं भवन निर्माण विभाग के अभियंता उपस्थित थे। बैठक में न्यायालय परिसर, कक्षों, प्रकोष्ठों, कार्यालय, यूरिनल, शौचालय, नालियों, जल निकासी, जल प्रबंधन, और कचरा निपटान पर विस्तृत चर्चा हुई। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश सहित सभी सदस्यों ने परिसर, शौचालय, कॉरिडोर, और जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। आवश्यक कार्यों को चिह्नित कर संबंधित निर्देश जारी किए गए।


**महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**सूचना पट्ट निविदा सं0–14/2025–26**

पुलिस मुख्यालय, रक्षित परिवहन, झारखण्ड, राँची के अंतर्गत संचालित CIAZ वाहन में उपयोग होने वाले टायर–ट्यूब का क्रय/आपूर्ति हेतु GST निबंधित फर्मो से दिनांक–11.08.2025 को समय–16:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0स0 | वाहन का प्रकार | Specifications | | टायरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CIAZ | Tyre Size | 195/55R16 | 10 |
| | | Load Index | 100 or above | |
| | | Max Load Carrying Capacity | 890 Kg or above | |
| | | Max Speed | 140 km/hr or above | |
| | | Tread Depth | 79.2 mm or above | |
| | | Warranty | 2 years or above | |
| | | Tyre Uses | 100% | |

**नियम एवं शर्तेः–** 1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भाग–तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST ,पैन नम्बर तथा पूर्व में किसी सरकारी संस्थान में समरूप सामग्री की आपूर्ति संबंधी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

2. इस निविदा में टायर (MRF, Appolo, CEAT, Bridgestone, JK Tyre) के उत्पादनकर्त्ता /अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता ही निविदा समर्पित कर सकते हैं। उत्पादनकर्त्ता को OEM Certificate तथा अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता को Manufacturer Authorization Certificate समर्पित करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, राँची के पदनाम से उनके गोपनीय कार्यालय, पुलिस मुख्यालय में कार्यालय अवधि में समर्पित करेंगे। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा होना अनिवार्य होगा।
4. **परिशिष्ट–1** के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र के अनुसार निविदा समर्पित करेंगे। वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
5. उक्त **Specification** के अनुरूप टायर की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। Specification के अनुरूप आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
6. आपूर्ति किये जाने वाले टायर नये एवं अच्छी स्थिति में होने चाहिए। Refurbished & Retreaded Tyre को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. उक्त टायरों की आपूर्ति तथा Installation का कार्य कार्यादेश निर्गत होने के उपरांत पुलिस मुख्यालय रक्षित परिवहन, झारखण्ड, राँची में अविलम्ब करना होगा। टायरों की आपूर्ति के समय ही पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), झारखण्ड, राँची के पदनाम से Warranty Certificate समर्पित करना होगा।
8. ईच्छुक फर्म का सर्विस सेंटर/Dedicated Manpower राँची में होना अनिवार्य है।
9. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग दिनांक–12.08.2025 को समय–12:00 बजे Procurement Committee के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
10. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
11. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे। साथ ही झारखण्ड सरकार के द्वारा कोई भी सरकारी क्रय संबंधी नीतिगत निर्णय या अनुदेश प्राप्त होने पर उसके अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी।
12. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–1 सहित) झारखण्ड पुलिस के बेवसाइट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है। कार्यालय दिवस के दौरान पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची से भी सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज प्राप्त किया जा सकता है।

PR.NO.358748 Police(25-26):D पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), झारखण्ड, राँची।

# स्मृति शेषः प्रमिला ताई मेढे

स्त्री ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। इसी ध्येय वाक्य के साथ देश में लगभग 90 वर्षों से कार्यरत राष्ट्र सेविका समिति भारत की स्त्रियों के विकास में जुटी है। प्रमिला ताई जी इस संगठन की चतुर्थ मूल स्तंभ थीं। राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ प्रमुख संचालिका प्रमिला ताईजी मेढे का महाप्रयाण भारत की मातृशक्ति के सक्षम नेतृत्व और वर्तमान की अपूरनीय क्षति है। गुरुवार, 31 जुलाई को प्रातः 9.05 बजे नागपुर में देवी अहिल्या मंदिर में वृद्धावस्था के कारण ताईजी ने अंतिम सांस ली। ताईजी का 97 वर्ष का संपूर्ण जीवन राष्ट्र भक्ति, मातृशक्ति की तपस्विता, सक्रियता, धर्माभिमान एवं राष्ट्रनिष्ठा का जीता-जागता उदाहरण है, जिससे भावी पीढ़ी को सदैव सीखने को मिलता रहेगा।

प्रमिला ताईजी के जीवन और उनके कार्यों को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है। अत्यंत विषम परिस्थितियों में निरंतर साधक के रूप में अंतिम सांस तक वह राष्ट्र की मातृशक्ति के लिए संकल्प और साहसपूर्वक कार्य करती रहीं। राष्ट्र सेविका समिति की केंद्र कार्यालय प्रमुख, अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका, समिति की ओर से विश्व विभाग प्रमुख, सह प्रमुख संचालिका (2003- 2006) वंदनीय प्रमुख संचालिका (2006 से 2012) जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व प्रमिला ताईजी ने संभाले। पूरे भारत में उन्होंने कार्य किया ही, श्रीलंका, केन्या, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका आदि देशों में भी उन्होंने कार्य करते हुए प्रवास किया। अमेरिका प्रवास में न्यू जर्सी के मानद नागरिकत्व से भी उन्हें सम्मानित किया गया। साल 2020 में एसएनडीटी विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें डिलीट पदवी प्रदान की गई थी।

यह भी उल्लेखनीय है कि वंदनीय मौसीजी की जन्मशताब्दी वर्ष के निमित्त (2003-2004) मौसीजी की चित्र प्रदर्शनी लेकर पूरे भारतवर्ष तथा नेपाल सहित 108 स्थानों पर लगभग 28,000 किलोमीटर का पूरा प्रवास उन्होंने कार से किया था। तब उनकी आयु 75 वर्ष हो चुकी थी। नौ गज की साड़ी पहनी हुई साक्षात मां भारती की प्रतिमूर्ति के रूप में ताईजी देश-विदेश में जब अंग्रेजी भाषा में प्रभुत्व से बात करतीं, भाषण देतीं तो लोग आश्चर्यचकित हो जाते। केन्या में सेविकाओं के लिए जो कार्यालय बना, उस "सरस्वती सदन" का उद्घाटन वंदनीय ताईजी आपटे के जन्मशताब्दी वर्ष में उनके हाथों हुआ था। सेवा इंटरनेशनल के केन्या के कार्यक्रम में उनका भाषण मन को छूनेवाला था। "वयं विश्वशान्त्यै चिरं यत्नशीलाः" नामक पुस्तक में उन्होंने अपने विश्व विभाग प्रवास के अनुभव लिखे हैं। अभी तक विदेश से आए हुए कार्यकर्ता उनको मिलने के लिए नागपुर आते रहते थे। किसी भी आयु के व्यक्ति के साथ उनकी मानसिकता मिलती ही थी। मुख्य रूप से युवा बहनों के साथ वह बहुत सम भाव से अपने भाव और उद्देश्य प्रेषित करती थीं।

संगठन में दक्ष, आज्ञा का सही अर्थ समझना है तो प्रमिला ताई जी के त्याग और तपस्वी जीवन को ठीक से देखना होगा। अपनी वेशभूषा, संवाद, लेखन, पठन, प्रतिक्रिया देना, भाषण देना, बैठक लेना आदि सभी में सदैव दक्ष थी। पिछले सप्ताह कारगिल विजय दिवस पर सोशल मीडिया में जो पोस्ट बनी उसमें सलाम शब्द लिखा था। उसे पढ़ कर सोशल मीडिया के ग्रुप में प्रमिला ताईजी का संदेश आया, सलाम के स्थान पर नमन लिखना चाहिए। स्वयं को मानसिक और व्यावहारिक रूप से अद्यतन रहने का आदर्श प्रमिला ताईजी सिखाती थीं। नागपुर ही नहीं, महाराष्ट्र, संपूर्ण भारत, विदेश सहित विभिन्न स्थानों की ताजा खबरें उन्हें ज्ञात होती थी। कहीं अन्याय हुआ, कहीं गलत दिखाई दिया या कुछ अच्छा हुआ तो तुरंत उनका फोन उस व्यक्ति, लेखक, संपादक या राजनेता को जाता ही था। सोशल मीडिया पर शीघ्र उत्तर देना हो, पत्र का तुरंत उत्तर देना- यह काम वह तत्परता से करती थीं। कभी तो स्टेटस देखकर भी कुछ संवाद करती थीं। उनके मस्तिष्क के सारे बिंदु हमेशा सतर्क भाव में रहते थे। इसलिए पिछले सप्ताह में हुई अखिल भारतीय बैठक में (बोलने की शक्ति न रहते हुए भी) उन्होंने ऑनलाइन आते हुए सभी सेविकाओं को सतर्क रहने का आशीर्वाद दिया था।

## सूडोकु नवताल- 7509

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7508 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# मालेगांव विस्फोट एवं भगवा पर कलंक की साजिश

**ललित गर्ग**

29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट की न्यायिक परिणति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कैसे सत्ता, वोटबैंक और वैचारिक पूर्वाग्रहों ने भारतीय न्याय और निष्पक्षता की नींव को झकझोर दिया। मुंबई की एनआईए कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित को सबूतों के अभाव में बरी कर देना न केवल कानूनी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला है, बल्कि यह उस 'भगवा आतंकवाद' की मिथ्या कथा पर भी करारा प्रहार है जिसे वर्षों तक कांग्रेस ने राजनीतिक मंचों और मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया। यह कांग्रेस की फर्जी कहानी का अंत एवं सत्य की जीत का एक अमूल्य आलेख है।

अदालत का यह वक्तव्य कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता', भारतीय संस्कृति और न्यायशास्त्र की मूल आत्मा को पुनः जीवित करता है। यह वही भारत है जहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अहिंसा परमो धर्मः' की गूंज होती रही है, लेकिन दुर्भाग्यवश 2008 के बाद हिंदू धर्म, हिंदुत्व और भगवा पर ऐसा कलंक मढ़ा गया मानो वे आतंकवाद के स्रोत हों। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआइए की विशेष अदालत उस नतीजे पर पहुंची, जिस पर बांबे हाई कोर्ट ट्रेन विस्फोट कांड की सुनवाई करते हुए पहुंचा था। ऐसा कई आतंकी घटनाओं के मामलों में हो चुका है। इससे यही पता चलता है कि कभी जांच एजेंसियां, कभी अदालतें और कभी दोनों अपना काम सही तरह और समय पर नहीं करतीं। जांच और फिर अदालती कार्यवाही में देरी तथा ढिलाई एक बड़ा रोग है। आतंक के मामलों की जांच में यह भी कोई दबी-छिपी बात नहीं कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं वोट बैंक बाधा बनते हैं। आतंकी घटनाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। मालेगांव विस्फोट कांड में प्रज्ञा ठाकुर, सुधाकर द्विवेदी आदि की गिरफ्तारी के आधार पर हिंदू और भगवा आतंक का जुमला उछाला गया। इसका मकसद कथित भगवा आतंक को जिहादी आतंक जैसा बताना था। यह हिंदू ही नहीं, देश विरोधी साजिश थी। इसका लाभ पाकिस्तान को मिला, क्योंकि कांग्रेस के कई नेताओं ने समझौता एक्सप्रेस कांड पर भी एजेंसियों के सहारे भगवा आतंक की फर्जी कहानी गढ़ी।

भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा ध्रूवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की जरूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों



मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी। यह कांग्रेस का एक षडयंत्र एवं साजिश थी जो अब पर्दापाश हो गयी है। कांग्रेस शासित प्रांत में सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया गया।

मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। कोर्ट ने कहा, श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई। अदालत ने कहा कि ना तो घटनास्थल का स्केच बनाया गया, ना फिंगरप्रिंट लिए गए, ना बम के सटीक स्रोत की पुष्टि हुई और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण था। अभियोजन पक्ष ने जिस मोटरसाइकिल को बम के लिए इस्तेमाल होने की बात कही थी, वह भी प्रज्ञा ठाकुर से जुड़ी नहीं पाई गई। यह सब कुछ बताता है कि पूरा केस पूर्वग्रहों, दुर्भावना और राजनीतिक साजिश से प्रेरित था। यदि न्याय के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाए, तो वह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि समस्त समाज और संस्कृति को दंडित करने जैसा होता है। प्रश्न यह उठता है-तो क्या अब तक इन आरोपियों को गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया?

हिंदू धर्म और आतंकवाद-ये दो शब्द आपस में मेल नहीं खाते। सनातन संस्कृति का मूल आधार ही शांति, सहिष्णुता और करुणा है। विश्व में यदि कोई धर्म ऐसा है जिसने 'युद्ध नहीं, यज्ञ', 'हिंसा नहीं, अहिंसा' का मार्ग दिखाया है, तो वह हिंदू धर्म है। राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, विवेकानंद और गांधी-इन सभी की परंपरा में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं। 'भगवा आतंकवाद' एक गढ़ा गया मिथक था, जो ना केवल हिंदू समाज को कलंकित करता है, बल्कि भारत की आत्मा को भी चोट पहुंचाता है। भगवा वस्त्र तो त्याग, तपस्या और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। उसे बम और खून से जोड़ना स्वयं भारतीयता के खिलाफ साजिश है। इस फैसले ने जहां एक ओर निर्दोषों को न्याय दिया, वहीं दूसरी ओर यह देश के जनमानस को आत्ममंथन का अवसर भी देता है, क्या हम इतनी आसानी से किसी को भी आतंकवादी घोषित कर देंगे? क्या हम किसी राजनीतिक विचारधारा के विरोध के कारण पूरे धर्म को कटघरे में खड़ा कर देंगे? क्या धर्म का दुरुपयोग कर वोटबैंक की राजनीति करते रहेंगे? साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की प्रतिक्रिया- 'आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है' इस बयान में उनके दर्द एवं यथार्थ को समझने की आवश्यकता है। यह केवल एक साध्वी की व्यक्तिगत मुक्ति की खुशी नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की आवाज है जिनके लिए भगवा आस्था और अस्मिता का प्रतीक है।

वर्षों तक मीडिया ने इस मामले को सनसनीखेज बनाकर 'हिंदू आतंकवाद' को ग्लैमराइज किया। प्राइम टाइम पर भगवा को हिंसा से जोड़ना, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 'संदिग्ध आतंकी' की तरह चित्रित करना और बिना न्यायिक पुष्टि के चरित्रहनन करना, पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ था। वहीं, तथाकथित बुद्धिजीवियों एवं देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी ने भी इस मामले में एकतरफा विचारधारा के चलते भगवा को 'खतरा' घोषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे लोगों से अब यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या आप सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे?

मालेगांव विस्फोट मामले में आया फैसला केवल न्यायिक विजय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह भारत की न्याय प्रणाली, समाज की सहिष्णुता और धर्म की शुद्धता का प्रमाण है। आज समय है, जब राष्ट्र को यह समझना चाहिए कि धर्म को आतंक से जोड़ना स्वयं एक मानसिक आतंक है। सत्य को स्वीकारने का साहस कीजिए, क्योंकि न्याय तभी पूर्ण होता है जब उसमें निष्पक्षता, संवेदना और सत्य का साथ हो। यह मामला दर्शाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पस्त या पराजित नहीं। सत्यमेव जयते- यह सत्य की जीत है, सनातन की जीत है।

# प्रभु अवतरेहु हरनि महि भारा

**गिरीश्वर मिश्र**

भारतीय संस्कृति अपनी जीवन-यात्रा के पाथेय के रूप में कोई न कोई छवि आधार रूप में गढ़ती है। यह छवि ऐसा चेतन आईना बन जाती है जिससे आदमी अपने को पहचानता है और उसी से उसे जो होना चाहता है या हो सकता है उसकी आहट भी मिलती है। इस अर्थ में अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों ही इस अकेली छवि में संपुंजित हो कर आकार पाते हैं। ऐसे ही एक अप्रतिम चरितनायक के रूप में श्रीराम युगों-युगों से भारतीय जनों के मन मस्तिष्क में बैठे हुए हैं। भारतीय मन पर उनका गहरा रंग कुछ ऐसा चढ़ा है कि और सारे रंग फीके पड़ गए। भारतीय चित्त के नवनीत सदृश श्रीराम हजारों वर्षों से भारत और भारतीयता के पर्याय बन चुके हैं। इसका ताजा उदाहरण अयोध्या है। यहाँ पर प्रभु के विग्रह को ले कर जन-जन में जो अभूतपूर्व उत्साह उमड़ रहा है वह निश्चय ही उनके प्रति लोक-प्रीति का अद्भुत प्रमाण है। वे ऐसे शिखर पर विराजते हैं कि किसी भी साधक के लिए अवसर बना रहता है। सबका अतिक्रमण करती उनकी मयार्दा हमेशा बीस ही पड़ती है। उनकी उपस्थिति इतिहास के खंडहर या किसी ग्रंथ के पाठ से अधिक लोक जीवन के रोम-रोम में बसी हुई है।

श्रीराम एक हैं पर उनके विविध रूप हैं या उन्हें अनेक रूपों में देखा जाता है। आखिर नाना प्रकार की विचित्र-विचित्र ऋजु कुटिल रुचियों वाले लोगों से भरे समाज के लिए कोई एक रूप पर्याप्त भी तो नहीं हो सकता। इसलिए सगुण और निर्गुण दोनों ही तरह से श्रीराम को आत्मसात किया जाता है। श्रीराम परब्रह्म है। दूसरी ओर उनकी मानवी भूमिका कोसल्यानंदन की भी है जो अयोध्या नरेश दशरथ के आँगन में किलकारी भरते हैं और बालसुलभ सारी गतिविधियाँ करते हैं। राम के चरित जैसा सहज और चमत्कार दोनों का ऐसा मेल दुर्लभ है। उनकी कथा के मूल को खोजना कठिन ही नहीं असंभव है। जाने कब से वह बार-बार कही सुनी जा रही है और सुनने वाले अपने ढंग से सुनते हैं और फिर दूसरों को सुना कर साझा करते हैं। इसलिए वह अनंत भी है। कथा का विस्तार इतना है कि जीवन में अनुभव किए जा सकने वाले मीठे, कड़वे, तीखे, कसैले सभी रस मृदु से कठोर तक विस्तृत सभी रूप में आस्वादन के लिए उपस्थित रहते हैं। वे भक्त जनसुलभ हैं। उनका भव्य रूप न्यारा है श्यामवर्ण, राजीवनयन, आजानबाहु, तीर-धनुष लिए श्रीराम की दृष्टि में सारी सृष्टि समाई है और वे तत्परता से पापी और आततायी को दंडित कर शांति स्थापित करने के लिए व्यग्र हैं। लोकनायक श्रीराम जन रंजन के लिए समर्पित हैं। लोक संग्रह उनका धर्म है। आस्था, विश्वास और निष्ठा के साथ भक्त उनके स्मरण, भजन और दर्शन की चाह में डूबते-उतराते रहते हैं। राम की स्मृति को संजोने और अपने अनुभव का सतत रूप से हिस्सा बनाए रखने के लिए लोक-जीवन में न केवल अनेक पर्व, त्योहार, स्नान-ध्यान आयोजित होते रहते हैं बल्कि सामान्य पारस्परिक व्यवहार में भी सभी अवसरों पर याद करते रहते हैं। राम का नाम असंख्य भारतीयों ने अपने नाम के रूप में अपना लिया है। स्थानीय लोकाचार के साथ तरह-तरह के अनुष्ठानों के बीच श्रीविष्णु के मानव अवतार श्रीराम को स्मरण करते हुए असीम ऊर्जा और आनंद का अनुभव करते हैं। भारतीय जीवन में श्री राम श्वास-प्रश्वास की भाँति बसे हुए हैं। श्रीराम की कथा ऐसा आख्यान है जिसके विस्तार में रिश्तों-नातों की वे सारी जटिलताएँ उपस्थित मिलती हैं जो हर पीढ़ी के लोग अनुभव करते रहे हैं। उसमें भावनाओं की दुनिया का ऐसा अकथ विस्तार है जिसमें हर कोई जीवन के पड़ावों पर अनुभव किए जाने वाले मान-अपमान, त्याग-स्वार्थ, ईर्ष्या-द्वेष, आश्वस्ति-आशंका, हर्ष-विषाद, आक्रोश-सौहार्द, प्रेम-घृणा, मैत्रीझशत्रुता, धोखा-भरोसा, मोह-शोक, आदर-तिरस्कार, पाप-पुण्य, आशा-निराशा, विरह-मिलन, ज्ञान-भक्ति, शौर्य-कायरता आदि की भावनाओं से रूबरू होता है। इनकी छायाएँ चारों ओर बिखरी पड़ी रहती हैं जिनमें हर कोई खुद को खड़ा पाता है। परंतु इन सबसे गुजरते हुए आदमी में उत्तम या श्रेयस्कर जीवन की साधना और मूल्यों की ओर ऊपर उठाने की चाह पैदा भी पैदा होत्ती है। वही राम-कथा का अभीष्ट भी है।

चूँकि जीवन एक कथा के रूप में ही आकार लेता है इसलिए कथा या आख्यान में पिरो कर जीवन मूल्यों को जन-जन में प्रतिष्ठित करने की चेष्टा वाल्मीकि, तुलसी, कम्बन समेत अनेकानेक रचनाकारों द्वारा रची रामायण में की जाती रही। यह स्वाभाविक और सबके लिए ग्राह्य भी है। आज की औपचारिक शिक्षा से दूर अनपढ़ ग्रामीण भी सदियों से राम-कथा से अनुप्राणित होते आ रहे हैं। मीडिया के वर्तमान रूप के बहुत पहले से राम-कथा की वाचिक परम्परा और राम-लीला का मंचन कथा-प्रसंग की अविरल लोकप्रियता का संकेत करते हैं। मानवीय भागीदारी के कारण उसमें हमेशा कुछ नवीनता की भी गुंजाइश बनी रहती है। कथावाचक या रामलीला की मंडलियां अपने निजी वैशिष्ट्य का परिचय देते हैं। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा शुरू हुई ये लीलाएँ काशी नगरी में कई जगहों पर आयोजित होती है और कहीं का भरत मिलाप प्रसिद्ध है तो कहीं की नक कटैया तो कहीं का वन गमन और कहीं का केवट प्रसंग। राम कथा के व्यास (कथा वाचक आचार्य) अपने-अपने खास ढंग से कथा को रचते हुए कथामृत का पान कराते हैं। इतिहास न हो कर सर्जनात्मक हस्तक्षेप के अवसर वाली ये जीवंत कथा प्रस्तुतियां देखते हुए यही कह सकते हैं हरि अनंत हरि कथा अनन्ता। यह ठीक भी है आखिर भगवान भक्त के अधीन जो ठहरे।

राम कथा के पंडित अमूर्त स्तर पर 'राम' की व्याख्या कुछ इस प्रकार हैंः प्रतीकार्थ में राम आत्मारूपी आंतरिक प्रकाश हैं। दशरथ और कौशल्या से राम का जन्म का अर्थ दस इंद्रियों की कुशलता से उस प्रकाशस्वरूप आत्मा की अनुभूति करना है। आत्म-ज्ञान से अहंकार और विषयासक्ति की समाप्ति होती है और राग-द्वेष से उपजती नकारात्मकता पर विजय मिलती है जो जीवन की सबसे बड़ी चुनौतियाँ है। आत्म-ज्ञान वस्तुतः यथार्थ या सत्य के बोध को द्योतित करता है। अपने यहां सत्य को सबसे बड़े मूल्य का दर्जा दिया गया उससे ऊपर कुछ भी नहीं है : न हि सत्यात परो धर्मः । सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उसे सबसे बड़ा बल कहा गया है। वह सनातन धर्म है। सत्य की ही जय होती है। महाभारत में सत्य को ही धर्म, तप और योग कहा गया है। सत्य ही सनातन ब्रह्म है। सत्य को ही परम यज्ञ कहा गया है तथा सब कुछ सत्य पर ही टिका हुआ है। श्रीराम रावण के रूप में विद्यमान असत्य को अपदस्थ कर सत्य की प्रतिष्ठा करते हैं। ऐसे श्रीराम की स्मृति को जीवित करती अवधपुरी अयोध्या सरयू नदी के तट पर स्थित है।

इस नागरी की गणना मोक्षदायिनी सात नगरियों में की गई है। मोक्ष का एक सीधा और सरल अर्थ है मोह का क्षय। जीवन मुक्त वह व्यक्ति होता है जो जीते जी इसे साध ले। इस तरह पवित्र प्रेरणा के लिए अयोध्या युगों-युगों से का आश्रय बना हुआ है। तुलसीदास जी का 'रामचरितमानस ' अयोध्या में ही रचा था।

# स्क्रीन का शिकंजा : ऑस्ट्रेलिया से सबक लेगा भारत?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए यूट्यूब समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाने का साहसिक फैसला लिया है। यह कदम बच्चों को ऑनलाइन दुनिया के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए उठाया गया है। भारत जैसे देशों में, जहां डिजिटल लत तेजी से फैल रही है, वहां इस तरह की नीति बहुत जरूरी है। यह समय है कि भारत भी बच्चों के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए स्पष्ट कानून बनाए, अभिभावकों को जागरूक करे और बच्चों को स्क्रीन की लत से मुक्त करके संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाए। ऑस्ट्रेलिया के फैसले से दुनिया के देशों को सबक लेना चाहिए कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने का समय अब आ गया है।

बचपन अब किताबों से नहीं, स्क्रीन की चमक से आकार ले रहा है- यह वाक्य अब हमारे समाज की वास्तविकता बन चुका है। मोबाइल, टैबलेट और इंटरनेट की पहुँच बच्चों तक इतनी सहज हो चुकी है कि चार साल का बच्चा भी यूट्यूब पर कार्टून देख सकता है और दस साल का बच्चा इंस्टाग्राम पर रील्स बनाना जानता है। ऐसी स्थिति में ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा लिया गया फैसला न सिर्फ साहसिक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में ऐतिहासिक कदम भी है। ऑस्ट्रेलिया ने यह तय कर दिया है कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह नीति 10 दिसंबर से लागू हो रही है और इसका उल्लंघन करने पर संबंधित प्लेटफार्मों पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया की संसद पहले ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफार्मों को 16 साल से कम आयु के बच्चों के लिए प्रतिबंधित कर चुकी है। अब यूट्यूब को भी इसी दायरे में शामिल किया गया है। यह दुनिया का पहला कानून है जो बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर इतनी स्पष्टता और कठोरता के साथ लागू किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक अगर कोई प्लेटफार्म 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सेवाएं देना जारी रखता है, तो उस पर 5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। यह कोई सामान्य चेतावनी नहीं है, बल्कि टेक कंपनियों को जवाबदेह बनाने की गंभीर कोशिश है।

ऑस्ट्रेलिया की सरकार का मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक विकास और व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने यह स्पष्ट कहा है कि माता-पिता को यह जानने का हक है कि उनके बच्चे क्या देख रहे हैं और किसके प्रभाव में हैं। यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर जो सामग्री बच्चों के सामने आती है, वह कई बार हिंसा, लैंगिक पूर्वाग्रह, अपशब्दों और अमर्यादित व्यवहार से भरी होती है। इतना ही नहीं, बच्चों को लगातार विज्ञापन, ब्रांडेड कंटेंट और चकाचौंध वाली ज़िंदगी दिखाकर उनकी असल दुनिया से दूरी बढ़ाई जा रही है।

यूट्यूब का कहना है कि वह केवल एक वीडियो होस्टिंग प्लेटफार्म है और उसे सोशल मीडिया की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। यूट्यूब के प्रवक्ता का तर्क है कि 13 से 15 साल के लगभग तीन-चौथाई ऑस्ट्रेलियाई किशोर इसका उपयोग करते हैं और इसे शैक्षणिक, रचनात्मक व मनोरंजक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पर सवाल उठता है कि क्या यूट्यूब या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म बच्चों के लिए वाकई सुरक्षित हैं? क्या वे सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों को केवल उपयुक्त और सकारात्मक सामग्री ही दिखाई जाए? वास्तविकता यह है कि अधिकतर टेक कंपनियाँ केवल व्यूज, क्लिक और विज्ञापन राजस्व के लिए काम करती हैं, न कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए।

भारत जैसे देशों में यह मुद्दा और अधिक गंभीर हो जाता है। यहां इंटरनेट यूजर्स की संख्या करोड़ों में है, जिनमें बड़ी संख्या किशोरों और स्कूली बच्चों की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 13 से 17 वर्ष के बच्चे हर दिन औसतन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं। इतनी कम उम्र में जब बच्चों को किताबों, खेल और सामाजिक मेल-जोल में समय बिताना चाहिए, वे अपने कमरे में अकेले बैठकर स्क्रीन से चिपके रहते हैं। इससे न सिर्फ उनकी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक विकास भी बाधित होता है।

स्कूलों में शिक्षकों को अब इस बात की चिंता होती है कि विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, क्योंकि रातभर मोबाइल पर लगे रहते हैं। माता-पिता इस कशमकश में रहते हैं कि बच्चों को मोबाइल दें या न दें, क्योंकि अगर वे न दें तो बच्चा पिछड़ने का डर जताता है और दें तो स्क्रीन की लत लग जाती है। डिजिटल लत अब नशे की तरह फैल चुकी है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, नींद की कमी, एकाग्रता में गिरावट और रिश्तों से दूरी जैसी समस्याएँ अब आम हो चुकी हैं। कुछ बच्चे तो सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग और साइबर बुलिंग का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

भारत में अभी तक इस मुद्दे पर कोई ठोस नीति नहीं बन पाई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 13 साल की आयु सीमा तो तय है, लेकिन उसका पालन कोई नहीं करता। बच्चे गलत उम्र डालकर खाते बना लेते हैं और बिना किसी निगरानी के उनका इस्तेमाल करते हैं। माता-पिता की भूमिका भी संदिग्ध है- कुछ अभिभावक खुद ही बच्चों को स्क्रीन थमाकर व्यस्त हो जाते हैं, जबकि उन्हें मार्गदर्शक बनना चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**2 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.39 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 08.51 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 11.02 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 13.16 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.32 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.37 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.24 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.57 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.27 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 00.07 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मिथुन | 02.06 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 04.19 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 214 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** अष्टमी 07.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा अहोरात्र।
**योग** शुक्ल(शुक्र) अहोरात्र।
**करण** बव 07.24 बजे तदनन्तर बालव 20.35 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872424
**जूलियन दिन** 2460889.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के सात छात्र नेट परीक्षा में हुए सफल

**हजारीबाग :** जून 2025 में यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से सात छात्रों ने सफलता प्राप्त की। कुक जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सैयद रिजवान अहमद ने बताया कि सफल होने वाले छात्र उन छात्र आरिफ हुसैन, ज्योति कुमारी चौधरी, रीजू, प्रताप कुमार दास, वर्षा रानी, दीप चंद मेहता एवं वर्षा रानी है। डॉ अहमद ने हर्ष जताते हुए विभाग के सारे सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विभाग के शिक्षक डॉ गंगा नंद सिंह एवं डॉ नीरज डांग ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। सभी छात्र-छात्राओं ने विभाग के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि दिसंबर 2024 में आयोजित होने वाली नेट परीक्षा में भी इस विभाग के 6 छात्रों ने सफलता प्राप्त की थी। इस विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क जुलाई सेशन, 2024 में 16 छात्र नामांकन ले कर पढ़ाई कर रहे हैं।

### करंट की चपेट में आया बिजली मिस्त्री, ट्रांसफार्मर से गिरकर घायल

**पश्चिम सिंहभूम :** जिले के बंदगांव प्रखंड स्थित लांडुपोदा गांव में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब विद्युत विभाग का अनुबंधित बिजली मिस्त्री श्याम सुंदर रजक फ्यूज जोड़ने के दौरान 11 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह ट्रांसफार्मर से नीचे गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया। श्याम सुंदर रजक लोटापहाड़ गांव का निवासी है और विभाग की ओर से उसे कराईकेला थाना क्षेत्र के लांडुपोदा गांव के आदिवासी टोला में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर का फ्यूज ठीक करने की जिम्मेदारी दी गई थी। दोपहर में वह विभाग से शटडाउन लेने के बाद ट्रांसफार्मर पर चढ़कर फ्यूज का तार जोड़ने का कार्य कर रहा था। कार्य पूरा भी नहीं हुआ था कि अचानक लाइन चालू हो गई। इससे तेज करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगते ही वह ट्रांसफार्मर से नीचे जमीन पर आ गिरा। हादसे में उसकी पीठ की हड्डी टूट गई, दोनों पैर और शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और सहकर्मियों की मदद से घायल बिजली मिस्त्री को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल, जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के एसडीओ भामा टुडू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल पहुंचे। एसडीओ ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था की और घायल मिस्त्री के इलाज की निगरानी की।

### पिस्टल और गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार

**खूंटी :** पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी थाना की पुलिस ने खूंटी कर्रा मुख्य मार्ग पर छापेमारी कर चिरूहातु गांव के महावीर मुंडा (20) नामक एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपित के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा गोलियां, एक खोखा और एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इस संबंध में गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध खूंटी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि चिरूहातु गांव में एक अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से हथियार के साथ घूम रहा है।

# रामगढ़ में व्यापक स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण अभियान शुरू

## उपायुक्त के निर्देश पर 15 अगस्त तक एक लाख लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर 15 अगस्त 2025 तक जिले में 1 लाख लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अब तक जिले में हजारों लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट ऐड संबंधित प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़ी संख्या में उच्च विद्यालयों एवं प्लस टू उच्च विद्यालयों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब होकि अगले एक माह में अभियान मोड में जिले के पंचायतों, विद्यालयों, कारखानों, खदानों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा सभी जिले वासियों से अपने नजदीकी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपचार करने संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की गई है।

## मारुति मिंज बनी बोकारो की डीटीओ, संभाला पदभार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिले में परिवहन व्यवस्था को सख्ती से नियंत्रित करने के उद्देश्य से मारुति मिंज ने बोकारो जिला परिवहन पदाधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान डीटीओ वंदना सेजवलकर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करते ही मारुति मिंज ने साफ कर दिया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को नियमों की जानकारी देने और उन्हें जागरूक करने के लिए जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। खासकर स्कूल, कॉलेज, और सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि लोग खुद नियमों का पालन करें। मारुति मिंज ने यह भी कहा कि सरकारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और किसी भी प्रकार के गैरकानूनी कार्यों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उनके इस रुख से यह साफ है कि अब बोकारो में परिवहन व्यवस्था को लेकर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## शिक्षा की ओर सशक्त कदम : बोकारो के तीन पंचायतों में लर्निंग रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल करते हुए आज बोकारो जिले के तीन पंचायतों–ग्राम धानडाबर (अलकुसा पंचायत), पीएसम स्कूल (क्षितिज स्मारक पब्लिक स्कूल, सियालजोरी पंचायत) में लर्निंग रिसोर्स सेंटर (एलआरसी ) का भव्य उद्घाटन किया गया। यह पहल वेदांता ई.एस.एल. स्टील लिमिटेड और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट (एआईएफटी) के संयुक्त सहयोग से प्रोजेक्ट शिक्षा के तहत संचालित की जा रही है। इन एलआरसी केंद्रों को फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) और स्टेम किट से सुसज्जित किया गया है, जो न केवल कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को बल्कि आंगनबाड़ी (नंद घर) के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण अधिगम का अवसर प्रदान करेंगे। यह संसाधन केंद्र विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक सोच, गणितीय क्षमता और बुनियादी साक्षरता को सशक्त बनाएंगे। प्रोजेक्ट शिक्षा का उद्देश्य बोकारो के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को मजबूत करना और सरकारी विद्यालयों में अधिगम की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। ईएसएल के कैचमेंट एरिया में स्थित ये सामुदायिक केंद्र स्थानीय समुदाय और बच्चों के लिए एक उम्मीद की नई किरण बनकर उभरे हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर वेदांता ई.एस.एल. स्टील लिमिटेड के सीईओ, सीएसआर हेड, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

## बोकारो डीलरों का धरना, बकाया कमीशन समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिला फेयर प्राइस डीलर्स एसोशिएशन ने ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के तहत अपनी लंबित मांगों को लेकर आज उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा। एसोशिएशन के प्रतिनिधि हरिनंदन प्रसाद सिंह ने बताया कि राज्य के 25,269 डीलर वर्षों से नियमपूर्वक खाद्यान्न वितरण कर रहे हैं, फिर भी उन्हें उनके कार्यों का कमीशन समय पर नहीं मिल रहा है। डीलरों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मार्च 2023 से अगस्त तक का कमीशन अब तक लंबित है। इसके साथ ही, ग्रीन कार्ड योजना के अंतर्गत वितरित चावल, दाल, चना और नमक की राशि 18 माह से अधिक समय से बकाया है। ज्ञापन में 10 प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें कोरोनाकाल की बकाया राशि, नोमिनी को लाइसेंस ट्रांसफर, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन में शोषण बंद करने, पेपरलेस प्रणाली लागू करने, ई केवाईसी की जिम्मेदारी लाभार्थियों पर डालने, स्मार्ट पीडीएस के क्रियान्वयन से पहले उसकी खामियों को दूर करने, और सभी दुकानों में 4 जी ई-पीओएस मशीन भेजने की मांग शामिल हैं। डीलरों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुईं, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। धरना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई गई।

## बारिश में किचन का कच्चा दीवार गिरने से भाई की मौत, बहन गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बबनखेता गांव में शुक्रवार सुबह एक दिल दहलाने वाली घटना प्रकाश में आई है। जहां ईंट के दीवार से दबकर एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि उसकी 12 वर्षीय बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक इसी गांव के निवासी पप्पू यादव का पुत्र अमन कुमार है। जबकि घायल किशोरी उनकी पुत्री मौसम कुमारी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मौसम कुमारी घर के बरामदे पर स्थित रसोई में चाय बना रही थी और उसका छोटा भाई अमन बिस्कुट लेकर चाय बनने का इंतजार कर रहा था। इसी बीच रसोई घर का दीवार दोनों मासूम बच्चों के ऊपर गिर गया। हादसे में दोनों बच्चे दीवार के मलबे में दब गए। जैसे ही घर वाले को दीवार गिरने की आवाज सुनाई पड़ी सभी लोग दौड़कर किचन के पास पहुंचे और गिरे मलबे को हटाकर बच्चों को बाहर निकाला। जिसके तुरंत बाद दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अमन कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि मौसम कुमारी की नाजुक हालत को देखते हुए देवघर रेफर कर दिया गया।

# रामगढ़ में नीति आयोग अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ टाउन हॉल में नीति आयोग अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, विधायक प्रतिनिधियों, जिला स्तरीय वरीय अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सभी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस क्रम में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के तहत सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने और भी प्रभावी तरीके से आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम का संचालन करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी को दी। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, सहीयाओ सहित अन्य के साथ संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं बेहतर तरीके से कार्यों का संचालन करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के तहत बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को गोल्ड/सिल्वर मेडल सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वही कार्यक्रम के दौरान टाउन हॉल रामगढ़ में नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षा हाट के तहत जेएसएलपीएस के द्वारा वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर विभिन्न स्टाल लगाए गए। उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने बताया कि जो भी हमारे फ्रंटलाइन वर्कर हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम किया है उनको हम लोगों ने सम्मानित किया है इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जो भी बुनियादी सुविधाएं हैं वो समाज में बैठे अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे और उनको उसका लाभ मिले मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे मुखिया संघ के अध्यक्ष ने बताया कि जो अपने क्षेत्र में बढ़िया काम किए हैं उनको आज सम्मानित किया गया है ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के अंदर काम करने की रुचि बढ़ती है। मौके पर गेहूं की डंठल से अद्भुत कलाकृति बना कर अपना एक स्टॉल लगाने वाली लड़की ने बताया कि यह सभी स्टॉल गेहूं के डंठल से तैयार किए गए हैं जो मेरा बचपन का शौक है अब हमारे इस कलाकृति को अमेरिका से भी आर्डर मिला है जो मेरे लिए गर्व की बात है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड वाइड वेब दिवस



**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में उच्च कक्षा के विद्यार्थियों के साथ शुक्रवार को वर्ल्ड वाइड वेब डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वर्ल्ड वाइड वेब की जानकारी देने के लिए सेमिनार का आयोजन हुआ। आइटी एक्सपर्ट सोहेल अहमद ने विद्यार्थियों को विषय की जानकारी देते हुए बताया कि आज का दिन उस ऐतिहासिक तकनीकी नवाचार को समर्पित है, जिसने न सिर्फ हमारे बातचीत के तरीके को बदला, बल्कि पूरी दुनिया के साथ हमारे जुड़ाव और जीवनशैली में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया। वर्ल्ड वाइड वेब की नींव रखने का श्रेय ब्रिटेन के वैज्ञानिक सर टिम बर्नर्स-ली को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड वाइड वेब एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां यूजर्स इंटरनेट के माध्यम से आपस में जुड़े हाइपरटेक्स्ट डॉक्यूमेंट्स को एक्सेस कर सकते हैं। यानी वर्ल्ड वाइड वेब, इंटरनेट पर मौजूद एक ऐसा सिस्टम है जिसके जरिए हम वेब ब्राउजर की मदद से ऑनलाइन जानकारी तक पहुंच पाते हैं। जब भी इंटरनेट पर किसी वेबसाइट या कंटेंट को ओपेन। किया जाता है तो वह वर्ल्ड वाइड वेब के अंतर्गत ही आता है। तकनीकी तौर पर समझें तो यह एचटीएमएल (हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज) पर बेस्ड एक नेटवर्क होता है, जिसे एचटीटीपी (हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल) की सहायता से एक्सेस किया जाता है। आइटी टीचर कुसुम कुमारी ने बताया कि अक्सर इंटरनेट और वर्ल्ड वाइड वेब को एक समझ लिया जाता है। लेकिन दोनों अलग-अलग होता है। वर्ल्ड वाइड वेब वेबपेजों का एक समूह है, जिसे हम ब्राउजर के जरिए एक्सेस करते हैं। जबकि इंटरनेट एक बहुत बड़ा नेटवर्क है, जो दुनियाभर के कंप्यूटरों व डिवाइसेज को आपस में जोड़ता है। सरल शब्दों में कह सकते हैं कि इंटरनेट एक आधारभूत ढांचा है, जबकि वर्ल्ड वाइड वेब उस ढांचे पर मौजूद जानकारी तक पहुंचने का माध्यम है।

### मां रंकिणी का चमत्कारी मंदिर: जहां हर दर्द से मिलता है राहत



**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा-हाटा मुख्य मार्ग पर स्थित मां जगत जननी रंकिणी मां का मंदिर श्रद्धा, शक्ति और दिव्यता का अद्भुत संगम है। यह पावन धाम जादूगोड़ा से लगभग तीन किलोमीटर दूर कापरघाट नामक रमणीय स्थान पर स्थित है। घने जंगलों, हरियाली और पर्वतों के बीच स्थित यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आत्मा को शांति देने वाला एक दिव्य तीर्थ स्थल है, जहां भक्तों की सच्ची आस्था और मां की कृपा चमत्कारी रूप में प्रत्यक्ष होती है। मां रंकिणी की प्रतिमा, जिसकी आंखें चांदी की हैं, अत्यंत प्रभावशाली और मोहक है। यहां आकर भक्त मां के चरणों में अपने दु:ख-दर्द अर्पित करते हैं और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से माँ से कुछ मांगता है, उसकी हर इच्छा पूर्ण होती है। मंदिर के परिसर में हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु जुटते हैं, परंतु मंगलवार और शनिवार को विशेष पूजा होती है, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त माँ के दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं। मां रंकिणी को देवी दुर्गा के स्वरूप के रूप में पूजा जाता है। मंदिर के गर्भगृह में कोई पारंपरिक मूर्ति नहीं है, बल्कि एक काले पत्थर को ही मां का रूप मानकर पूजित किया जाता है। भक्त यहां सुपारी, नारियल और अक्षत को लाल कपड़े में बांधकर माँ के समक्ष टाँगते हैं। यह मान्यता है कि जब मां उनकी मनोकामना पूरी कर देती हैं, तब वह कपड़ा स्वयं खुल जाता है। यह मां की कृपा और चमत्कार का जीवंत प्रमाण माना जाता है। यह स्थान केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, अपितु प्राकृतिक दृष्टि से भी अत्यंत रमणीय है। मंदिर के ठीक सामने स्थित पर्वत की चोटी पर बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित है, जहां से नीचे का दृश्य अत्यंत सुंदर और मनोहारी प्रतीत होता है। यहां की शांति, हवा की ताजगी और प्राकृतिक सौंदर्य आत्मा को एक अलौकिक अनुभव प्रदान करता है। मंदिर की स्थापना से जुड़ी कई लोककथाएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार, धालभूमगढ़ के राजा जगन्नाथ धाल ने इस मंदिर की स्थापना की थी। एक अन्य कथा के अनुसार, एक स्थानीय आदिवासी को एक दिन जंगल में एक छोटी कन्या के रूप में माँ का साक्षात रूप दिखाई दिया, जो आभूषणों से सुसज्जित थी और फिर अचानक अदृश्य हो गई। उसी रात उसे स्वप्न में माँ ने दर्शन दिए और मंदिर स्थापित करने का आदेश दिया। इसके बाद उस स्थान पर मां रंकिणी की पूजा आरंभ हुई। वर्तमान मंदिर का निर्माण वर्ष 1950 के आसपास हुआ और मंदिर का संचालन करने हेतु वर्ष 1954 में एक ट्रस्ट का गठन किया गया। आज भी इस मंदिर की पूजा व्यवस्था सहड़ा गांव के भूमिज जाति के पुजारियों द्वारा की जाती है। वर्तमान में मंदिर के प्रधान पुजारी अनिल सिंह हैं, जो पूरी निष्ठा से मां की सेवा में लगे हैं।

### गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक विद्यालय में अंतर सदन हिंदी नाटक प्रतियोगिता का आयोजन




**बोकारो :** शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक विद्यालय के सभागार में अंतर सदन हिंदी नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 7 तक के चारों सदनों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारत माता के वीर सपूतों — बिरसामुंडा, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद एवं उधम सिंह के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक नाटकों की प्रस्तुति दी। सभी नाटकों ने स्वतंत्रता संग्राम में इन महान वीरों के योगदान को सजीव रूप से मंचित किया। छात्रों के अभिनय प्रतिभा, संवाद अदायगी तथा मंच सज्जा प्रशंसनी रही। यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली थी, बल्कि उन्हें देशभक्ति की भावना से भी ओत-प्रोत कर गई । निर्णायकों द्वारा सभी परिस्थितियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। अंत में परिणाम की घोषणा की गई और उन्हें बधाई दी गई । इस मौके पर प्रधानाचार्य सौमेन चक्रवर्ती माध्यमिक इकाई की उप प्रधानाचार्या सुमन नांगिया तथा निर्णायक मंडल के सदस्य पद्मावती( वरिष्ठ इकाई) और कमला झा (कनिष्ठ इकाई) उपस्थित थे । इस नाट्य प्रतियोगिता में

प्रथम स्थान पर आकाश और पवन सदन द्वितीय स्थान पर पानी सदन और तृतीय स्थान पर धरत सदन रहें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनका मनोबल बढ़या। उन्होंने कहा कि आज के नाटकों ने हम सबको देशभक्ति की उस भावना से जोड़ दिया है, जो आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है। बच्चों का जोश, समर्पण और अभिनय काबिले-तारीफ है। मैं सभी प्रतिभागियों को पुन: शुभकामनाएं देता हूं और शिक्षकों को बधाई देता हूं जिनके मार्ग दर्शन से यह संभव हुआ ।

## एक नजर

### नाक में मकई का बीज फंसने से बालक बेहोश, डॉक्टर ने किया तत्पर इलाज



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पांगरो निवासी फेकन रिखियासन के पुत्र राजवीर कुमार के नाक में शुक्रवार को मकई का बीज घुस जाने से बालक मूर्छित हो गया। जिसके बाद परिजन उसे आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. पिंकू चौधरी ने फौरन इलाज किया। उधर बालक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र घर में खेल रहा था तभी यह घटना हो गई। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के देखरेख में बालक का इलाज जारी है।

### भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य द्वार के सामने लगा कचरा का अंबार

**साहिबगंज:** जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को महाजनपट्टी स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में इन दिनों अपने ग्राहकों की एक अनोखी ही सुविधा प्रदान कर रही है। इस सुविधा के तहत एसबीआई ने अपने बैंक के मुख्यद्वार पर गंदगी का अंबार लगवा रखा है। जिससे बैंक में आने जाने वालों को एक अलग ही बदबू मिल सके और संभवत: उनको गंभीर बीमारी का अवॉर्ड भी मिल जाय। अगर बैंक ने इस प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी है तो फिर बैंक के मुख्य द्वार पर कचरा क्यों बैंक ने इस बाबत नगर पालिका से संपर्क साथ कचरा क्यों नहीं हटवाया या फिर खुद से कचरा हटाने की पहल क्यों नहीं की। क्या वह इसको सिर्फ नगर परिषद की जिम्मेदारी समझती है। क्या हम सभी अपने घर के दरवाजे पर जमा कचरे को किसी के द्वारा हटाने का सिर्फ इंतजार करते है। लेकिन इस मामले में नगर परिषद की लापरवाही को भी नकारा नहीं जा सकता है।

### फरार चल रहे ईश्वर मुर्मू हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने 2 नवंबर 2024 को पोलमा बस्ती में जमीनी विवाद में हुई ईश्वर मुर्मू(45) वर्ष की हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ईश्वर की हत्या मामले में उसके ऊपर जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 164/24 दर्ज था। ज्ञात हो कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलमा बस्ती में जमीनी विवाद को लेकर ईश्वर मुर्मू (45) को बदमाशों ने गोली मार दी। जिसके बाद परिजन उसे आनन फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक की पत्नी ताला बीटी हेंब्रम ने अस्पताल में पुलिस को बताया था कि उसका पति लघुशंका के लिए घर से बाहर निकला था।

### युवक की डूबने से मौत जांच में जूटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत चुनीडीह गांव में शुक्रवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान माणिक महतो (37) के रूप में हुई है, जो गांव के अश्विनी महतो सहित अन्य ट्रैक्टर मालिकों के यहां चालक के रूप में काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार माणिक मानसिक तनाव में था और पिछले कुछ महीनों से नशे का आदी हो गया था। करीब दो साल पहले उसने पश्चिम बंगाल की एक युवती से विवाह किया था, लेकिन महज डेढ़ माह के भीतर उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई।

# 'वोकल फॉर लोकल' पहल के तहत दो दिवसीय आकांक्षा हाट का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में शुक्रवार को बाजार समिति पाकुड़ में नीति आयोग के निदेर्शानुसार वोकल फॉर लोकल पहल के तहत लोकल प्रोडक्ट को चिन्हित कर उनकी ब्रांडिंग करने हेतु दो दिवसीय आकांक्षा हाट कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला योजना पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, जिला शिक्षा अधीक्षक अनीता पुरती, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गोकुल अहमद समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने अपने संबोधन में कहा कि 'आकांक्षा हाट' के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, किसानों और विभिन्न उद्यमियों को उनके उत्पादों और सेवाओं को बेचने के लिए विपणन अवसर प्रदान करके उन्हें प्रोत्साहित करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इस हाट में आकर स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों के उत्पादों को खरीदकर उनका समर्थन करें। जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत ने जिला प्रशासन द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना किया। उन्होंने कहा कि आकांक्षा हाट स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जिससे रोजगार और स्वावलंबन के अवसर बढ़ रहे हैं। यह पहल स्वास्थ्य, पोषण, और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही है। सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव ने जिला प्रशासन पाकुड़ द्वारा आयोजित 'आकांक्षा हाट' की पहल का स्वागत किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि दो दिन चलने वाले इस हाट में सक्रिय रूप से भाग लें और स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों का सहयोग करें, जिससे जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ेंगे। उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने बाजार समिति में लगाए गए विभिन्न स्टॉल का किया निरीक्षण। इसमें स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों, कृषि आधारित उत्पादकों एवं स्टार्टअप्स द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहाँ उनके उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। आकांक्षा हाट में कृषि, सहकारिता, पशुपालन, शिक्षा विभाग, मत्स्य, स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं जेएसएलपीएस आदि विभागों के स्टाल लगाए गए थें। सभी स्टॉलों का निरीक्षण उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का समेत उपस्थित जिले के पदाधिकारियों एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ किया गया। उप विकास आयुक्त ने स्टॉल में प्रदर्शित किए गए सामान को देखा और स्थानीय उत्पादों की तारीफ की। बताया कि स्थानीय उत्पादों का अपनाने से न सिर्फ रोजगार सृजित होते हैं बल्कि आपकी जरूरतें भी आपकी पंसद के हिसाब से पूरी की जातीं हैं। कई बार उत्पादों में बदलाव भी संभव हो पाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग यहां आएं और स्थानीय उत्पादों को खरीद कर आगे बढ़ाएं। आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना तथा जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

## डायन प्रथा हत्याकांड : फरार तीन आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के राधानगर पुलिस ने डायनप्रथा मामले में एक महिला को गला काटकर हत्या मामले में फरार तीन आरोपित के घर पर शुक्रवार को इश्तहार चिपकाया है। पुलिस के अनुसार थाना कांड संख्या 165/20 भादवि की धारा 302/34 एवं 3/4 डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त थाना क्षेत्र के मेहंदीपुर गांव के सँझाली बास्की,सामु टुडू वही रामपुर गांव के सँझला मुर्मू के घर पर व्यवहार न्यायालय राजमहल के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री मानसी की अदालत के आलोक में राधानगर पुलिस ने शुक्रवार को राधानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार एवं हसनैन अंसारी के द्वारा ढोल एवं डुगडुगी बजाकर आरोपित के घर पर ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया गया। वही पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा है उन लोगों को जल्द से जल्द न्यायालय व थाना में आत्म समर्पण करने की बात कही,नहीं तो न्यायालय के निर्देश पर तीनों के घरों की कुर्की जब्ती की जाएगी। किया था मामला वर्ष 2020 में थाना क्षेत्र के मेहंदीपुर गांव में देर रात्रि को डायन प्रथा के चक्कर में एक वृद्ध महिला को गला काटकर हत्या कर दिया गया था। साथ ही उनकी कटे हुए सर को हाथ में लेकर राधानगर थाना पहुंचे थे।

## छिनतई के आरोपी को पुलिस ने दबोचा देशी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** शहर में विगत गुरुवार को शहरकोल बाईपास रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छिनतई करने का प्रयास करते हुए गोली चलाया था। तत्पश्चात इस संबंध में पुलिस के वरीय पदाधिकारी को सूचित किया एवं पाकुड़ नगर थाना कांड सं0-210/25 धारा-126 (2)/115(2)/109(2)/351(2)/61(2)/312 इठर एवं 27 अ१२ अू३ दर्ज कर पुलिस अधीक्षक पाकुड के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए छापामारी टीम द्वारा वादी से संपर्क कर घटनास्थल पर पहुँचे एवं अपराधकर्मियों का हुलिया एवं भागने की दिशा के संबंध में पूछताछ करने के पश्चात टीम के सदस्य अलग-अलग दिशा में छापामारी हेतु निकल गये। वहीं छापामारी के दौरान पाकुड़ बस स्टैण्ड के यात्री सेड में एक संदिग्ध व्यक्ति को पाया जिसको वादी अपने साथ लूट का प्रयास करने वाले अपराध कर्मी के रूप में पहचान किया। उक्त व्यक्ति का तलाशी लेने पर उसके कमर से एक देशी कट्टा पॉकेट से एक जिन्दा कारतूस BMMKF एवं एक स्मार्ट फोन बरामद हुआ। उसका नाम पता पुछने पर अपना नाम रिशु रंजन उम्र करीब - 21 वर्ष, पिता- राजकिशोर सिंह सा०- रामकृष्णा नगर थाना रामकृष्णा नगर जिला- पटना बताये एवं अपने साथी के बारे में पुछने पर बताये कि वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## पूर्वी सिंहभूम और मुसाबनी को मिला संपूर्णता अभियान रजत पदक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** नीति आयोग की ओर से संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला और मुसाबनी प्रखंड को पांच प्रमुख सूचकों में उपलब्धि पर रजत पदक से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन ने सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, गुंजन यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। उल्लेखनीय है कि जिले को गर्भवती और धात्री माताओं के बीच पोषाहार वितरण, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, बच्चों का टीकाकरण, माध्यमिक विद्यालयों में विद्युतीकरण एवं शैक्षणिक सत्र के पहले माह में पुस्तक वितरण जैसे पांच सूचकों में पूर्णता प्राप्त करने पर यह सम्मान मिला है। वहीं मुसाबनी प्रखंड को गर्भवती माताओं की एएनसी जांच, पोषाहार वितरण, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, डायबिटीज और हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग जैसे मापदंडों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सिल्वर मेडल दिया गया। समारोह में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुसाबनी बीडीओ अदिति गुप्ता को नीति आयोग की ओर से प्रखंड के लिए मिले सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। साथ ही जिले में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित होने वालों में बहरागोड़ा बीडीओ केशव भारती, जमशेदपुर सदर बीडीओ सुमित प्रकाश, बोड़ाम बीडीओ किकू महतो, घाटशिला बीडीओ यूनिका शर्मा और पिरामल फाउंडेशन के फेलोज अभिषेक झा सहित अन्य शामिल हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय साहिबगंज में शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्र यादव के निदेर्शानुसार मंथन संस्था, मुख्यमंत्री सारथी योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख एवं जिला प्रोजेक्ट एसोसिएट के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। उन्हें आत्मनिर्भर बनने, आत्मरक्षा के कौशल सीखने तथा कठिन परिस्थितियों में साहस के साथ खड़े होने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमे बाल विवाह, बाल श्रम और शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए सिर्फ सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की भागीदारी जरूरी है। वही मुख्यमंत्री सारथी योजना के असिस्टेंट सेंटर मैनेजर अनिशा कुमारी ने बताया कि श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बालिकाओ को तीन महीने तक कौशल विकास के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।सेंटर में बालिकाओं को प्रशिक्षण के बाद निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# जिला मुख्यालय में जूटे सैकड़ो फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले एक दिवसीय धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के उपायुक्त कार्यालय के सामने आज साहिबगंज जिला के लगभग सभी प्रखंडों के फेयर प्राईस शॉप डीलर्स संगठन ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य इस प्रकार था कि कोरोना काल के दरमियान कार्य करने का राशि आज तक नहीं मिला है मार्च 2023 सितंबर 2023 दिसंबर 2024 जनवरी से मार्च 25 तक राशि नहीं मिली है, ग्रीन कार्ड के चावल दाल नमक की भी राशि नहीं मिली है, राज्य सरकार के संकल्प के बावजूद भी नॉमिनी को अनुज्ञप्ति हस्तांरित नहीं किया जा रहा है, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन रिपेयरिंग में बहुत अधिक शोषण बंद हो, पेपरलेस सिस्टम लागू होना चाहिए, ई केवाईसी संपूर्णता होने के जिम्मेदारी लाभार्थी की होनी चाहिए जो उसका लाभ लेता है डिलरों पर कार्रवाई अभिलंब बंद हो, अभी तक 2जी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है जबकि 4ळ की पॉस मशीन अगस्त 25 तक सभी दुकानदारों को भेजी जानी है और चना दाल, नमक हेतु सही ऑप्शन जारी किया जाए। कई मांगों के साथ साहिबगंज जिले के डीलरों ने कार्यकारी जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कार्यकारी जिला अध्यक्ष मोहम्मद आलमगीर आलम, उधवा के प्रखंड अध्यक्ष मोइनुल अंसारी, उत्तम साह साहिबगंज से अवध बिहारी साह रंजीत यादव राजमहल से, मोहम्मद वजीर के साथ सैकड़ो डिलरों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन दिया साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती है दो पूरे राज्य में एक साथ कार्य ठप कर दिया जाएगा। वही जब इस बात की पुष्टि करने हेतु जिला खाद्य पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई जानकारी हमें नहीं है जानकारी होने पर समस्या के समाधान हेतु उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** नगर थाना ने प्रेस रिलीज करते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के पास से 12 बोतल प्रतिबंध कफ सिरप जप्त किया है। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 अगस्त 2025 को एसपी अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की सकरूगढ़ निचला टोला स्थित पानी टंकी के पास प्रतिबंध कफ सिरप की कुछ व्यक्तियों के द्वारा खरीद बिक्री की जा रही है। इस सूचना के सत्यापन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी साहिबगंज के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा सकरुगढ निचला टोला स्थित पानी टंकी के पास छापामारी की गई, जहां से मो. मुकीम उम्र 62 वर्ष, पिता स्वर्ग मो. फारूक, साकिन सकरुगढ निचला टोला, को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से 12 बोतल प्रतिबंध कफ सिरप व एक जिओ कंपनी का कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 117/25, धारा 22(सी)/22(सी) और एनडीपीएस एक्ट अंकित किया गया है। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरा करने के उपरांत अभियुक्त को सदर अस्पताल में शारीरिक जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापामारी दल में किशोर तिर्की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बासुकीनाथ टुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुनि अमित कुमार गुप्ता, पुअनि प्रवीण कुमार प्रभाकर, सअनि सुकरा तिग्गा, सअनि केशव मालाकर, आरक्षी 292 आशीष कुमार, सभी नगर थाना शामिल थे।

### दो दिवसीय वीपीडी निगरानी कार्यशाला का सफल समापन



साहिबगंज: सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में साहिबगंज में दो दिवसीय वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज निगरानी कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। कार्यशाला में जिले के स्वास्थ्य कर्मियों को निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को वीपीडी निगरानी प्रक्रियाएँ, रिपोर्टिंग नेटवर्क का रखरखाव, विस्तार, प्राथमिकता निर्धारण, तथा नेटवर्क के संवेदीकरण पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त, बुखार एवं दाने, एमआर, एएफपी, एवं डीपीटी निगरानी की कार्यप्रणालियों की भी व्याख्या की गई। विशेष रूप से, वीपीडी सर्विलांस इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत सीआईएफ भरने की प्रक्रिया, डेटा प्रविष्टि,परीक्षण उपरांत रिपोर्टिंग की कार्यविधि पर विस्तार से चर्चा हुई। सिविल सर्जन डॉ. पासवान ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं जमीनी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता निर्माण में सहायक होती हैं, जिससे जिले में बीमारियों की समय रहते पहचान, रोकथाम और नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यशाला का समापन सहभागियों के सक्रिय भागीदारी और प्रश्नोत्तरी सत्र के साथ हुआ।

### सांढ के हमले में महिला हुई घायल



**साहिबगंज/बोरियो:** थाना क्षेत्र के बड़ा बनगांवा गांव में कुम्हरिया कि मयबिट्टी सोरेन 50 वर्ष को खेत में धान रोपनी करते समय एक सांढ ने महिला के दोनों पैर की जांग में सिंह घुसेड़ दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। घायल अवस्था में वृद्ध महिला मयबिट्टी सोरेन को प्राथमिक उपचार के लिए बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर सुदामा साह ने महिला का प्राथमिक इलाज किया। डॉ सुदामा ने बताया कि महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया। घायल महिला में मयबिट्टी के पति सलखु टुडू ने बताया कि उनकी पत्नी मयबिट्टी मजदूरी के लिए बड़ा बनगांवा दूसरे के खेत में धान रोपनी के लिए गई थी। एक साढ़ ने खेत में घुसकर मारकर घायल कर दिया।

### प्रतिबंध कफ सिरप की तस्करी, 103 बोतल के साथ एक युवक गिरफ्तार



**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की देर रात एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर 103 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह अभियान थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें एएसआई राजनाथ साह और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे।पुलिस ने फूटानी मोड़ के पास पश्चिम बंगाल की ओर से आ रही एक बाइक (जेएच 18 एच 9603) को रोका। तलाशी के दौरान बाइक पर रखे एक बोरे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुआ। पुलिस को देखते ही बाइक सवार मेहंदीदंगा निवासी मसूद आलम ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी मसूद ने बताया कि वह यह प्रतिबंधित कफ सिरप पश्चिम बंगाल के फरीदपुर से लाकर अपने गांव मेहंदीदंगा में बेचता था। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त की गई कफ सिरप की कुल संख्या 103 है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# अररिया सहित कई जिलों के किसानों के लिए गुड न्यूज

## कोसी-मेची लिंक नहर के पहले फेज का काम हुआ शुरू



अररिया। नदी जोड़ो योजना के तहत केंद्र सरकार की बहुप्रतीक्षित कोसी मेची अंतरराज्यीय लिंक नहर परियोजना के निर्माण की पहले फेज की कवायद शुरू हो गयी है। पहले फेज में वीरपुर बराज के शून्य किलोमीटर से लेकर फारबिसगंज तक आने वाली पूर्वी कोसी मुख्य नहर के 44.10 किमी तक पुनरस्थापन का कार्य होगा। जिसके लिए सिंचाई प्रमंडल वीरपुर के कार्यपालक अभियंता कार्यालय द्वारा निविदा निकाली गई है। जिसके अपलोड करने की अंतिम तिथि चार अगस्त तक है। पहले फेज के काम की प्राक्कलित राशि 2054.30 करोड़ रुपये है। वहीं कार्य की अवधि 36 माह निर्धारित की गई है। इसके तहत नहर की गहराई और संरचना का कार्य होगा।फिलहाल पूर्वी कोसी नहर की क्षमता 15 हजार क्यूसेक घनफीट प्रति सेकेंड की है। जिसकी क्षमता बढ़ाकर 20 हजार की जाएगी। पांच हजार क्यूसेक अधिक पानी मिलने से अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। कोसी बराज से मेची नदी तक यह पूरी परियोजना 117. 5 किमी लंबी है। इसके तहत वीरपुर से फारबिसगंज तक पहुंची मुख्य पूर्वी नहर का किशनगंज के मेची नदी तक विस्तार होगा। जिसमें फारबिसगंज तक मुख्य पूर्वी नहर 44.10 किमी बना हुआ है। यहां से इसी नहर का मेची नदी तक 76.2 किमी विस्तारीकरण होगा।

इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए इस नहर की क्षमता भी बढ़ायी जाएगी। 1962 में बने नहर का डिजाइन डिस्चार्ज फिलहाल 425 क्यूमेक(घनमीटर) है, जिसको बढ़ाकर 573 क्यूमेक किया जाएगा। परियोजना में सुपौल के वीरपुर, कटिहार और अररिया जिले के बथनाहा और अररिया सिंचाई प्रमंडल को शामिल किया गया है। किशनगंज में सिंचाई प्रमंडल नहीं होने से फिलहाल वहां का कार्य अररिया प्रमंडल ही देख रही है। इस पूरी नहर परियोजना से सिंचाई के लिए चार ब्रांच कैनाल (शाखा नहर) और छह डिस्ट्रीब्यूटरी कैनाल (वितरणी नहर) होगा। फिलहाल पूर्वी कोसी नहर की क्षमता 15 हजार क्यूसेक घनफीट प्रति सेकेंड की है। जिसकी क्षमता बढ़ाकर 20 हजार की जाएगी। पांच हजार क्यूसेक अधिक पानी मिलने से अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। जिसका लाभ अररिया जिले में सिकटी, पलासी, कुसार्काटा और जोकीहाट प्रखंड को मिलेगा। सिकटी, पलासी और कुसार्काटा में फिलहाल नहर से सिंचाई की सुविधा नहीं है। वहीं, जोकीहाट में आंशिक सुविधा है। जबकि जिले का अररिया, रानीगंज, नरपतगंज, भरगामा और फारबिसगंज प्रखंड नहर की सिंचाई प्रणाली से पूरी तरह आच्छादित है। पूर्णिया बैसा, अमौर, बायसी तथा किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ, दिघलबैंक, बहादुरगंज, कोचाधामन और कटिहार जिले के कदवा, डंडखोड़ा, प्राणपुर, मनिहारी और अमदाबाद प्रखंडों के किसानों को लाभ मिलेगा।

कोसी मेची लिंक नहर के पहले फेज के काम के लिए निविदा सिंचाई प्रमंडल वीरपुर के द्वारा निकाली गई है। इसके लिए वीरपुर बराज से फारबिसगंज तक आने वाली पूर्वी कोसी मुख्य नहर के 44.10 किमी तक पुनर्स्थापन का कार्य होना है। जिसके लिए प्राक्कलित राशि 2054.30 करोड़ है। इसकी कार्य अवधि 36 माह की है। इसमें सिंचाई विभाग का चार प्रमंडल वीरपुर, कटिहार, बथनाहा और अररिया शामिल है। इसके पूरा होने से अररिया जिले में सिकटी, पलासी, कुसार्काटा और जोकीहाट प्रखंड को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे सिंचाई के लिए चार ब्रांच कैनाल और छह डिस्ट्रीब्यूटरी कैनाल निकलेगी।

– सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल अररिया

## पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त को लेकर आया अहम अपडेट




पटना। दो अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान सम्मान योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इसको लेकर कृषि विभाग ने कृषि विज्ञान केंद्र को दो अगस्त को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपने-अपने ग्राम किसान समृद्धि केंद्रों पर 50 से 100 किसानों को उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री का निर्धारित कार्यक्रम वाराणसी के बनौली प्रखंड के सेवापुरी में होगा। प्रधानमंत्री वहीं से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त की राशि देश के 9.7 करोड से अधिक पात्र लाभर्थियों के बीच हस्तांरित करेंगे। इसके तहत 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। पात्र किसानों के खाते में 2000-2000 रुपये की राशि ट्रांसफर होगी।बिहार के पीएम किसान सम्मान निधि योजना लाभार्थी किसानों को संबोधित करने शनिवार (दो अगस्त) को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पटना आएंगे। एक दिवसीय बिहार यात्रा में शिवराज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 20वीं किस्त वितरण पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम को गांधी मैदान के पास स्थित बापू सभागार में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय सिन्हा ने बुधवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। सिन्हा ने बताया कि दो अगस्त को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में पीएम किसान सम्मान निधि योजना कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा, ताकि राज्य के दूरस्थ अंचलों के किसान भी इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रगतिशील किसान, एफपीओ के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का वितरण सुनिश्चित करना तथा किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्लेटफार्म एवं कृषि से संबंधित योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके।

# किशनगंज में युवा इंजेक्शन से ले रहे स्मैकः बस स्टैंड बना मुख्य केंद्र

## नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई की मांग



किशनगंज। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में ले लिया है। शहर के बस स्टैंड ओवर ब्रिज इलाके में नशे का एक नया और खतरनाक रूप सामने आया है। यहां युवा नशीली दवाओं को इंजेक्शन के माध्यम से अपने शरीर में प्रवेश करा रहे हैं। इस चलन ने स्थानीय समुदाय और प्रशासन को चिंतित कर दिया है। युवा 'इविल' नामक दवा में स्मैक मिलाकर उसे गर्म करते हैं। फिर सिरिंज के जरिए अपनी नसों में इंजेक्शन के रूप में लेते हैं।

यह प्रक्रिया स्वास्थ्य के लिए घातक है और कई युवाओं की जान ले रही है। किशनगंज का बस स्टैंड इस अवैध गतिविधि का मुख्य केंद्र बन गया है। यहां दिन-रात इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय निवासी राहुल कुमार का कहना है कि यह समस्या केवल नशे तक सीमित नहीं है। इसके साथ अपराध और सामाजिक असुरक्षा भी बढ़ रही है। युवा पीढ़ी की यह लत फिल्म 'उड़ता पंजाब' की कहानी को हकीकत में बदल रही है। नशे की लत में फंसे युवा अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मैक और इविल जैसे पदार्थों का सेवन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है। यह परिवारों और समाज पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। पुलिस और नारकोटिक्स विभाग ने इस समस्या पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन नशे का यह कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल ही में शुरू किए गए नशा मुक्ति अभियान का जिक्र करते हुए स्थानीय लोग किशनगंज में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की मांग कर रहे हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं और डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि इस समस्या पर तुरंत ध्यान नहीं दिया गया, तो किशनगंज का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। पुलिस से अपील की गई है कि नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही युवाओं को जागरूक करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में अभियान चलाए जाएं। सदर अस्पताल के चिकित्सक गौरव कुमार ने बताया कि नशा हर रूप में सेहत के लिए नुकसानदेह है। अब युवा वर्ग सूखे नशे के चंगुल में फंस रहा है। नशे के कारण उनका करियर तो बर्बाद हो रहा है, सेहत भी गंवा रहे हैं। नशा करने वाला दिमागी सुनपन और उच्च रक्तचाप की चपेट में आ जाता है। इसका असर स्नायु तंत्र पर तेजी से होता है, लेकिन अधिक सेवन से फेफड़े, किडनी, लीवर के फेल होने का खतरा बढ़ जाता है

# पटना में दो मासूम भाई-बहन को जिंदा जलाया



पटना। घर में सो रहे दो बच्चों को अपराधियों ने जिंदा जला दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल किया। घटना पटना जिला के जानीपुर थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलने पर जानीपुर थाना की पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची। एफएसएल की टीम भी जांच कर रही है। डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है। मृतक बच्चों की पहचान अंजली और अंश के रूप में की गई है।घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चों की मां शोभा देवी एम्स में नर्स हैं और पिता पटना चुनाव आयोग के कार्यालय में कार्यरत हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बच्चे स्कूल से घर आए थे और घर में ही सोए हुए थे। तभी घर में अचानक आग लगने की सूचना मिली। कोई कुइच कर पाता तब तक सब कुछ समाप्त हो चुका था। दोनों बच्चे आग के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे बच्चों की जानबूझकर हत्या की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय दोनों बच्चे स्कूल से लौटकर घर आए थे, उस वक्त घर में उसके माता-पिता मौजूद नहीं थे। तभी अज्ञात अपराधी घर में दाखिल हुए और बच्चों को कमरे में बंद कर के घर को आग के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों ने जब घर से धुआं निकलते देखा तो पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जानीपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। एफएसएल (फॉरेंसिक) टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आगजनी की घटना कैसे और क्यों हुई।घटना से आक्रोशित लोग सड़क पर टायर जलाकर कई घंटों तक आगजनी की।

# मुंगेर में हुआ छह अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



मुंगेर। पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर खड़गपुर प्रखंड के गंगटा थाना क्षेत्र स्थित पोकरडी बहियार में गोढ़िया नदी के किनारे छापेमारी कर पुलिस ने छह अवैध मिनी गन फैक्ट्रियों का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार और हथियार निर्माण के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य फरार हो गए।पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गंगटा थानाध्यक्ष राहुल कुमार को सूचना मिली थी कि गोढ़िया नदी के किनारे कुछ लोग छिपकर अवैध हथियार बना रहे हैं। इसके बाद खड़गपुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई और छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो लोगों-बबलू प्रसाद सिंह उर्फ बबलू मंडल और राजेंद्र प्रसाद सिंह-को गिरफ्तार किया। वहीं, तीन अन्य लोग पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वहां से तीन देशी कट्टा, तीन अर्धनिर्मित कट्टा, एक अर्धनिर्मित रायफल, चार अर्धनिर्मित बैरल, अठारह अर्धनिर्मित ट्रिगर, तीन मैगजीन, सात जिंदा कारतूस, दो खोखा, एक ड्रिल मशीन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि ये सभी आरोपी पिछले डेढ़ माह से गुप्त रूप से मिनी गन फैक्ट्री चला रहे थे और तैयार हथियारों को आस-पास के क्षेत्रों में बेचने का काम कर रहे थे। गिरफ्तार बबलू प्रसाद पूर्व में भी अवैध हथियार निर्माण के आरोप में जेल जा चुका है और हाल ही में वह सजा काटकर बाहर आया था। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी पोकड़ी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है और इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# फिजिकल होने के बाद कॉल गर्ल का मर्डर

## फोन कर कस्टमर ने सुनसाज जगह बुलाया, साथी ने सोने की बाली के लिए चाकू से महिला को गोदा





किशनगंज। बुधवार को एक महिला का शव मिला था। उसकी बॉडी घर से 5किमी. दूर झाड़ियों में पड़ी थी। घटना टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र के चरघरिया-गमहरिया की है। गुरुवार को किशनगंज पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। किशनगंज रढ सागर कुमार ने बताया कि 'महिला का 2 व्यक्ति से अवैध संबंध था। इस अवैध संबंध की वजह से उसकी हत्या की गई है।' 'घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से एक चाकू, मोबाइल, खून लगा कपड़ा, चप्पल और एक बाइक बरामद किया है। मृतका की बेटी आसना बेगम के बयान पर FIR दर्ज कर कार्रवाई की गई।' गिरफ्तार आरोपी कोचाधामन निवासी दिलकश राही है, जो गुजरात के सूरत स्थित एक मदरसे में शिक्षक है। फरार आरोपी की पहचान मोहम्मद वसीम के रूप में की गई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी दिलकश ने बताया कि वसीम से 10 साल पहले दोस्ती हुई। वसीम ने एक दिन फोन कर किशनगंज बुलाया और कहा 'यहां एक महिला है, जिससे पैसे देकर संबंध बना सकते हो। इसके बाद वसीम ने उस महिला का मोबाइल नंबर दिया, जिससे कई बार फोन पर बातचीत हुई और फिर शारीरिक संबंध बनाए। वसीम को कान की बाली छीननी थी। इसके लिए हम उसे फोन कर सुनसान जगह पर बुलाए थे। दिलकश ने पुलिस को आगे बताया कि, 'मैं महिला के साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। इसी दौरान वसीम पहुंचा। उसने महिला से सोने की बाली छीनी और फिर अचानक धारदार हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।' मृतका की बेटी ने बताया कि 'मंगलवार की शाम 7 बजे मां मेरे लिए दवा खरीदने गांव के चौक पर गई थी। रात 9 बजे तक वो घर नहीं पहुंची तो चिंता होने लगी। मैंने मम्मी के फोन पर कॉल किया। लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ।' 'इसके बाद हमने अगल-बगल के घरों में पूछताछ की, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। पूरी रात गांव में ढूंढते रहे, लेकिन वो कहीं नहीं मिली। अगले दिन बुधवार को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके 4 घंटे बाद ही मां का शव झाड़ियों में मिला। गांव वालों ने हमें इसकी जानकारी दी।' मृतका की बेटी ने टेढ़ागाछ थाने में मामला दर्ज कराया।

प्राथमिकी दर्ज होते ही SDPO-1 गौतम कुमार के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम बनाई गई थी, जिसने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। SP ने बताया कि 'मृतका का दो व्यक्ति से अवैध संबंध था। वसीम महिला से सोने की बाली छीनना चाहता था। इसको लेकर वसीम और दिलकश ने उसे सुनसान जगह पर बुलाया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।' पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान आरोपी दिलकश ने अपने मोबाइल से किसी को कॉल किया था। इस कॉल रिकॉर्डिंग में सायरा की चीख की आवाज रिकॉर्ड हो गई। इस कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए पुलिस आरोपी तक पहुंचा।

## संक्षिप्त डायरी

### मोतिहारी में 7 माह की गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत



मोतिहारी। मेहसी थाना क्षेत्र के चक फतेउल्लाह गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। गुरुवार संध्या को हुई इस घटना में मृतका की पहचान 22 वर्षीय सहिना खातून के रूप में हुई है। सहिना 7 माह की गर्भवती थी और उसके परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता मोहम्मद मुस्लिम ग्राम मथुरापूर, थाना तुरकालिया, जिला मोतिहारी के निवासी हैं। सहिना का निकाह 16 नवंबर 2024 को फतेउल्लाह निवासी मोहम्मद इमाम उद्दीन के साथ हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शानू गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया मृतका के परिजनों की शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सचिव को जूता मारने की धमकी देने वाले भाई वीरेन्द्र को तोहफे में मिल रहे हैं जूते, जानिए क्या है माजरा



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के एक विधायक कुछ दिनों से अपमानजनक बयानों की वजह से खूब सुर्खी बटोर रहे हैं। आज भी उन्हीं की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है, लेकिन आज उन्होंने कोई अनापशनाप बयान नहीं दिया है, हां इतना जरुर कहा कि अब बिहार की जनता मुझे जूता भेंट कर रही है। अब इसकी वजह भी जानिए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। उस वीडियो में मनेर के राजद विधायक भाई वीरेन्द्र को उनके समर्थक उन्हें एक जोड़ी जूता भेंट करते नजर आ रहे हैं। जूता प्राप्त करते हुए राजद विधायक बहुत खुश नजर आ रहे हैं। जब लोगों ने उनसे यह पूछा कि आप अपने समर्थकों से जूता क्यों ले रहे हैं तो भाई वीरेन्द्र ने एक बार फिर उसी सुर में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जनता अधिकारियों से त्रस्त है और अब जनता यह कह रही है कि आप जूता लीजिये और भ्रष्ट एवं काम न करने वाले अधिकारियोंह्व को सबक सिखाईये।दरअसल भाई वीरेंद्र और पंचायत सचिव का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें भाई वीरेन्द्र पंचायत सचिव को लगातार धमकी दे रहे थे। आननफानन में पंचायत सचिव ने एससीएसटी थाणे में भाई वीरेन्द्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी। चुनावी मौसम में यह मामला राजद की छवि को और अधिक खराब करने में चार चाँद लगाने लगा। सोशल मीडिया पर राजद और भाई वीरेन्द्र की खूब आलोचना होने लगी थी। फिर बाद में भाई वीरेन्द्र ने अपनी सफाई भी दी और कहा कि जुबान फिसल गई थी। हालाँकि इसके साथ साथ उन्होंने ऐसा क्यों कहा था, इसकी वजह भी बताई थी। विधायक भाई वीरेन्द्र ने एक महिला के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पंचायत सचिव को कॉल किया था, लेकिन बातचीत के दौरान मामला कुछ गर्म हो गया। जब विधायक ने पंचायत सचिव ने विधायक का परिचय पूछ लिया। इसके बाद विधायक नाराज हो गए। प्रोटोकॉल के तहत विधायक को प्रणाम नहीं करने पर भी भाई वीरेंद्र भड़क गए। उन्होंने पंचायत सचिव संदीप कुमार को जूता मारने के धमकी दी। साथ ही यह भी कहा कि तुम्हें कॉल रिकॉर्ड करना हो तो कर लो। ऑडियो में भाई वीरेंद्र सचिव से गुस्से में कहते हैं कि मुझे पूरा हिंदुस्तान जानता है, तुम कैसे नहीं जानते? पहले प्रणाम क्यों नहीं किया? जब सचिव ने कहा कि वो आवाज नहीं पहचान पाए, तो विधायक फिर भड़क गए और सचिव से अपमानजनक और तीखे शब्दों में बात करने लगे।

### तेलडीहा मंदिर के पास बनेगी 85 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा, सम्राट चौधरी ने किया ऐलान

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऐलान किया है कि मुंगेर जिले के तारापुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध तेलडीहा मंदिर के पास भगवान शिव की एक विशाल प्रतिमा और आधुनिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 29 करोड़ 88 लाख 45 हजार रुपये खर्च होंगे। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने जानकारी दी कि यह क्षेत्र कांवरिया परिपथ का महत्वपूर्ण पर्यटक गंतव्य है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस निर्माण से न सिर्फ श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।परियोजना के तहत भगवान शिव की भव्य प्रतिमा, चहारदीवारी, पार्किंग स्थल, पैदल पुल (ब्रिज) और अन्य आवश्यक ढांचागत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस योजना का क्रियान्वयन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। तेलडीहा मंदिर के पास 15.44 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 528.17 लाख रुपये की अलग से योजना स्वीकृत की गई है, जिसकी प्रक्रिया जिला पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा की जा रही है। इस पूरी परियोजना को अगले 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



# जैस्मिन संग शादी के सवाल पर अली गोनी का रिएक्शन



अली गोनी और जैस्मिन भसीन फैंस की चहेती जोड़ियों में शामिल हैं। कपल काफी वक्त से रिलेशनशिप में हैं। इनके फैंस चाहते हैं कि दोनों जल्द शादी कर लें। मगर, हाल ही में जब अली गोनी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी उनका कोई प्लान नहीं है। आगे कहा कि उन्होंने सबकुछ ऊपर वाले की मर्जी पर छोड़ रखा है।

### बिग बॉस 14 के बाद शुरू की डेटिंग

अली गोनी से हाल ही में एक इंटरव्यू में जैस्मिन के साथ शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने आगे कहा, भगवान की मर्जी, जब वो चाहेंगे तब होगा। बता दें कि अली और जैस्मिन ने बिग बॉस सीजन 14 में आने के बाद डेटिंग शुरू की। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें खूब वायरल होती हैं।

बोले- जब भगवान चाहेंगे तब होगी शादी

शादी की प्लानिंग के सवाल पर अली गोनी ने जूम से बात करते हुए मजाक में कहा, शादी का इंटरव्यू मैं आपको नए घर में दूंगा। एक्टर से जब शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। जब अली से पूछा गया कि क्या वह शादी में देरी कर रहे हैं या जैस्मीन? तो अली ने कहा, कोई भी नहीं, भगवान देरी कर रहा है। किसकी दुआएं हैं (हंसते हुए)। भगवान की मर्जी, जब वो चाहेंगे तब होगा।

### लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे अली

एक्टर ने आगे कहा हम बिल्कुल अल्लाह पे रखते हैं हर चीज। कोई प्लान नहीं है। कुछ नहीं सोचा है। मैं हर चीज में बोलता हूं इंशाअल्लाह। बता दें कि फिलहाल अली गोनी, कुकिंग रियलिटी शो लाफ्टर शेफ सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। यह शो इसी वीकएंड खत्म होने वाला है। हर कोई यह देखने के लिए उत्साहित है कि विनर कौन होगा? जैस्मीन भसीन पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काफी शानदार काम कर रही हैं।



# मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि मैं आउट साइडर हूं

अभिनेत्री और निर्माता श्वेता त्रिपाठी ने अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के पीछे की प्रेरणा और फिल्म इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को साझा किया। श्वेता ने बताया कि उन्होंने हमेशा इंडस्ट्री में अपनापन महसूस किया और अब वह दूसरों को मौका देना चाहती हैं। श्वेता ने बताया कि उन्हें यह कभी नहीं लगा कि वह इंडस्ट्री के बाहर से हैं; उन्हें यहां हमेशा अपनापन महसूस हुआ। श्वेता ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के बारे में कहा, क्यों इंतजार करें कि कोई और कहानी को सामने लाए? बहुत सारी कहानियां और प्रतिभाशाली लोग हैं। मैं ऐसे लोगों को जानती हूं और अगर मेरे पास संसाधन हैं, तो मैं उन्हें मौका देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि वह अपने सफर में कई लोगों से मिलती हैं और कुछ कहानियां उन्हें बहुत प्रभावित करती हैं। श्वेता ने बताया, मैं चाहती हूं कि दुनिया भी इन्हें महसूस करे। इसलिए मैंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले हमें खुद से पूछना चाहिए कि हम उनके लिए क्या कर रहे हैं। बंदरफुल प्रोडक्शन हाउस का उद्देश्य ऐसी कहानियों को बढ़ावा देना है जो रूढ़ियों, व्यावसायिक दबावों या सामाजिक बंधनों से मुक्त हों। श्वेता ने कहा, मुझे खुशी है कि लोगों ने मुझ पर भरोसा किया। फिल्ममेकर्स ने मेरी प्रतिभा और पैशन को देखा। अब मैं दूसरों में वह जुनून देखना चाहती हूं और उन्हें मंच देना चाहती हूं।

उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के साथ काम करना चाहती हैं जो सिनेमा और ऐसी कहानियों के प्रति जुनूनी हों जो समाज पर प्रभाव डाल सकें। इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा करते हुए श्वेता ने कहा, मुझे शुरू से ही गुनीत मोंगा, अनुराग कश्यप और करण जौहर जैसे लोगों का साथ मिला। मैंने कभी खुद को बाहरी नहीं माना। मेरे लिए यह सब भावनाओं और जुड़ाव के बारे में है, न कि जेंडर, जाति या वर्ग के बारे में। प्रोड्यूसर बनने के अनुभव को श्वेता ने एक नया सफर बताया। उन्होंने बताया, प्रोड्यूसर बनना एक सीखने की प्रक्रिया है। हर कदम मुझे कुछ नया सिखा रहा है और मैं इस सफर के लिए तैयार हूं।



# मुझे एक्टिंग के लिए हॉलीवुड आइकन्स ने प्रेरित किया

अभिनेता और फिल्म निर्माता रणदीप हुड्डा ने बताया कि हॉलीवुड एक्टर्स से वह प्रेरित हैं। अभिनेता ने बताया कि अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सिल्वेस्टर स्टैलोन, टॉम क्रूज और क्लिंट ईस्टवुड ने उन्हें एक्टिंग के लिए प्रेरित किया। बातचीत में रणदीप ने बताया, मैं छोटे से शहर रोहतक से हूं और हॉलीवुड एक्टर्स का फैन हूं, मेरे कमरे में अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सिल्वेस्टर स्टेलोन, टॉम क्रूज और क्लिंट ईस्टवुड के पोस्टर तक लगे थे। इन सितारों ने मुझे सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे स्टेज पर एक्टिंग की शुरुआत करने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि एक्टिंग केवल पोस्टर या फिल्मों तक सीमित नहीं है।

रणदीप ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग तरह के अभिनय, फिल्मों और काम को समझने के लिए किताबें पढ़ना शुरू किया। उन्होंने बताया, मैंने धीरे-धीरे खुद को कई तरह की कला और सिनेमा से जोड़ा। मैं अभी भी इसे पूरी तरह समझने और खोजने और सीखने की कोशिश कर रहा हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप हुड्डा जल्द ही अमेरिकी एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी फिल्म मैचबॉक्स में दिखेंगे, जिसका निर्देशन सैम हार्ग्रेव कर रहे हैं। यह फिल्म मशहूर टॉय ब्रांड 'मैचबॉक्स' पर आधारित है, जिसमें जॉन सीना, जेसिका बील, सैम रिचर्डसन, आर्टुरो कास्त्रो, टियोना पैरिस, दानाई गुरिरा और कोरी स्टॉल जैसे एक्टर्स भी हैं। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा, रणदीप का एक और बड़ा प्रोजेक्ट ऑपरेशन खुकरी भी है। यह फिल्म मेजर जनरल राजपाल पुनिया और दामिनी पुनिया की किताब ऑपरेशन खुकरी- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियन आर्मी ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड पर आधारित है।

# 10 साल छोटी एक्ट्रेस सीरत कपूर को डेट कर रहे हैं हनी सिंह?



बॉलीवुड के चर्चित रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर अपने रिलेशनशिप को लेकर उड़ रहीं अफवाहों के कारण सुर्खियों में हैं। हनी सिंह का नाम अब अभिनेत्री सीरत कपूर के साथ जोड़ा जा रहा है। उनके लिंकअप के इन रूमर्स की शुरुआत उन्हीं के एक कमेंट के चलते हुई। दरअसल रैपर ने एक्ट्रेस की एक ग्लैमरस तस्वीर पर कमेंट कर दिया। ये कमेंट इतनी तेजी से वायरल हुआ कि फैंस ने दोनों के बीच चल रही नजदीकियों को लेकर अटकलें लगना शुरू कर दिया है।

### हनी सिंह संग जुड़ा सीरत कपूर का नाम

जब 'रन राजा रन' फेम एक्ट्रेस सीरत कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिल्वर सीक्विन ड्रेस में कुछ तस्वीरें साझा कीं। ग्लैमरस और बोल्ड लुक में सीरत बेहद स्टाइलिश नजर आ रही थीं। इसके कुछ देर बार हनी सिंह ने तस्वीरों पर कमेंट करते हुए कमेंट किया। हनी पाजी का ये कमेंट देखकर उनके फैंस भी हैरान रह गए। हालांकि जब अभिनेत्री ने रैपर का कमेंट देखा तो उनका रिएक्शन भी देखने लायक रहा।

### सीरत के जवाब ने बटोरीं सुर्खियां

सीरत ने हनी सिंह के कमेंट का जवाब देते हुए लिखा- व्हाट ए प्लेजेंट सरप्राइज, थैंक्यू ओजी। सोशल मीडिया पर दोनों के इस एक्चेंज ऑफ वर्ड्स के बाद इस खबर को फैलते हुए ज्यादा देर नहीं लगी कि कहीं दोनों के बीच कुछ चल तो नहीं रहा। हालांकि दोनों की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ना ही इस बारे में कुछ भी कन्फर्म ढंग से कहा जा सकता है।

### टीना ढडानी संग रिश्ते में थे हनी

गौर करने वाली बात यह है कि हनी सिंह ने पिछले साल जनवरी में मॉडल और एक्ट्रेस टीना थडानी को अपने पार्टनर के तौर पर सार्वजनिक रूप से पेश किया था। लेकिन अप्रैल 2023 में दोनों ने अचानक एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर लिया और साथ की सारी तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। अब इस हालिया कमेंट के बाद चर्चा है कि क्या हनी सिंह की जिंदगी में कोई नया चैप्टर शुरू हो चुका है? बहरहाल फिलहाल हनी सिंह अपनी निजी जिंदगी में सिंगल है। पत्नी से तलाक के बाद अब तक उन्होंने दोबारा शादी नहीं की है। अब देखना होगा कि सीरत संग उनके डेटिंग के रूमर्स महज अफवाह ही निकलती है या फिर वाकई में उन खबरों में दम है।





# बॉर्डर 2 में आएंगी नजर मेधा राणा

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और वरुण धवन की आगामी फिल्म बॉर्डर 2 के एक-एक अपडेट का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर एक अहम जानकारी साझा करते हुए फिल्म की हीरोइन का एलान किया है, जिनका नाम है मेधा राणा। अब वरुण धवन के अपोजिट आप इस एक्ट्रेस को फिल्म में देख पाएंगे। बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 पर काम तेजी से चल रहा है। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़े कई फोटोज और वीडियोज आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। अब एक बार फिर से फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है, क्योंकि निर्माताओं ने एक नई कास्टिंग कर सभी को चौंका दिया है। प्रोडक्शन टीम ने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बताया कि बॉर्डर 2 में मेधा राणा बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आएंगी, जो वरुण धवन के अपोजिट किरदार में दिखेंगी। इसके अलावा मेकर्स ने कहा कि उन्हें यह खबर देते हुए खुशी हो रही है कि उनके बॉर्डर 2 परिवार में एक नई सदस्य आ गई हैं। 'बॉर्डर 2' का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मैं बलिया से बॉलीवुड आया तो मुझे इंग्लिश नहीं आती थी

बिहार के बलिया जैसी छोटी सी जगह से बॉलिवुड तक का सफर एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी के लिए आसान नहीं रहा। एक समय सीए की पढ़ाई करने वाले सिद्धांत को एक्टिंग की धुन ऐसी लगी कि वे एक्टर बन कर ही माने। गली बॉय, गहराइयां, खो गए तुम कहां जैसी कई फिल्मों से चर्चित रहे सिद्धांत इन दिनों अपनी फिल्म धड़क 2 से चर्चा में हैं। इस मुलाकात में वो अपने स्ट्रगल, माता-पिता, प्यार-मोहब्बत की नाकामी और खुद के साथ हुए भेदभाव पर खुलकर बात करते हैं।

**आप बिहार के बलिया जैसी छोटी-सी जगह से हैं, तो आपके लिए बलिया से लेकर बॉलीवुड तक का सफर कैसा रहा?**

सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- मैं समझता हूं कि मुझसे ज्यादा संघर्ष मेरे माता-पिता ने किया है। जिन परिस्थितियों में उन्होंने मुझे पाल-पोसकर बड़ा किया और जिस तरह से बेस्ट एजुकेशन दी, वो आसान नहीं था। जब मैंने कहा, मुझे बैंकर बनना है, तो उन्होंने उसे सपोर्ट किया। फिर जब मैं मुंबई आया, तो अपनी पूरी जिंदगी को छोड़कर मेरे अभिनय के सपने को पूरा करने यहां आए, तो उन्होंने मेरे लिए सबकुछ किया है। देखिए, सबसे मुश्किल होता है सदियों की कंडीशनिंग को तोड़ना। जाहिर सी बात है, हम ऐसे समाज से आते हैं, जहां लड़के को पढ़ाओ और सेटल करवाओ, का मामला होता है। मगर जब वह लड़का किसी और राह (फिल्म) चल निकलता है, तो रिश्तेदारों, पड़ोसियों से कट जाना कि कहीं कोई ये न पूछ ले कि तुम्हारा लड़का क्या कर रहा है? हमारा लड़का तो एमबीए कर रहा है, आईआईटी पास आउट हो चुका है। मगर वे किसी को क्या कहते कि वो तो बस्ता उठा कर ऑडिशन दे रहा है। फिट, नॉट फिट में उलझा हुआ है। मगर आज मैं बलिया से बॉलिवुड तक पहुंच पाया हूं, तो इसका श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है कि उन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

**आपकी फिल्म न केवल प्यार-मोहब्बत के जुनून को लेकर है बल्कि जातीय भेदभाव के मुद्दे पर भी वार करती है। आपने असल जिंदगी में डिस्क्रिमिनेशन कब महसूस किया?**

भेद-भाव कई चीजों को लेकर होता है। चाहे वो कास्ट, जेंडर, वेट हो, रंग हो, कपड़े हों, बोलचाल हो, हर कोई रोजमर्रा की जिंदगी में थोड़ा-बहुत डिस्क्रिमिनेशन तो सहता ही है। आप अगर मेरा निजी अनुभव पूछें, तो जब मैं बलिया से यहां आया था, तो मुझे इंग्लिश नहीं आती थी। हिंदी भी उतनी अच्छी नहीं थी। मैं भोजपुरी में बात करता था। कोई भी जब मुझसे बात करता, तो मैं बोल नहीं पाता था और बहुत डर जाता था। मुझे लगता, मैं गूंगा हूं, मुझे तो इंग्लिश नहीं आती और जो भाषा मेरी है, उस पर तो सभी हंस देंगे। आखिरकार लड़कियों से प्यार करने के चक्कर में मैंने इंग्लिश तो सीख ली। खैर मैं भाषा को लेकर होने वाले भेदभाव की बात बता रहा हूं। आप किसी मॉल या रेस्टॉरेंट में जाएं और वहां किसी चीज का दाम हिंदी में पूछें, तो आपको एक हेय लुक मिलता है। मगर उसी चीज को अंग्रेजी में पूछ लें, तो आपका रुतबा बढ़ जाता है। अपनी जनरेशन में मुझे भाषा को लेकर इन्फीरियोरिटी कॉम्प्लेक्स काफी देखने को मिल रहा है। चाहे वो हमारी इंडस्ट्री में ही क्यों न हो। हमारे यहां कोई भी हिंदी में बात करता ही नहीं। हम बना हिंदी फिल्म रहे हैं और सब चीजें इंग्लिश में होती हैं।

### आप कभी मर-मिटने वाले जुनूनी प्यार में पड़े हैं?

हां, हुआ है मेरे साथ। बहुत सारी मुश्किलात हुई हैं। सिद्धांत ने कहा- मैं प्यार के लिए घर से भागा भी हूं। सच कहूं तो मेरी पर्सनल लाइफ की लव स्टोरी का विलेन मेरी बेरोजगारी बन गई थी। मैं उस वक्त उस लायक नहीं था कि मैं जिम्मेदारी उठा पाऊं। ये तब की बात है, जब मैं अभिनय के क्षेत्र में आना चाहता था, मगर उन्हें वो मंजूर नहीं था, क्योंकि उसके पहले मैं सीए कर रहा था। जब मैं सीए कर रहा था, तो उनके मन में एक सिक्योरिटी थी कि मैं सीए बन जाऊंगा। मगर उसी दौरान मैं एक्टिंग के चक्कर में पड़ गया और उस वक्त मेरे पास दो रास्ते थे। या तो मैं अपने प्यार को अपना कर सीए बन जाऊं और जिंदगी भर घुटता रहूं कि काश मैंने अभिनय में किस्मत आजमाई होती या फिर मैं एक्टर बन जाऊं और इस रिश्ते को यहीं खत्म कर दूं। वो अफ़साना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन, उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा, हमारे बीच एक म्यूचल अंडरस्टेंडिंग हुई क्योंकि हमें लगा हम दोनों ही खुश नहीं रह पाएंगे। फिर उन्हें कितना इंतजार करने को कहता, क्योंकि किसे पता था कि अभिनय में कब चांस मिलेगा। मैंने उनसे आखिरी मुलाकात में वादा कि ये हमारा बिछड़ना जाया नहीं जाएगा।

# बल्लेबाजों के बाद गेंदबाज हुए फ्लॉप, जैक क्रॉली और बेन डकेट ने भारतीय बॉलर्स की बजाई बैंड

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इग्लैंड के बीच द ओवल में पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं द ओवल टेस्ट के दूसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय टीम 224 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने भारतीय गेंदबाजों की बैंड बजा दी है।

जैक क्रॉली और बेन डकेट ने आते ही भारतीय गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और 7 ओवर में ही टीम का स्कोर फिफ्टी के पार पहुंचा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम के माथे पर एक कलंक भी लगाया है।

टेस्ट मैचों में भारत के खिलाफ किसी सलामी जोड़ी ने सबसे ज्यादा 50+ साझेदारी का रिकॉ्ड अब सयुंकत रूप से जैक क्रॉल और बेन डकेट के नाम हो गया है। दोनों टेस्ट में अब तक 8 बार ये कारनामा कर चुके हैं।

इससे पहले वेस्टइंडीज की ओपनिंग जोड़ी गॉर्डन ग्रीनिज और डेसमंड हेन्स ने भीये कारनामा किया था। इस लिस्ट में इंग्लैंड के एलेस्टेयर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस की ओपनिंग जोड़ी भी है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और जस्टिन लैंगर, बिल लॉरी और बॉब सिम्पसन भी पहले विकेट के लिए 7-7 बार अर्धशतकीय साझेदारी कर चुके हैं।



# मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में विराट-धोनी और रोहित शर्मा के साथ दिखेंगे लियोनेल मेसी



**मुंबई (एजेंसी)।** फुटबॉल की दुनिया का बादशाह और अर्जेंटीना के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान लियोनेल मेसी 14 साल लंबे अंतराल के बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं। 13 से 15 दिसंबर के बीच अपने तीन दिन के भारत दौरे पर मेसी कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मेसी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर सम्मानित किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेसी भारत के स्टार क्रिकेट खिलाड़ियो के साथ वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट खेलते नजर आएंगे।

14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच में मेसी के साथ सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। सात-साथ खिलाड़ियों वाली टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दर्शकों मेसी की ड्रिब्लिंग की जगह क्रिकेट का क्लास देखने का मौका मिलेगा। ये भारतीय क्रिकेट और फुटबॉल फैंस के लिए एक अनोखा नजारा होगा।

एमसीए के एक अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, मेसी 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। संभावना है कि व पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों के साथ एक क्रिकेट मैच भी खेलेंगे। आयोजक जल्द ही सभी औपचारिकताओं के फाइनल होने के बाद पूरा शेड्यूल जारी करेंगे। मेसी इससे पहले साल 2011 में भारत आए थे। उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था। 14 सालबाद मेसी भारत आ रहे हैं तो उनके फैंस बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे हैं।

# शार्दुल ठाकुर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, दलीप ट्रॉफी में इस टीम की करेंगे कप्तानी



**मुम्बई (एजेंसी)।** पश्चिम क्षेत्र चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बीकेसी स्थित एमसीए की शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी में आज हुई चयन बैठक के बाद शार्दुल ठाकुर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई।

टीम में मुंबई के 7 खिलाड़ी, गुजरात के 4, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के 2-2 खिलाड़ी को जगह दी गई हैं। टीम में ठाकुर के अलावा मुंबई के बड़े नामों में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान शामिल हैं। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ भी टीम का हिस्सा हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में जगह नहीं मिली है।

मुंबई क्रिकेट संघ के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने सात अतिरिक्त खिलाड़ियों की एक विस्तृत सूची भी जारी की है जिसमें महेश पिठिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गजा, मुशीर खान और उर्विल पटेल शामिल हैं। टूर्नामेंट 28 अगस्त को दो क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू होगा। सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम चार सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फाइनल 11 सितंबर से खेला जाएगा। सभी मैच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर होंगे।

### पश्चिम क्षेत्र की टीम इस प्रकार है

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्य देसाई, हरविक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवले, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और अरजान नागवासवाला।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 14 रनों से हराया

**लॉडरहिल, (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने एक ओवर में तीन विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने शानदार वापसी करके वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैम अयूब के 38 गेंदों पर 57 रन की बदौलत छह विकेट पर 178 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में अच्छी शुरुआत से बावजूद सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा टी-20 मैच शनिवार और रविवार को लॉडरहिल में ही खेले जाएंगे।

सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (35) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्य कर रहे 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रयू (35) ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते वेस्टइंडीज को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन अपने पहले तीन ओवरों में 20 रन देने वाले नवाज ने नाटकीय ढंग से मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 12वें ओवर की शुरुआत में एंड्रयू को आउट किया और फिर चौथी तथा पांचवीं गेंद पर चार्ल्स और गुडाकेश मोती (00) के विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया।



कप्तान शाई होप (02) ने अगले ओवर में अयूब की फुल गेंद पर कैच थमा दिया। इस तरह से वेस्टइंडीज ने पांच रन पर चार विकेट गंवा दिए। नवाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अयूब ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। जेसन होल्डर (12 गेंदों पर नाबाद 30 रन) ने चार छक्के लगाए और शमर जोसेफ ने 12 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पाकिस्तान की ओर से नवाज के अलावा अयूब ने दो विकेट लिए। वहीं, शाहीन अफरीदी और सूफियान मुकीम को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले पाकिस्तान के लिए अयूब के अलावा शाहिबजादा फरहान ने 14 रन, फखर जमां ने 28 रन और हसन नवाज ने 24 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा मोहम्मद नवाज ने नौ रन, कप्तान सलमान आगा ने 11 रन और फहीम अशरफ ने 16 रन बनाए। मोहम्मद हारिस छह रन और कप्तान आगा नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए, जबकि होल्डर, अकील हुसैन और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला।

# कैंसर से पीड़ित थे डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर हल्क

सेन डियागो (एजेंसी)। डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर हल्क होगन की मौत दिल के दौरे से नहीं बल्कि कैंसर से हुई थी। वहीं पहले कहा गया था कि इस पहलवान की मौत दिल के दौरे से हुई है पर अब जांच रिपोर्ट से साफ हो गया है कि हल्क लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। इस रिपोर्ट के अनुसार 71 साल के हल्क को दिल की धड़कन में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा था पर इसके साथ ही वह सीएलएल कैंसर से भी पीड़ित थे। यह एक प्रकार का कैंसर है जो सफेद रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। होगन ने अपनी बीमारी की बात को इसलिए छुपाया था जिससे कि वह तरह फिट दिखें। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी साल मई में हुई गर्दन की सर्जरी के बाद उनकी हालत और भी ज़्यादा खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें दिल की समस्या हुई और उनकी मौत हो गयी। होगन की कैंसर की बीमारी का पता चलने पर उनके प्रशंसक हैरान हैं। डब्यलूडब्यलूई ने अपने तीनों शोज में उन्हें श्रद्धांजलि दी। होगन के सम्मान में 10 बेल सेल्यूट का आयोजन किया गया और इस दौरान कई सुपरस्टार्स बेहद दुखी थे। गौरतलब है कि डब्ल्यूडब्लयूई और पेशेवर कुश्ती को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हल्क की अहम भूमिका रही है।



# इंग्लैंड को लगा झटका, क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर

**लंदन (एजेंसी)।** अनुभवी इंग्लिश ऑलराउंडर क्रिस वोक्स केनिंग्टन ओवल में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस अनुभवी क्रिकेटर को पहले दिन कंधे में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह बाकी टेस्ट मैच से बाहर हो गए। वोक्स ओवल टेस्ट के पहले दिन तीसरे सत्र के दौरान चोटिल हुए। गेंद को बाउंड्री लाइन से बाहर जाने से रोकने की कोशिश करते हुए, क्रिस वोक्स अपनी बाईं कोहनी पर गिरकर घायल हो गए। गेंद इतनी जोरदार लगी कि उनके बाएं कंधे में गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद इंग्लिश टीम के फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, वोक्स पांचवें टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे और श्रृंखला के अंत में उनकी चोट का आकलन किया जाएगा। वोक्स का भारत के खिलाफ गेंदबाजी में प्रदर्शन बेहद खराब रहा, उन्होंने 9 पारियों में 98 के औसत स्ट्राइक रेट से 11 विकेट लिए। बल्ले से भी उनका प्रदर्शन उतना ही निराशाजनक रहा, उन्होंने 6 पारियों में 10.67 की बेहद खराब औसत से 64 रन बनाए।



ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच की बात करें तो वोक्स ने 14 ओवरों में मामूली सफलता हासिल की और भारत के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज केएल राहुल का बेशकीमती विकेट लिया जबकि उन्होंने 3.29 की इकॉनमी से 46 रन दिए। वोक्स पिछले कुछ वर्षों से इंग्लिश टेस्ट टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। 61 टेस्ट मैचों में इस अनुभवी क्रिकेटर ने 191 विकेट लिए हैं और बल्ले से 2034 रन भी बनाए हैं। हालांकि 36 साल की उम्र को देखते हुए कंधे की यह गंभीर चोट उनके प्रभावशाली टेस्ट करियर पर विराम लगा सकती है।

# नये लुक में नजर आये धोनी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपनी हेयर स्टाइल के कारण हमेशा ही सबके आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। वह अपनी हेयर स्टाइल में लगातार बदलाव करते रहते हैं। शुरुआत में वह लंबे बालों के लिए जाने जाते थे। वहीं इसके बाद उन्होंने बालों को छोटा कर दिया। वहीं अब वह एक नये हेयरकट के साथ ही नये लुक में नजर आ रहे हैं। इसमें 44 साल की उम्र के बाद भी वह युवा और स्टाइलिश दिख रहे हैं। नई तस्वीरों में स्पाइक हेयर में धोनी ने लाइट बीयर्ड लुक ट्राई किया है। इस दौरान वह काले रंग की टी शर्ट और आंखों में चश्मा लगाए थे। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। कई लोगों ने इससे लाइक किया है। धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने भी इस पर कमेंट करते हुए लिखा कि आप बहुत यंग लग रहे हैं। तो एक अन्य यूजर ने लिखा कि धोनी सुपरस्टार हैं। धोनी अपनी हेयर स्टाइल से कभी भी समझौता नहीं करते, चाहे आईपीएल का कोई नया सत्र हो या कोई और इवेंट हो, धोनी हर बार एक नई हेयर स्टाइल में नजर आते हैं। अपने करियर की शुरुआती दौर में उन्होंने लंबे बाल रखे थे। इसके बाद उन्होंने अपने बालों को गोल्डन कलर करवाया था। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद धोनी ने अपने बाल दान किए थे और वह गंजे हो गए थे। कभी धोनी छोटे तो कभी लंबे बालों में नजर आये। उनका हर एक लुक प्रशंसकों को खूब पसंद आता है। धोनी आईपीएल 2025 खेलने के बाद से आजकल अपने परिवसर के साथ समय बिता रहे हैं।

# हेनरी का कहर, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**बुलावायो (एजेंसी)।** मैट हेनरी (कुल नौ विकेट) और मिचेल सैंटनर (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में कल के दो विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज मैच के तीसरे दिन सुबह के सत्र में विलियम ओरूक ने निक वेल्च (चार) और विनसेंट मसेकेसा (दो) को आउटकर जिम्बाब्वे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन इसके शॉन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने संभलकर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई।



मिचेल सैंटनर ने शॉन विलियम्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। शॉन विलियम्स ने 66 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैट हेनरी ने क्रेग इरविन (53 गेंदों में 22 रन) और सिकंदर रजा (पांच) को अपना शिकार बना लिया। न्यूमैन न्यामहुरी (एक), ब्लेसिंग मुजारबानी (19) और टी तिसगा (27) को आउटकर जिम्बाब्वे को 67.1 ओवर में 165 के स्कोर पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड को जीत के लिए आठ रनों का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिए। विलियम ओरूर्क और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने महज एक ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाकर मुकाबला 9 विकेट से अपना नाम कर लिया। मैट हेनरी को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। इससे पहले जिम्बाब्वे पहली पारी में 149 रन के स्कोर पर ढेर हो गई थी। मैट हेनरी ने छह और नेथन स्मिथ ने तीन विकेट लिये थे। वहीं न्यूजीलैंड ने पहली पारी में डेवोन कॉन्वे (88) और डैरिल मिचेल (80) की शानदार पारियों की मदद से 307 रनों का स्कोर खड़ा कर 158 रनों की बढ़त ले ली थी।

# खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच, एआईएफएफ ने की घोषणा



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम का इंतजार खत्म हुआ.. और भारतीय फुटबॉल फेडरेशन ने टीम के नए कोच का ऐलान कर दिया है। दरअसल, कुवैत में जन्में खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच बनाया गया है। शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका ऐलान खुद किया। खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब दिलाया था। बता दें कि, 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे। महान स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। जमीन स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जिन्होंने भारत के हालिया संघर्षों के बाद पिछले महीने एआईएफएफ से नाता तोड़ लिया था। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में सेवा देने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जिन्होंने 2011 से 2012 तक ये पद संभाला था। वहीं खालिद जमील के लिए अपनी नई भूमिका में पहली चुनौती मध्य एशियाई फुटबॉल संघ नेशंस कप है। ये टूर्नामेंट 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय टेबल टेनिस टीमों ने 2026 लंदन डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली/इंदौर (एजेंसी)।** भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने लंदन में होने वाली प्रतिष्ठित 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने काठमांडू में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

एशियाई क्षेत्र से प्रत्येक वर्ग में केवल 16 कोटा स्थान उपलब्ध थे, जिसमें चार क्षेत्रीय चैंपियन (मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया) सीधे डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालीफाई करते हैं। भारतीय टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता साबित की।

पुरुष टीम, जिसमें आकाश पाल, रोनित भंजा, अनिर्बान घोष, पी.बी. अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे, पांच देशों के राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में अपराजित रही। उन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को एक समान 3-0 के स्कोर से हराया, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म और रणनीति को दर्शाता है।

इसी तरह, क्रितविका सिन्हा, सेलेनेदीप्ति सेल्वाकुमार, तनीशा कोटेचा, सायली वानी और सिंडरेला दास की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हीं चार प्रतिद्वंद्वी टीमों को 3-0 से मात दी। उन्होंने क्वालिफिकेशन के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया।

टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों को रोटेट करते हुए उभरती हुई प्रतिभाओं को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी दिया, जिससे टीम की बेंच स्ट्रेंथ और डब्ल्यूटीटीसी के लिए उनकी तैयारी का पता चलता है। लंदन 2026 में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए भारत का समय से पहले क्वालिफाई करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह न केवल क्षेत्रीय वर्चस्व को दिखाता है, बल्कि इस बड़े इवेंट के लिए तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रदान करता है, जहाँ वैश्विक रैंकिंग, ओलंपिक के निहितार्थ और राष्ट्रीय गौरव दांव पर होंगे।

# करुण सबसे लंबे समय के बाद अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

सिडनी । ओवल (ईएमएस)। आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले बल्लेबाज करुण नायर का बल्ला आंखिर चल ही गया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती मैचों में विफल रहे करुण ने मेजबान टीम के खिलाफ यहां जारी अंतिम अंतिम क्रिकेट टेस्ट में दबाव के बीच ही नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को संभाला। जब टीम के अन्य बल्लेबाज विफल हो रहे थे तो करुण ने एक छोर संभाले रखा और अपने पचास रन पूरे किये। करुण ने इस प्रकार 3149 दिनों के बाद 50 रन बनाये हैं। इससे पहले दिसंबर 2016 में उन्होंने अर्धशतक लगाया था। ये टेस्ट मैचों में दो अर्धशतकों के बीच दूसरा सबसे लंबा अंतराल है। वहीं भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दो टेस्ट अर्धशतकों के बीच सबसे लंबे अंतराल का रिकॉर्ड पूर्व क्रिकेटकीपर पार्थिव पटेल के नाम है। पार्थिव ने चौथा अर्धशतक साल अक्टूबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 और पांचवां अर्धशतक नवंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 67 के बीच सबसे लंबा अंतराल, 4426 दिन का है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक वह करुण ने जहां 52 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम अपनी अपनी पारी में 6 विकेट पर 204 रन बनाने में सफल रही। करुण ने अपनी करियर की शुरुआत में भी इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक 303 रन बनाये थे। इसके बाद वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण टीम से बाहर हो गये थे। करुण इस सीरीज के शुरुआती तीन मैच में असफल रहे जबकि चौथे मैच में उन्हें शामिल नहीं किया गया था।



# बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : भारत के सहायक कोच

**लंदन (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया।

पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की।' डोइशे ने आगे कहा, 'लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।'

ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं। यह पूछने पर डोइशे ने कहा, 'यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों।'

उन्होंने कहा, 'उन्हें बताना जरूरी है कि हम सभी फैसले सद्भावना से टीम के सर्वोत्तम हित में ले रहे हैं और इसी वजह से जो खिलाड़ी नहीं खेले हैं, वे शानदार रहे हैं, उन्होंने पूरी टीम को प्रशिक्षित किया है, लेकिन जब उन्हें टीम से बाहर रखा जाता है तो वे निराश होते हैं।'



## श्रीनगर कैंप से बीएसएफ का जवान हुआ लापता, पुलिस में गुमशुदगी दर्ज

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर कैंप से बीएसएफ का एक जवान लापता हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी अनुसार लापता जवान की खोज में सुरक्षाबल और स्थानीय प्रशासन लगा रहा, लेकिन जब जवान का कोई सुराग नहीं मिला तो स्थानीय पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी अनुसार, बीएसएफ के जवान सुगम चौधरी 31 जुलाई की शम को अपने बटालियन मुख्यालय, पंथाचौक से अचानक गायब हो गए। उनके लापता होने पर बीएसएफ की टीम ने तुरंत ही आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन जवान का कोई अता-पता नहीं मिला। इसके बाद ही बीएसएफ यूनिट ने स्थानीय पुलिस स्टेशन पंथाचौक में जवान के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट लिखे जाने के बाद पुलिस और बीएसएफ संयुक्त रूप से मामले की जांच करने में जुट गए हैं। लापता हुए जवान की तलाश के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बीएसाएफ से प्राप्त जानकारी अनुसार बीएसएफ की 60वीं बटालियन के जवान सुगम चौधरी 31 जुलाई की देर रात को बटालियन मुख्यालय पंथाचौक से लापता हुए हैं और उनकी तलाश में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल सका है।



## आपत्तिजनक पोस्ट से पुणे के यावत गांव में तनाव... पुलिस इलाके में मौजूद

महाराष्ट्र (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे जिले के यावत गाँव में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस का कहना है कि गाँव में एक हफ़्ते पहले एक घटना हुई थी, इसकारण यहाँ पहले से ही स्थिति तनावपूर्ण थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढाँचे में तोड़फोड़ करने की कोशिश की। लेकिन घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस इलाके में मौजूद है। पुलिस ने बताया कि यवत गाँव में दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है। शिकायत के बाद लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। कार्रवाई शुरू की गई। कुछ गाँव वाले भी वहाँ पहुँचे। हमारी पुलिस टीम ने गाँव में शांति बनाए रखने के लिए गाँव के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू की। लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर संदेश वायरल हो गया था। एक सप्ताह पहले गाँव में एक घटना हुई थी, इसलिए यहाँ स्थिति पहले से ही तनावपूर्ण थी इसलिए क्योंकि भावनाएँ पहले से ही बढ़ गई थीं, ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक संरचना में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस प्रशासन ने यहाँ प्रतिक्रिया दी और गाँव में गश्त की। स्थिति अभी शांतिपूर्ण है।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इन उग्रवादियों का संबंध प्रतिबंधित संगठनों से है और इनके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों और उनके संगठनों में मोइरंगथेम बिरमानी मेइती, स्वयंभू सेना प्रमुख, कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा), स्थान- बिष्णुपुर जिले के फुबाला पट्टन, गिरफ्तारी- बृहस्पतिवार को। केइशम विल्सन सिंह (18) और थोकचोम सनाथोई मेइती (22), सदस्य, कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल), स्थान- थौबल जिले का सलुंगफाम बाजार, आरोप- छोटे व्यवसायों से जबरन वसूली है और इनके पास से बरामदगी 9एमएम पिस्तौल, मैगजीन, तीन कारतूस हैं। तेलेम नाओबा सिंह (29) सक्रिय कार्यकर्ता, पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रो), स्थान- इंफाल पूर्व जिले के खुरई चैरेनथोंग, गिरफ्तारी बृहस्पतिवार को और इनके पास से हथियारों और विस्फोटकों की बरामदगी हुई है। स्थान- चुराचांदपुर जिले के गेलजंग क्षेत्र से बरामदगी, एक एके राइफल, एक मैगजीन, तीन डेटोनेटर, दो रेडियो सेट, एक आईईडी कैप, तीन देसी मोर्टार हैं। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादी संगठनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। सुरक्षा बलों ने कई क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया है, जिससे आगे और भी गिरफ्तारियां संभव हैं।

## गोरखपुर कलेक्ट्रेट में बवाल : वकील और मजदूरों में झड़प, पुलिस फोर्स तैनात

गोरखपुर (एजेंसी)। शुक्रवार सुबह गोरखपुर कलेक्ट्रेट परिसर हिंसा और हंगामे का गवाह बना, जब वकीलों और निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के बीच तीखी झड़प हो गई। सुबह करीब 11 बजे हुई इस घटना ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया और अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया, टीनशेड तोड़ दिए और जेसीबी पर पत्थरबाजी भी की। जानकारी अनुसार विवाद उस समय शुरू हुआ जब कुछ वकील कलेक्ट्रेट भवन में प्रवेश करना चाह रहे थे। वकीलों का आरोप है कि निर्माण कार्य के चलते ठेकेदार के मजदूरों ने उन्हें अंदर जाने से रोका। विरोध करने पर मजदूरों ने बार एसोसिएशन के मंत्री सीपी मिश्रा के साथ मारपीट की, जिसमें उनके हाथ में चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और वकीलों को समझाने की कोशिश की। बात न बनने पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव और सीओ गोरखनाथ रवि सिंह सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कैंट, गोरखनाथ, शाहपुर और रामगढ़ताल थाने की पुलिस को तैनात किया गया। यहां बताते चलें कि कलेक्ट्रेट परिसर में भवन निर्माण कार्य चल रहा है और कई जगह बैरिकेडिंग की गई है। वकीलों का कहना है कि आने-जाने के लिए रास्ता नहीं छोड़ा गया, जिससे रोजाना असुविधा हो रही है। वे पहले से ही इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन शुक्रवार को विवाद हिंसक हो गया।

# केंद्रीय मंत्री रिजिजू का हमला, राहुल गांधी कोई बच्चे नहीं... देश के सम्मान को बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए

### संसद के बाधित होने का सबसे बड़ा नुकसान विपक्षी दलों को



**बीकानेर (एजेंसी)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर कार्यवाही बाधित करने और भारत विरोधी बयान देने का आरोप लगाकर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कोई बच्चे नहीं हैं और उन्हें देश के सम्मान को बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार इसतरह के बयान दे रहे हैं जो भारत विरोधी हैं और यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय अर्थव्यवस्था और छवि के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। रिजिजू ने दावा किया कि कई विपक्षी दलों के नेताओं ने भी राहुल गांधी के इन बयानों की निंदा की है। राहुल गांधी कोई बच्चे नहीं हैं, यह हर भारतीय का कर्तव्य है, और विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें समझना चाहिए कि देश विरोधी बयान देना और संसद को बाधित करना सही नहीं है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने मानसून सत्र के पहले दिन से ही विपक्ष पर हंगामा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि विपक्ष की मांग पर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई थी, जिसमें सभी दलों ने भाग लिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि एक बार जब एक विषय पर चर्चा समाप्त हो जाती है, तब विभिन्न दलों द्वारा नोटिस दिए जाते हैं, लेकिन बहस शुरू होते ही वे सदन के वेल में आ जाते हैं। रिजिजू ने विपक्ष पर सदन को चलने नहीं देने और फिर यह आरोप लगाने की निंदा की कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संसद की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। उन्होंने फिर कहा कि कि संसद के बाधित होने का सबसे बड़ा नुकसान विपक्षी दलों के सदस्यों को हो रहा है, क्योंकि वे लोगों की आवाज और सवाल नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जनता के आशीर्वाद से और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से काम कर रही है।

#### एसआईआर पर चर्चा से इंकार

एसआईआर (सर्वोच्च न्यायालय की आंतरिक रिपोर्ट) पर बहस की विपक्ष की मांग के बारे में, रिजिजू ने स्पष्ट किया कि सरकार नियमों के अनुसार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती, क्योंकि यह एक संवैधानिक संस्था द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया है और यह पहली बार नहीं हो रहा है।

## नौसेना के युद्धपोत पर पहुंचे महानायक... मुझे उन सैनिकों पर गर्व है जो हमारे लिए सब कुछ समर्पित कर देते

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सैनिकों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को फिर सलाम किया है। अमिताभ ने भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर एक दिन बिताने के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति प्रशंसा और गर्व व्यक्त किया। बिग बी ने पोस्ट कर लिखा.....'मेरे जीवन का अनुभव, नौसेना के युद्धपोत पर पूरा दिन बिताया... हमारी लड़ाकू सेनाओं के लिए गर्व और सम्मान। अमिताभ ने युद्धपोत पर बिताए दिन की तस्वीरें साझा कीं और सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की कहानियों का जिक्र किया। उन्होंने लिखा, ''हम सुनते हैं कि हमारे सैनिक हमारे लिए अपने प्राणों का बलिदान देते हैं। हम उनकी वीरता की कहानियां सुनते हैं, जिससे हम सुरक्षित हैं और चैन की नींद लेते हैं। महानायक ने कहा कि हम अपने घरों में आराम से रहते हैं, जबकि वे हमारी सुरक्षा और शांति के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। ''मैं आज एक सीख लेकर लौटा हूं। मुझे लगता है जैसे कोई अदृश्य शक्ति मुझे सेनाओं की उस सच्चाई के सामने ले गई, जो अक्सर अनदेखी कर दी जाती है। अमिताभ ने गर्व के साथ कहा कि मैं भारत का नागरिक हूं और मुझे उन सैनिकों पर गर्व है जो हमारे लिए सब कुछ समर्पित कर देते हैं। भारत माता की जय!



## कांग्रेस नेता ने कहा- भगवा नहीं हिंदुओं को आतंकी कहिए, मचा बवाल



**मुंबई (एजेंसी)।** मालेगांव बम धमाके के सभी सात आरोपियों की अदालत से रिहाई के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि भगवा आतंकवाद शब्द का प्रयोग न करें। अगर करना ही है तो 'सनातनी आतंकी' या 'हिंदू आतंकी' कहें। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कहा कि असल में आतंकवाद का कोई धर्म या जाति नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि इस केस को जानबूझकर कमजोर किया गया और इसकी निष्पक्ष जांच नहीं हुई। चव्हाण ने कहा, मालेगांव में विस्फोट तो किसी ने किया ही था। मुझे पहले से ही अंदेशा था कि इस केस का यही नतीजा होगा, क्योंकि यह मामला यूपीए सरकार के समय शुरू हुआ था और फिर बीजेपी सत्ता में आ गई। एनआईए ने इस केस को कमजोर किया। एनआईए किसके नेतृत्व में काम कर रही है?चव्हाण ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में जवाबदेही की कमी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, अगर जिन लोगों को बरी किया गया है उन्होंने धमाका नहीं किया, तो फिर किया किसने? यही हाल ट्रेन ब्लास्ट केस में भी हुआ। उन लोगों के परिवारों को क्या जवाब देंगे जिन्होंने अपने परिजन खोए?इस दौरान चव्हाण ने भगवा आतंकवाद शब्द के उपयोग पर भी टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी दलों ने चव्हाण पर सांप्रदायिक भावना भड़काने का आरोप लगाया है।29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव शहर में हुए बम विस्फोट में 6 लोगों की मौत और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। मामले की जांच में कई बार मोड़ आए और मुकदमा 17 साल तक चला। अंततः सभी सातों आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

# ऑपरेशन महादेव: एक लाहौर से, दूसरा पीओके से... हमलावरों की पाकिस्तानी आईडी सामने आई

### और कितने सबूत चाहिए विपक्षी दलों को



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन महादेव के तहत हुई मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया गया है, और उनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में हुई है। 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 बेकसूर लोग मारे गए थे, जिससे पूरे देश में आक्रोश था। अब सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन महादेव' के तहत लिदवास इलाके में हुई एक मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया गया।

मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में हुई है। इसमें से एक आंतकी लाहौर का निवासी था, जबकि दूसरा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से था। तीसरे की भी पाकिस्तानी नागरिकता की पुष्टि की जा रही है। पाकिस्तानी आईडी और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े ट्रेनिंग वीडियो आतंकियों के पास से बरामद हुए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में सामने आया है कि ये तीनों आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सक्रिय सदस्य थे और पिछले तीन महीनों से भारत में छिपे हुए थे। सुरक्षा बलों द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ मददगारों ने इनकी पहचान सुलेमान, अफगानी और जिबरान के रूप में की है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद मिशन की निगरानी की। उन्होंने चंडीगढ़ फोरेंसिक लैब से अंतिम रिपोर्ट आने तक सोमवार की पूरी रात जागकर वैज्ञानिकों से फोन और वीडियो कॉल पर बात की। उन्होंने लोकसभा में बताया कि छह वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि मुठभेड़ में बरामद हथियार वहीं हैं जिससे पहलगाम में हमारे बेकासूर भाईयों पर गोलियां चली थीं।

मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों के पास से एक एम9 और दो एके-47 राइफलें बरामद हुई। इन हथियारों को खास विमान से श्रीनगर से चंडीगढ़ फोरेंसिक लैब लाया गया। अहमदाबाद से एक विशेष मशीन मंगाई गई, जो बुलेट केसिंग मिलान के लिए जरूरी थी। चंडीगढ़ लैब में टेस्ट फायरिंग की गई, जिसमें गोली के खोल बैसरन घाटी से मिले सबूतों से 99 प्रतिशत मेल खाते निकले। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण था कि मारे गए आतंकी ही पहलगाम हमले के दोषी थे।

बात दें कि पहलगाम हमले के तुरंत बाद शाह खुद कश्मीर गए और स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आतंकी पाकिस्तान वापस न लौट सके। सुरक्षा एजेंसियों ने करीब 8 किलोमीटर लंबे संभावित भागने वाले रास्ते को चिन्हित कर कड़ी सुरक्षा में लिया। सुरंगों को खोजकर बंद किया गया ताकि आतंकी भाग न सकें। इन सख्त उपायों के कारण तीनों आतंकी तीन महीने तक छिपे रहे, और उन्हें इस दौरान कोई और हमला करने या भागने का मौका नहीं मिला। उनकी मुठभेड़ में मौत के बाद यह भी साफ हो गया कि उनके हथियारों से आखिरी बार बैसरन में ही गोली चली थी।

## उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव नौ सितंबर को होगा : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोग के अनुसार उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अधिसूचना सात अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। आयोग ने कहा कि यदि मतदान की जरूरत हुई तो यह नौ सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। उपराष्ट्रपति पद 21 जुलाई को निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हो गया था। निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्यसभा महासचिव को निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा सचिवालय के दो अधिकारियों को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के पात्र होते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 सदस्य शामिल होते हैं।

# मालेगांव विस्फोट मामले में मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का दबाव था

### महाराष्ट्र एटीएस के पूर्व अधिकारी का दावा- मैंने आदेश का नहीं किया पालन



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में हुए विस्फोट मामले की जांच करने वाले महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते के एक पूर्व पुलिस अधिकारी ने दावा किया है कि उन पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का दबाव था। इस मामले में बीजेपी की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों को बरी करने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र एटीएस के रिटायर्ड इन्सपेक्टर महबूब मुजावर ने कहा कि भागवत को गिरफ्तार करने के आदेश का उद्देश्य 'भगवा आतंकवाद' को स्थापित करना था।

उन्होंने सोलापुर में कहा कि कोर्ट के फैसले ने एटीएस के फर्जीवाड़े को नकार दिया है। शुरू में एटीएस ने मामले की जांच की थी, लेकिन बाद में इसे एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया था। मुजावर ने एक वरिष्ठ अधिकारी का नाम लेते हुए कहा कि इस फैसले ने एक फर्जी अधिकारी द्वारा की गई फर्जी जांच को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए विस्फोट की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा थे, जिसमें छह लोग मारे गए थे और 101 घायल हुए थे।

उन्होंने दावा किया कि उन्हें मोहन भागवत को 'गिरफ्तार' के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि एटीएस ने उस समय क्या जांच की और क्यों... लेकिन मुझे राम कलसांगरा, संदीप डांगे, दिलीप पाटीदार और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बारे में कुछ गोपनीय आदेश दिए गए थे। ये सभी आदेश ऐसे नहीं थे कि उनका पालन किया जा सके। मुजावर ने कहा कि दरअसल उन्होंने उनका पालन नहीं किया क्योंकि उन्हें हकीकत पता थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोहन भागवत को पकड़ना मेरी क्षमता से परे था। मैंने आदेशों का पालन नहीं किया, इसलिए मेरे खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया और इसने मेरे 40 साल के करियर को बर्बाद कर दिया। मुजावर ने कहा कि उनके पास अपने दावों के समर्थन के सबूत हैं। उन्होंने कहा कि कोई भगवा आतंकवाद नहीं था। सब कुछ फर्जी था।

## स्कूल के पानी के टैंक में जहर मिलाने पर भड़के सीएम सिद्धारमैया, बताया आतंकवादी कृत्य



**बैंगलोर (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शिवमोगा जिले में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के पानी के टैंकों को शरारती तत्वों द्वारा कीटनाशक से दूषित करने और चार बच्चों के बीमार पड़ने की चौंकाने वाली घटना पर शुक्रवार को प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आतंकवादी कृत्य बताया। यह घटना गुरुवार को शिवमोगा जिले के होसानगरा तालुक के हुविनाकोण गाँव की है। सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य सरकार ने उस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है जिसमें बदमाशों ने सरकारी प्राथमिक विद्यालय के पीने के पानी के टैंक में कथित तौर पर कीटनाशक मिला दिया था। मेरे विचार से, मासूम बच्चों की सामूहिक मौत के इरादे से किया गया यह जघन्य कृत्य किसी आतंकवादी हमले से कम नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय के रसोइया कर्मचारियों की सतर्कता की बदौलत एक बड़ा हादसा टल गया। मैं समय पर हस्तक्षेप करने के लिए रसोई कर्मचारियों की सराहना करता हूँ। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को मामले की गहन जाँच करने, इस कृत्य के दोषियों की पहचान करने और उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा दिलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण कोई व्यक्ति पीने के पानी में ज़हर मिलाता है, वह हमारे समाज में मानवता के नैतिक पतन को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सभी को इस पर गहराई से विचार करना चाहिए।÷ गुरुवार को, सरकारी स्कूल में दो पानी की टंकियाँ दूषित पाई गईं, जिनमें से एक में कीटनाशक की मात्रा बहुत ज़्यादा थी। यह मामला तब सामने आया जब कुछ छात्रों ने दूसरे टैंक के पानी से हाथ धोते समय दुर्गंध महसूस की। कुछ असामान्य महसूस होने पर, उन्होंने शिक्षकों को सूचित किया। कथित तौर पर दूषित पानी से हाथ धोने वाले चार बच्चे बीमार पड़ गए। उन्हें होसानगर अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। तहसीलदार रश्मि हलेश अन्य अधिकारियों के साथ स्कूल पहुँचीं और मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

# अभी नहीं रुकेगी बारिश, अगस्त-सितंबर में भी लोगों को नहीं मिलेगी राहत

**-इस साल बिहार, बंगाल और ओडिशा में अब तक सामान्य से कम बारिश**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पश्चिम यूपी जैसे इलाकों में इस साल अच्छी बारिश हुई है। गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली के तमाम इलाकों में जोरदार बारिश हुई है। कई मोहल्ले और सोसायटियों में तो लगातार पानी भरने की शिकायतें आती रहती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगस्त और सितंबर में भी सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगस्त में सामान्य बारिश होगी। इसके अलावा सितंबर में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। दो महीने में 106 फीसदी बारिश होगी, जो सामान्य से 6 फीसदी ज्यादा है। ऐसा देश के सभी हिस्सों में नहीं होगा। इस साल यूपी, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब और उत्तराखंड में अच्छी बारिश होगी। पूर्वी भारत, मध्य भारत और पश्चिमी भारत के ज्यादातर राज्यों में बारिश सामान्य से कम होगी। इस साल बिहार, बंगाल और ओडिशा में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है।

आमतौर पर उत्तर बिहार में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने ब्लॉक स्तर पर भी बारिश का अनुमान जताया है। पूरे देश के 7,200 ब्लॉकों का मौसम कैसा रहेगा, कब बारिश होगी और कब आसमान साफ रहेगा इसकी जानकारी ब्लॉक-वाइज रेनफॉल मॉनिटरिंग स्कीम के जरिए की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि इसके जरिए रियलटाइम जानकारी मिलेगी। अब तक मौसम विभाग की ओर से जिलावार जानकारी दी जाती थी। माना जा रहा है कि अब मौसम विभाग का अनुमान सटीक हो सकेगा।

आमतौर पर जिला स्तर के अनुमान में किसी एक हिस्से में बारिश होती थी और कहीं नहीं होती थी। इसे लोग मौसम विभाग के अनुमान से जोड़ते थे कि वह गलत साबित हुआ। अब ब्लॉक लेवल पर अनुमान लगाया जाएगा। मौसम विभाग ने जून और जुलाई की मॉनसून बारिश का भी आंकड़ा दिया है। मौसम विभाग ने कहा कि जून और जुलाई में ज्यादातर राज्यों में सरप्लस बारिश हुई, लेकिन मध्य, पश्चिम और पूर्वी भारत के कई राज्यों में अनुमान से कम बारिश हुई है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**